रांची, सोमवार
03-08-2026
वर्ष : 01, अंक : 82
पृष्ट : 12
मूल्य 04 रू, मात्र
रांची से प्रकाशित

# रफ्तार मीडिया

RANCHI, चैत्र कृष्ण पक्ष-12 ₹04 RNI No.-JHHIN/26/A3481 www.raftaarmedia.com

## सावन में श्रद्धालुओं को झारखंड सरकार का तोहफा
## 4 अगस्त से देवघर-बासुकीनाथ हेलिकॉप्टर सेवा शुरू

वरिय संवाददाता शंकर ठाकुर

रांची- सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार ने हेलिकॉप्टर सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है। यह सेवा 4 अगस्त से प्रारंभ होगी, जिससे श्रद्धालु देवघर और बासुकीनाथ के हवाई दर्शन के साथ-साथ दोनों धामों के बीच हेलिकॉप्टर यात्रा का भी लाभ उठा सकेंगे।

मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सेवा के संचालन के लिए बेल-407 हेलिकॉप्टर उपलब्ध कराया जाएगा। श्रद्धालु अग्रिम टिकट बुकिंग के माध्यम से निर्धारित शुल्क पर इस सेवा का लाभ उठा

सकेंगे। श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए चार प्रकार के हेलिकॉप्टर पैकेज उपलब्ध कराए जाएंगे। देवघर और बासुकीनाथ के आकाशीय दर्शन के लिए प्रति व्यक्ति 2,850 रुपये, विस्तृत देवघर दर्शन के लिए 3,750 रुपये, जबकि देवघर से बासुकीनाथ तक एकतरफा हेलिकॉप्टर यात्रा का किराया 4,500 रुपये निर्धारित किया गया है।

देवघर में इस सेवा के सफल संचालन के लिए कैप्टन अमितेष आनंद को विभागीय प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। वे अस्थायी हेलीपैड, टिकट बुकिंग काउंटर, अस्थायी कार्यालय, प्रचार-प्रसार और अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। वहीं, देवघर के उपायुक्त को हेलीपैड, टिकट काउंटर और विभागीय प्रतिनिधि के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि इस पहल से श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी और धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### हेलिकॉप्टर सेवा के प्रमुख पैकेज

- देवघर आकाशीय दर्शन (7ङ्क10 मिनट) ङ्क2,850 प्रति व्यक्ति
- बासुकीनाथ आकाशीय दर्शन (7ङ्क10 मिनट) ङ्क2,850 प्रति व्यक्ति
- देवघर विशेष परिदर्शन (10ङ्क15 मिनट) ङ्क3,750 प्रति व्यक्ति
- देवघर से बासुकीनाथ एकतरफा यात्रा (लगभग 15 मिनट) ङ्क ?4,500 प्रति व्यक्ति

**पटना समेत 8 जिलों में तेज बारिश ; बेगूसराय के 60 घरों में घुसा पानी, सीतामढ़ी में अस्पताल डूबा**

## बांका में बिजली गिरने से 6 मौतें..7 झुलसे

एजेंसी पटना

बिहार के कई जिलों का मौसम रविवार सुबह से ही बदला हुआ है। बेगूसराय, छपरा, बांका, सुपौल, पूर्णिया, सीतामढ़ी और मधेपुरा में भी तेज बारिश हुई। बगहा में बीती रात से बारिश हो रही है। पटना में भी तेज बारिश शुरू हो गई है। सीतामढ़ी में भारी बारिश के बाद सदर अस्पताल परिसर में एक से दो फीट पानी भर गया है। इसके अलावा कई मोहल्ले की सड़कों पर पानी भर गया है। बेगूसराय के भजनी मोहल्ला के 60 से अधिक घरों में पानी घुस गया है। वहीं, बांका में अलग-अलग जगहों में आकाशीय बिजली की गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। 7 लोग झुलसे हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। 4 जिलों मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज में भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान करीब 40च्यद्वश्रद्ध की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 5-6 अगस्त तक बिहार में बारिश की गतिविधियां और बढ़ सकती हैं।

### पिछले 24 घंटे में कैसा रहेगा मौसम

शनिवार को कैमूर का तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया। शनिवार को यहां का तापमान 39.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं शेखपुरा का तापमान 38.4 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि, शाम होते ही शेखपुरा में तेज बारिश शुरू हो गई। शेखपुरा में करीब 1 घंटे की बारिश में शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए। यहां के स्छह ऑफिस में 3 फीट तक पानी भरा है। शेखपुरा के अलावा गोपालगंज में भी तेज बारिश हुई। नालंदा समेत कई जिलों में बादल छाए रहे।

### आगे कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग ने 2 से 5 अगस्त के बीच धीरे-धीरे बारिश की गतिविधियां बढ़ने का पूर्वानुमान जारी किया है। हालांकि बारिश के आसार कम हैं। 2 अगस्त से उत्तर बिहार में भारी बारिश होगी। 5 अगस्त से दक्षिण बिहार में मानसून की सक्रियता बढ़ेगी।

3 अगस्त- पटना, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, बांका, जमुई, भोजपुर और बक्सर समेत कई जिलों में बादल छाए रहेंगे। दिनभर रुक-रुक कर हल्की बारिश और गरज-चमक की संभावना।

**4 अगस्त-** कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, गया, नवादा, भोजपुर, बक्सर, सारण, गोपालगंज और सीवान में हल्की बारिश के साथ मेघगर्जन की संभावना। उत्तर-पूर्वी बिहार के जिलों में भी बारिश का दौर जारी रह सकता

**5 अगस्त-** किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल, मधेपुरा, सहरसा और मधुबनी में अच्छी बारिश होने की संभावना। पटना, नालंदा, गया, भोजपुर, बक्सर और रोहतास समेत अन्य जिलों में छिटपुट बारिश और बादल छाए रहेंगे

**6 अगस्त-** बिहार के कई जिलों में बादल और हल्की बारिश का दौर जारी रह सकता।

## पीएम बोले- भारत में ड्रग्स सप्लाई आतंकी साजिश का हिस्सा

### दुश्मन देश युवाओं को नशे में धकेलना चाहते हैं; हमें उनकी प्लानिंग नाकाम करनी है

एजेंसी नई दिल्ली

पीएम मोदी ने रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि भारत में ड्रग्स की सप्लाई दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है।

पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने संबोधन में कहा- दुश्मन देश भारतीय युवाओं को नशे के जाल में धकेलना चाहते हैं। इस साजिश को मिलकर नाकाम करना होगा।

विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से फिट होने के साथ नशे से भी दूर रहेगा।

उन्होंने बताया कि अगले 100 सप्ताह तक हर रविवार कला, संस्कृति, खेल और अन्य गतिविधियों के जरिए नशा मुक्ति का संदेश देशभर में पहुंचाया जाएगा। पीएम ने युवाओं से इस अभियान का नेतृत्व करने और 2047 तक विकसित भारत बनाने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

#### 1. नशा सपनों और परिवार दोनों को तोड़ देता है

पीएम मोदी ने कहा कि नशा युवाओं का फोकस भटकाकर उन्हें धीरे-धीरे उनके सपनों से दूर ले जाता है। आज भारत के युवा स्टार्टअप, ढ्ढ और स्पेस जैसे क्षेत्रों में दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं, लेकिन अगर कोई युवा ड्रग्स की गिरफ्त में आ जाए तो सिर्फ उसका सपना ही नहीं, पूरा परिवार हार जाता है। नशा एक पिता के सपनों और बहन की उम्मीदों को भी तोड़ देता है।

2. दुश्मन देश ड्रग्स के जरिए युवाओं को निशाना बना रहे

नशा केवल व्यक्ति को नहीं, बल्कि राष्ट्र की ताकत को भी कमजोर करता है। दुश्मन देश भारतीय युवाओं को ड्रग्स के जाल में फंसाने की साजिश रचते हैं। सरकार नशे के कारोबारियों और तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है।

3. ड्रग्स थोड़ी देर का हाई, लेकिन जिंदगीभर का नुकसान

**गोवा में कांग्रेस-जीएफपी में गठबंधन पर चर्चा:आपने साथ आने के संकेत दिए**

एजेंसी गोवा

गोवा में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए विपक्षी दलों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस और गोवा फॉरवर्ड पार्टी ने गठबंधन को लेकर शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने भी गठबंधन के संकेत दिए हैं। गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडंकर ने बताया कि उन्होंने प्रमुख विजय सरदेसाई के साथ गठबंधन को लेकर चर्चा की है। दोनों नेताओं की शनिवार को दक्षिण गोवा के फतोरदा शहर में मुलाकात हुई थी। कांग्रेस और जीएफपी ने 2022 का विधानसभा चुनाव भी साथ मिलकर लड़ा था। चोडंकर ने कहा कि शनिवार को हुई बातचीत शुरुआती दौर की थी। गठबंधन को आगे बढ़ाने पर अभी फैसला लिया जाना बाकी है। उन्होंने बताया कि सीट शेयरिंग समेत अन्य मुद्दों को अंतिम रूप देने के लिए वे जल्द ही फिर से मुलाकात करेंगे।

### आप ने कहा- समान विचारधारा वाले दलों से गठबंधन के लिए तैयार

वहीं आम आदमी पार्टी गोवा के अध्यक्ष वाल्मीकि नाइक ने शनिवार को अपनी पार्टी की उस कमेटी के साथ बैठक की, जिसे समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन पर फैसला लेने की जिम्मेदारी दी गई है। नाइक ने पत्रकारों से कहा कि क्कसमान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन के लिए

### अगले साल चुनाव, बीजेपी का लगातार चौथी बार सरकार बनाने का लक्ष्य

तैयार है। पार्टी का मुख्य लक्ष्य बीजेपी सरकार को हराना है।आप ने 2022 में 40 सीटों में 39 पर अपने उम्मीदवार उतारे और अलग चुनाव लड़ा।क्कने 2 सीटें (बेनेउलिम और वेलिम) जीतीं और पहली बार गोवा विधानसभा में पहुंची। चुनाव के बाद आप के दोनों विधायक पार्टी में बने रहे।

### लगातार 3 बार से सत्ता में बीजेपी, अभी 33 विधायक

गोवा की 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव फरवरी-मार्च 2027 में होने की संभावना है। अभी बीजेपी 33 विधायकों के समर्थन से सत्ता में है। इनमें से 28 विधायक बीजेपी के हैं, तीन निर्दलीय हैं और दो विधायक महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 40 में से 20 सीटें जीती थीं। बाद में कांग्रेस के 8 विधायक बीजेपी में शामिल हो गए, जिससे पार्टी का बहुमत और मजबूत हो गया। अब बीजेपी ने 2027 के चुनाव में 30 से ज्यादा सीटें जीतकर लगातार चौथी बार सरकार बनाने का लक्ष्य तय किया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास रहे सिविल लाइंस स्थित फ्लैगस्टाफ रोड के बंगले को राज्य सरकार स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने की तैयारी कर रही है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, इस प्रस्ताव पर सरकार अंतिम फैसला लेने के करीब है। बंगला नंबर-6 को अन्य राज्य अतिथि गृहों की तरह विकसित किया जाएगा। यहां बाहर से आने वाले मंत्री और सरकारी अधिकारी ठहरेंगे।

## कर्नाटक में जल्द हो सकता है कैबिनेट विस्तार

### डीके शिवकुमार और कांग्रेस आलाकमान की दिल्ली में बैठक ; 20 नए मंत्री शामिल हो सकते हैं

एजेंसी बेंगलुरू

कर्नाटक में मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ लेने के करीब दो महीने बाद भी मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ है।

शिवकुमार और राज्य के कई कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आलाकमान से मुलाकात की। यहां कैबिनेट विस्तार पर चर्चा हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 20 नए मंत्रियों के नाम आज तय हो सकते हैं। वहीं, अगले सप्ताह शपथ ग्रहण हो सकता है। अभी कैबिनेट में सीएम समेत 14 मंत्री हैं।

कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार और डिप्टी सीएम जी परमेश्वर ने गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से दिल्ली में मुलाकात की।

#### कर्नाटक की कैबिनेट में 34 मंत्री शामिल हो सकते हैं

डीके शिवकुमार ने 3 जून को उपमुख्यमंत्री जी परमेश्वर और 12 अन्य मंत्रियों के साथ शपथ ली थी। कर्नाटक में संवैधानिक रूप से मुख्यमंत्री सहित कुल 34 मंत्री हो सकते हैं, जिसके चलते अभी भी लगभग 20 पद खाली हैं। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी हाईकमांड जातीय, सामुदायिक और नए-पुराने नेताओं में बैलेंस बनाने की कोशिश कर रहा है जिसकी वजह से कैबिनेट विस्तार में देरी हो रही है। इसके अलावा, डीके शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के गुटों की ओर से अलग-अलग नाम सुझाए जा रहे हैं।

#### कर्नाटक की राजनीति में वोक्कालिगा, लिंगायत और कुरबा समाज अहम

कर्नाटक में लिंगायत (लगभग 17त्न) सबसे बड़ा समुदाय है, जबकि दक्षिण कर्नाटक में वोक्कालिगा (लगभग 15त्न) का दबदबा है, जिसका नेतृत्व उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार करते हैं। वहीं, कुरबा (लगभग 7-8त्न) समाज एक प्रमुख पिछड़ा वर्ग है, जिससे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया आते हैं और वे अपनी अहिंदा राजनीति के जरिए मजबूत पकड़ रखते हैं। सिद्धारमैया के बेटे डॉ. यतींद्र सिद्धारमैया को भी कैबिनेट में शामिल किया गया है।

## पटियाला-संगरूर के बाद बरनाला में भी हंगामा

एजेंसी जालंधर

पंजाब कांग्रेस में गुटबाजी बढ़ती ही जा रही है। रविवार को पूर्व ष्टरू चरणजीत सिंह चन्नी के समर्थकों ने बरनाला में भी कांग्रेस के कार्यक्रम में हंगामा किया। कार्यक्रम में उन्होंने चरणजीत सिंह चन्नी जिंदाबाद और



में चरणजीत चन्नी मौजूद नहीं थे, लेकिन फिर भी उनके समर्थक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे थे। समर्थकों का कहना था कि पंजाब में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए चन्नी को लाना जरूरी है। इसे लेकर राजा वड़िंग ने कहा - अगर कांग्रेस के किसी कार्यक्रम में पंजाब कांग्रेस प्रचार समिति के अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी के समर्थन में नारे लगाए गए तो इसमें क्या गलत है।

कांग्रेस के कार्यक्रम में पहुंचे थे। समर्थकों का कहना था कि पंजाब में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए चन्नी को लाना जरूरी है। इसे लेकर राजा वड़िंग ने कहा - अगर कांग्रेस के किसी कार्यक्रम में पंजाब कांग्रेस प्रचार समिति के अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी के समर्थन में नारे लगाए गए तो इसमें क्या गलत है।

इस कार्यक्रम में पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग भी मौजूद थे। चन्नी समर्थकों का हंगामा देख उन्होंने सभी से कार्यक्रम में अनुशासन बनाए रखने की अपील की। हालांकि, कार्यक्रम

## जंतर-मंतर प्रोटेस्ट में तोड़फोड़ करने वाला था संदिग्ध जैश आतंकी

### बंगाल एसटीएफ का दावा- पुलिस की वर्दी पहनकर घुसने वाला था; गर्लफ्रेंड भी गिरफ्तार

एजेंसी कोलकाता

पश्चिम बंगाल स्क्षस्न ने दावा किया है कि बर्धमान जिले से गिरफ्तार संदिग्ध जैश-ए-मोहम्मद ऑपरेटिव हमीम मंडल ने दिल्ली के जंतर-मंतर प्रोटेस्ट में तोड़-फोड़ की साजिश रची थी। स्क्षस्न के मुताबिक, पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स ने हमीम को सीजेपी के छात्र प्रदर्शन में पुलिस की वर्दी पहनकर घुसने और वहां अशांति फैलाने का निर्देश दिया था। स्क्षस्न के ढ्ढत गौरव शर्मा के मुताबिक, हमीम को बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की गतिविधियों पर नजर रखने और उनकी सुरक्षा से जुड़ी जानकारी जुटाने का भी काम सौंपा गया था। हमीम को दो दिन पहले पूर्व बर्धमान से

गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने उसे 14 दिन की एसटीएफ हिरासत में भेज दिया है। एसटीएफ ने हमीम की गर्लफ्रेंड अर्पिता सरकार को भी झारखंड से गिरफ्तार किया है। एजेंसी का दावा है कि दोनों पाकिस्तान से जुड़े शाहजाद भट्टी गैंग के इशारे पर काम कर रहे थे।

पुलिस अर्पिता को झारखंड से कोलकाता लेकर आई। बर्धमान कोर्ट ने उसे 13 दिन की कस्टडी में भेज दिया है।

पुलिस अर्पिता को झारखंड से कोलकाता लेकर आई। बर्धमान कोर्ट ने उसे 13 दिन की कस्टडी में भेज दिया है।

### राज्य मंत्री के बेटे को हनी ट्रैप में फंसा रही थी अर्पिता

हमीम और उसकी गर्लफ्रेंड पर बंगाल के राज्य मंत्री उमेश राय के बेटे को हनीट्रैप कर अगवा करने और परिवार से वसूली की साजिश रचने का भी आरोप है। एसटीफ के मुताबिक, अर्पिता कई नेताओं और अन्य चर्चित लोगों से हनीट्रैप के जरिए जानकारी जुटाकर हमीम तक पहुंचाती थी। उसके वॉट्सऐप चैट से पाकिस्तान से जुड़े संपर्कों के संकेत मिले हैं। एसटीएफ के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि जांच में पता चला है कि यह साजिश पाकिस्तान के हैंडलर्स ने रचाई थी। हर आरोपी की भूमिका, इसमें और कितने लोग शामिल थे, इसकी जांच कर रहे हैं।

## एक्टर धनुष की राजनीति में एंट्री की अटकलें तेज

### सीएम विजय के 'योतिषी बोले- 20|1 में विजय और धनुष में मुकाबला होगा

एजेंसी चेन्नई

तमिलनाडु की राजनीति में एक्टर धनुष की एंट्री की अटकलें तेज हो रही हैं। सीएम विजय के ज्योतिषी रिकी राधन पंडित वेट्रिवेल का दावा है कि 2031 के चुनाव में विजय और धनुष की सीधी टक्कर संभव है।

धनुष ने अभी राजनीति पर कुछ नहीं कहा है। लेकिन, हाल में एक फिल्मी कार्यक्रम में हजारों प्रशंसकों से कहा- यह एकजुटता सिर्फ फिल्मी आयोजनों तक न रहे। अपने क्षेत्रों में जनसेवा करें।

धनुष ने अपने 43वें जन्मदिन पर गरीबों को मुफ्त ऑटो रिक्शा दिए। करीब 30 लोगों को रोजगार के लिए आर्थिक मदद की। धनुष के करीबी सूत्र बताते हैं कि वह राज्य के दौरे की योजना बना रहे हैं। वहां प्रशंसकों से मिलेंगे। जनकल्याण कार्यों के जरिए लोगों से जुड़ेंगे।

### एमजीआर ने एक्टर्स के राजनीति में आने के प्रेरणास्त्रोत

विश्लेषक आर. रंगराज कहते हैं कि कभी एमजीआर ने फिल्मी सितारों की एक पूरी पीढ़ी को राजनीति में आने की प्रेरणा दी थी। अब विजय ने अपनी लोकप्रियता को राजनीतिक ताकत में बदला है। ऐसे में, आश्चर्य नहीं होगा यदि भविष्य में धनुष, सूर्या और विशाल जैसे अभिनेता भी सीएम पद की दौड़ में दिखें। इससे डीएमके-एडीएमके हाशिए पर पहुंच सकते हैं।

**शिकायत** आरटीआई कार्यकर्ता ने पूछा- पिता जूनियर इंजीनियर, उनकी सैलरी में बेटे की अमेरिका में पढ़ाई कैसे हुई

## अभिजीत दीपके के परिवार की संपत्ति जांचने की मांग

एजेंसी नई दिल्ली

सूरत के आरटीआई कार्यकर्ता अमित तिवारी ने कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके के परिवार की आर्थिक स्थिति की जांच की मांग की है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार, चुनाव आयोग और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड को शिकायत भेजी है।

तिवारी का दावा है कि अभिजीत दीपके के पिता भगवानराव दीपके महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन में जूनियर इंजीनियर थे। उनकी मासिक सैलरी करीब 60-65 हजार थी। ऐसे में यह जांच होनी चाहिए कि उन्होंने अपने बच्चों की अमेरिका में उच्च शिक्षा का खर्च कैसे उठाया।

**तिवारी बोले- सीजेपी रजिस्टर्ड संस्था नहीं है:** अमित तिवारी ने महाराष्ट्र सरकार से भगवानराव दीपके की आय और संपत्ति की जांच कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि सीजेपी राजनीतिक दल की तरह काम कर रही है, लेकिन उसका चुनाव आयोग में पंजीकरण नहीं है और वह चंदा भी जुटा रही है।

उन्होंने चुनाव आयोग से कहा कि अगर सीजेपी राजनीतिक दल की तरह काम कर रही है और चंदा ले रही है, तो उसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 के तहत राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रेशन कराना चाहिए।

#### सीजेपी आंदोलन पर भी उठाए सवाल

अमित तिवारी ने सीबीआईसी से अपनी मांग में कहा कि राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सीजेपी को फंड के तौर पर जो 1 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है, उस पर भी 18त्न त्स्क्ष लगाया जाए।

तिवारी ने कहा कि शुरुआत में आंदोलन नीट पेपर लीक जैसे मुद्दे तक सीमित था, लेकिन बाद में आंदोलन की दिशा बदल गई। उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनकी दिवंगत मां और विदेशी नेताओं से उनके संबंधों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। तिवारी ने कहा कि इन सभी मामलों की शिकायत भी संबंधित अधिकारियों से की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### समकालीन अभियान में पकड़े गए 13 वारंटी, पुलिस कर रही कार्रवाई

दिनेश कुमार पांडेय /रफ्तार ब्यूरो

बोकारो : बोकारो पुलिस द्वारा चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत बीती रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्र से कुल 13 वारंटियों की गिरफ्तारी की गई है ।इस आशय की जानकारी मुख्यालय डीएसपी सह पुलिस प्रवक्ता पवन कुमार ने दी। उन्होंने कहा की अभियान के दौरान पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है तथा लंबित कांडों का निष्पादन भी तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि लंबित कांडों में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध विधि समाप्त कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भी भेजा गया है। उन्होंने कहा की संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन जांच, वारंटों का निष्पादन तथा अपराध नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के आदेश पर की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि चास पुलिस ने 3 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जबकि पिंडरा जोरा थाना दो, चास (मु)एक, बरमसिया ओपी एक, बालीडीह थाना 4, चतरोचट्टी थाना एक, बीएससिटी थाना एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफल हुई है। मालूम हो की सबसे अधिक बालीडीह पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफल रही है।

### ट्रैफिक पुलिस ने एक महीना में 5837 वाहनों से वसूला 80 लाख रुपए जुर्माना

बोकारो : बोकारो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5838 वाहनों से लगभग 80 लाख रुपए का जुर्माना वसूला है।यह उपलब्धि ट्रैफिक पुलिस की है। इस संबंध में ट्रैफिक डीएसपी अजय कुमार ने कहा कि बोकारो पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चला रही है, अभियान के दौरान पुलिस ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान भी चलाया एवं मोटरयान एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में भी पुलिस ने कार्रवाई की है ।उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 2421 एवं बिना हेलमेट पीछे सवारी कर रहे 2026 वाहनों से जुर्माना वसूला गया है जबकि दो पहिया वाहन पर तीन लोग सवारी कर रहे 871,बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के 1004,बिना ड्राइविंग लाइसेंस लिए वाहन चलते 52 लोग,बिना बीमा कराया वाहनों को चला रहे 531, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करते हुए 16 लोगो को दंडित किया गया है। जबकि काला शीशा वाले 8 वाहनों एवं बिना सीट बेल्ट गाड़ी चला रहे 32 लोग पकड़े गए हैं। वहीं नो पार्किंग जोन में खड़े 448 वाहनों को जुर्माना किया गया है जबकि नशे की हालत में 19 लोग पकड़े जा चुके हैं। पकड़े गए लोगों को हिदायत देते हुए पुलिस ने जुर्माना वसूला है। ट्रैफिक डीएसपी अजय कुमार ने कहा कि एसपी के निर्देश पर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इस अभियान से लोगों में जागरूकता भी आ रही है, दूसरी ओर सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति हो रही है। उन्होंने मोटर अधिनियम को पालन करने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि शहर के कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जहां से पुलिस निगरानी कर रही हैं।

### 4 अगस्त को छतरपुर नगर पंचायत में प्री-बिड बैठक, विकास कार्यों की गुणवत्ता पर रहेगा विशेष जोर

छतरपुर (पलामू): नगर पंचायत छतरपुर में विकास योजनाओं के पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को लेकर 4 अगस्त को प्री-बिड बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक पूर्वाह्न 11 बजे नगर पंचायत सभागार में होगी, जिसमें नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत निबंधित संवेदक भाग लेंगे।

नगर पंचायत कार्यालय द्वारा जारी Very Short Term Tender Notice No. NPC-NIT-06/2026-27 एवं अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या NPC-NIT-07/2026-27 के तहत इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में विकास योजनाओं के तकनीकी पहलुओं, कार्य निष्पादन की प्रक्रिया तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। पारदर्शिता, समयबद्धता और उच्च गुणवत्ता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन नगर पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं, कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, तकनीकी बिंदुओं एवं गुणवत्ता सुधार से संबंधित अपने सुझाव साझा करने की अपील की है। इस बैठक का उद्देश्य विकास योजनाओं को बेहतर समन्वय और पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारना है।

# जगजीवन नगर हत्याकांड का खुलासा: चोरी के संदेह में हुई थी करण की पीट-पीटकर हत्या, 2 मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- **डीएसपी विधि-व्यवस्था प्रकाश सोया ने किया खुलासा; कन्हाई लाल और शिव प्रकाश ने कबूला जुर्म, अन्य आरोपियों की तलाश जारी**

गोवर्धन रजक रफ्तार मीडिया संवाददाता धनबाद:

सरायढेला थाना क्षेत्र के जगजीवन नगर में युवक करण कुमार की निर्मम हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। युवक की हत्या चोरी के संदेह में बेरहमी से पीट-पीटकर की गई थी। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को धनबाद के डीएसपी (विधि-व्यवस्था) प्रकाश सोया ने प्रेस वार्ता कर इस पूरे हत्याकांड का आधिकारिक खुलासा किया।

चोरी की नीयत से घुसने का था शक, भीड़ ने भी की मारपीट

डीएसपी प्रकाश सोया ने बताया कि पुलिस की सघन जांच के बाद मुख्य आरोपी कन्हाई लाल भट्टाचार्य और शिव प्रकाश को गिरफ्तार किया गया है। कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि करण कुमार कथित तौर पर कन्हाई लाल भट्टाचार्य के घर में चोरी की

नीयत से घुसा था। उसे पकड़ने के बाद दोनों ने उसकी जमकर पिटाई की। इस दौरान शोर-शराबा सुनकर आसपास के अन्य लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए और उन्होंने भी युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसे गंभीर अंदरूनी चोटें आईं और अंततः उसकी मौत हो गई।

जामुन पेड़ के पास मिला था घायल, जेपी अस्पताल में तोड़ा दम

घटना के क्रमवार विवरण देते हुए डीएसपी ने बताया कि 1 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि जगजीवन नगर स्थित जामुन पेड़ के पास एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों की मदद से घायल करण को पहले शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) ले जाया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए रेफर किए जाने के बाद परिजन उसे बलियापुर रोड स्थित जेपी अस्पताल ले गए। हालांकि, इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया।

अन्य अज्ञात आरोपियों की पहचान कर रही पुलिस

डीएसपी ने स्पष्ट किया कि इस हत्याकांड में मुख्य आरोपियों के अलावा मारपीट करने वाले अन्य अज्ञात लोगों की भी बारीकी से पहचान की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस पूरे मामले के हर पहलू की गहराई से जांच कर रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि कानून हाथ में लेने वाले सभी दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# धनबाद की 60 वर्षीय रेणु देवी की अटूट आस्था: 28 वर्षों से सावन के हर सोमवार बनती हैं 'डाक बम'

- **1998 से अनवरत जारी है श्रद्धा की यह कठिन यात्रा; कहा- 'बाबा की कृपा से नहीं होती थकान, जब तक बुलावा आएगा, जाती रहूंगी'**

गोवर्धन रजक रफ्तार मीडिया संवाददाता

धनबाद: सावन का पवित्र महीना भगवान शिव की अगाध भक्ति और अटूट आस्था का प्रतीक माना जाता है। धनबाद में इसी आस्था की एक ऐसी अनोखी मिसाल देखने को मिल रही है, जो आज के युवाओं के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा है। शहर की 60 वर्षीय रेणु देवी पिछले 28 वर्षों से सावन के हर सोमवार को 'डाक बम' बनकर बाबा बैद्यनाथ धाम (देवघर) में जल अर्पित करने जाती हैं। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनकी यह कठिन यात्रा बिना किसी बाधा के अनवरत जारी है।

1998 में लिया था हर सोमवारी जल चढ़ाने का संकल्प

रेणु देवी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1998 में पहली बार सावन के प्रत्येक सोमवार को डाक बम बनकर बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक करने का संकल्प

लिया था। तब से लेकर आज तक उन्होंने अपना यह नियम नहीं तोड़ा है और बिना नागा उनकी यह आध्यात्मिक यात्रा जारी है। उनका दृढ़ विश्वास है कि जब तक बाबा भोलेनाथ की कृपा रहेगी और उनका बुलावा आता रहेगा, तब तक वह इसी तरह डाक बम बनकर अपनी सेवा देती रहेंगी।

लंबी और थका देने वाली यात्रा के बावजूद उन्हें कभी न तो थकान महसूस होती है और न ही शरीर में कोई दर्द होता है। इस पुण्य यात्रा में उनका पूरा जत्था भी उनके साथ चलता है, जो कदम-कदम पर उनका सहयोग करता है।अपने लिए कुछ नहीं, सबके सुख-शांति की करती हैं कामना

बाबा से अपनी मनोकामना के सवाल पर रेणु देवी भावुक हो जाती हैं। उनका कहना है कि बाबा भोलेनाथ ने उन्हें अपना भक्त बनाया, यही उनके लिए जीवन का सबसे बड़ा आशीर्वाद है। उनका परिवार सुखी और स्वस्थ है, इसलिए उन्हें बाबा से अपने लिए और कुछ नहीं चाहिए। वह निस्वार्थ भाव से बस यही प्रार्थना करती हैं कि बाबा भोलेनाथ की कृपा दुनिया के सभी लोगों पर बनी रहे और हर परिवार सुख, शांति व समृद्धि के साथ अपना जीवन व्यतीत करे। इसी कृतज्ञता के भाव के साथ वह हर सावन बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचती हैं।

# गोड्डा पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी कांड का किया खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

रफ्तार मीडिया संवाददाता मिलन भगत/गोड्डा

गोड्डा जिले की सुंदरपहाड़ी पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए चोरी किया गया महिंद्रा 475 DI MKM DLX ट्रैक्टर और ट्रेलर बरामद कर लिया है। यह वाहन 21 जुलाई की रात महुआटीड गांव निवासी परमानंद साह के घर के समीप से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में सुंदरपहाड़ी थाना कांड संख्या 20/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आकाश भारद्वाज के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल का वैज्ञानिक निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों, मानव आसूचना तथा गुप्त सूचना के आधार पर लगातार अनुसंधान किया। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गया ट्रैक्टर एवं ट्रेलर सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस ने इस मामले में संचित कुमार उर्फ भोला, नवनीत कुमार राणा, जगेश पाल, आलोक कुमार पाल और प्रहल्लाद गोरांय सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें नवनीत कुमार राणा का पूर्व आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि वाहन चोरी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। साथ ही आम लोगों से अपने वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है।

# अधिवक्ताओं से मारपीट का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया तेनुघाट जेल

- **कथारा पुलिस की त्वरित कार्रवाई, कानून हाथ में लेने वाले पर शिकंजा**

मिथलेश कुमार / रफ़्तार संवाददाता

बेरमो/बोकारो :बेरमो अनुमंडल स्थित कथारा ओपी थाना क्षेत्र में अधिवक्ताओं से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 2 अगस्त रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कथारा ओपी थाना प्रभारी राजेश प्रजापति ने कहा कि कानून को हाथ में लेने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब 5:30 बजे तेनुघाट से अपने घर लौट रहे अधिवक्ता राजीव तिवारी और सुरेश राम

के साथ झिरकी बस्ती निवासी कुलदीप यादव पिता स्व. मोहन यादव ने लाठी-डंडे से मारपीट की। इस हमले में दोनों अधिवक्ता घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कथारा ओपी थाना प्रभारी राजेश प्रजापति के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कुलदीप यादव को उसके झिरकी बस्ती स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में गोमिया थाना अंतर्गत कथारा ओपी में कांड संख्या 102/26 दिनांक 02/08/2026 दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ बी एन एस 2023 की धारा 126(2), 115(2), 109, 352 और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे तेनुघाट जेल भेज दिया गया है।थाना प्रभारी राजेश प्रजापति ने कहा कि पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी विवाद की स्थिति में कानून को हाथ में न लें, बल्कि तुरंत पुलिस को सूचना दें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति -आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है

# गांडेय के मोहनपुर निवासी ताजउद्दीन अंसारी की स्कॉर्पियो गहरी खाई में गिरी, बाल-बाल बचे

राजु मंडल रफ्तार मीडिया सवाददाता गांडेय

झारखंड युवा मोर्चा अल्पसंख्यक के गांडेय प्रखंड उपाध्यक्ष ताजउद्दीन अंसारी, उर्फ 'बहादुर', एक सड़क हादसे में बाल-बाल बच गए। उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं।

यह दुर्घटना ताराटांड थाना क्षेत्र के तीनपतली के पास हुई। मिली जानकारी के अनुसार, ताजउद्दीन अंसारी अपने गृह क्षेत्र गांडेय थाना क्षेत्र के मोहनपुर से स्कॉर्पियो द्वारा गिरिडीह की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में तीनपतली के समीप अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा।

घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में कड़ी मशक्कत कर उन्हें खाई से बाहर निकाला। स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें तुरंत इलाज के लिए गिरिडीह के अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों के अनुसार, घायल ताजउद्दीन के माथे और पाँव में गहरी चोटें आई हैं, फिलहाल उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जेसीबी मशीन बुलाई गई, जिसकी मदद से दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को गहरी खाई से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलने के बाद से इलाके के समर्थकों और शुभचिंतकों में उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई है।

## बंद घर में चोरी करते तीन अपराधी रंगे हाथ गिरफ्तार

# अपराधियों की निशानदेही पर पुलिस की छापेमारी में ब्राउन शुगर बरामद

रफ्तार मीडिया संवाददाता

गुमला : शहर के शांति नगर में चोरी की एक घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। बंद घर में चोरी कर रहे तीन युवकों को मोहल्ले के लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने तीनों की पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में आरोपियों की निशानदेही पर ब्राउन शुगर बेचने के कथित अड्डे पर छापेमारी हुई, जहां से पुलिस ने 10 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर बरामद की। जानकारी के अनुसार शांति नगर निवासी अनिरुद्ध शनिवार को घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। इसी दौरान तीन युवक घर में घुसकर चोरी करने लगे। संदिग्ध गतिविधि देखकर पड़ोसियों ने अनिरुद्ध को सूचना दी। वह तुरंत घर पहुंचे तो तीनों आरोपी घर के अंदर चोरी करते हुए पकड़े गए।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान टुडूरमा निवासी सौरभ साहू, घाघरा निवासी महेश सिंह और मुरली बगीचा निवासी सुशील कुमार के रूप में हुई। लोगों का आरोप है कि तीनों

ने ब्राउन शुगर का सेवन किया हुआ था। मोहल्ले के लोगों और पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने दावा किया कि शांति नगर में ही ब्राउन शुगर की बिक्री का मुख्य अड्डा संचालित होता है।

यह जानकारी मिलते ही मोहल्ले के महिला-पुरुष आक्रोशित हो उठे और ब्राउन शुगर बेचने के आरोपी अनिल साहू के घर पहुंचकर घेराव कर दिया। लोगों के आक्रोश को देखते हुए घर के सदस्य दो छोटे बच्चों को छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर विनय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मोहल्ले के लोगों की मौजूदगी में अनिल साहू के घर की तलाशी ली। सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने 10 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर बरामद किया। मामले में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं चोरी के आरोप में पकड़े गए तीनों युवकों को पुलिस थाना ले गई। मोहल्ले की महिलाओं और पुरुषों ने पुलिस को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि अनिल साहू का पूरा परिवार ब्राउन शुगर के कारोबार में लिप्त है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण इलाके में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि इस अवैध कारोबार पर जल्द रोक नहीं लगी तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगी। उन्होंने कहा ब्राउन शुगर की वजह से हमारा मोहल्ला बर्बाद हो रहा है। अब और बर्दाश्त नहीं होगा।

# विद्या भारती 2027 में मनाएगी 75वां अमृत वर्ष महोत्सव

## देशभर में होंगे भव्य आयोजन

- **25 हजार विद्यालयों के 36 लाख छात्र-छात्राओं व अभिभावकों की भागीदारी, झारखंड के 213 विद्यालयों के 96 हजार विद्यार्थी होंगे शामिल**

रफ्तार मीडिया संवाददाता

झुमरी तिलैया - विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम ने आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि वर्ष 2027 में संगठन अपने स्थापना के 75वें अमृत वर्ष महोत्सव को देशव्यापी स्तर पर भव्य रूप से मनाएगा। इस अवसर पर देशभर के लगभग 25 हजार विद्यालयों में अध्ययनरत 36 लाख भाई-बहनों एवं उनके अभिभावकों की सहभागिता से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

झारखंड प्रांत के 213 विद्यालयों के लगभग 96 हजार छात्र-छात्राएं भी इस महोत्सव का हिस्सा बनेंगे।उन्होंने बताया कि अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में 75 महिलाओं का सम्मान, संस्कृतिक ज्ञान परीक्षा, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा नई दिल्ली में देशभर के 75 हजार घोष वादकों द्वारा सामूहिक घोष प्रदर्शन की भी योजना बनाई गई है। इसके लिए सभी घोष वादकों से अभी से तैयारी में जुटने का आह्वान किया गया है। उन्होंने बताया कि सिक्किम में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए झारखंड एवं बिहार के विद्या भारती विद्यालयों का सहयोग लिया जाएगा, ताकि वहां के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

उन्होंने बताया कि विद्या भारती ने अपने पूर्व छात्र-छात्राओं के पंजीकरण अभियान की शुरुआत की है, जिसमें 14 अगस्त तक अधिक से अधिक पूर्व विद्यार्थियों से जुड़ने की अपील की गई है।

उन्होंने जानकारी दी कि 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वदेशी सप्ताह मनाया जाएगा। इसके साथ ही कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को सात प्रकार के कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने की स्वीकृति मिली है। विद्यालय स्तर पर इन प्रशिक्षणों के सफल समापन पर प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिन्हें सरकारी मान्यता प्राप्त होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 10 अगस्त 2026 को जेल भरो आंदोलन को सफल बनाने को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा की हुई बैठक

रफ्तार ब्यूरो

बोकारो : बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 8 काली मंदिर के सभागार में संयुक्त किसान मोर्चा एवं मजदूरों यूनियन की संयुक्त बैठक , मजदुर नेता डी .सी गोहाई की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न हुई ।जिसका उद्घाटन किसान नेता ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन झारखंड राज्य सचिव कुमुद महतो ने किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अमेरिका - भारत मुक्त व्यापार समझौता, एमएसपी की कानूनी गारंटी व चार लेवर कोड वापस लेने को लेकर 10 अगस्त 2026 को जेल भरो आंदोलन को सफल बनाया जाएगा। व्यक्ताओं ने कहा व सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 10 तारीख को हम गारगा पुल जमा होगें तथा वही से गिरफ्तारी देंगे, इस आन्दोलन में काफी संख्या में में किसान मजदूर भाग लेंगे। तथा 15 नवंबर 2026 को मजदूर मैदान में किसान महापंचात का आयोजन किया जाएगा, मौके पर अखिल भारतीय किसान के झारखंड उपाध्यक्ष पंचानन महतो, किसान संग्राम समिति के बोकारो जिला अध्यक्ष गयाराम शर्मा, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के बोकारो जिला अध्यक्ष ध्युजटी घोष, अखिल भारतीय किसान सभा के दिवाकर महतो, झारखंड किसान सभा के विश्वनाथ बनर्जी, यूनियन नेता राजकुमार गोराई, रामाधार सिंह, राजू रजवार, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के बोकारो जिला सचिव हरिपद महतो, के अलावा एमपी मंडल, संतोष गोप, रामअवतार शर्मा, बीरेंद्र झा, महेन्द्र महली, सुभाष रबि दास, राजू शाह शिवनाथ राय, राजू कुमार, पलटू उरांव, अजय कुमार, पंकज कुमार, राकेश रंजन के अलावा काफी संख्या में किसान एवं मजदूर ने भाग लिया।

### 108 एम्बुलेंस सेवा पर भाजपा ने स्वास्थ्य विभाग पर लगाया बड़ा आरोप

- **प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने मंत्री इरफान अंसारी से मांगा जवाब**

रांचीः झारखंड के स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर राज्य की मुख्य विपक्षी दल द्वारा स्वास्थ्य विभाग के कार्यशैली पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं इस बीच प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने 108 एम्बुलेंस सेवा को लेकर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर बड़ा आरोप लगाया है।अजय साह ने कहा कि राज्य की जीवनरक्षक एम्बुलेंस सेवा को पारदर्शिता और योग्यता के बजाय कथित पक्षपात और मित्रवाद का शिकार बना दिया गया है, जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है। किस तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन के आधार पर सम्मान फाउंडेशन को एम्बुलेंस सेवा के लिए चयन किया गया- अजय शाह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजय साह ने कहा कि वर्ष 2023 में 108 एम्बुलेंस सेवा के संचालन का जिम्मा जीवीके सर्विसेज को दिया गया था, लेकिन स्वास्थ्य मंत्री का पद संभालने के बाद इरफान अंसारी ने पुरानी एजेंसी को हटाकर पटना स्थित सम्मान फाउंडेशन को संचालन की जिम्मेदारी सौंप दी। भाजपा ने आरोप लगाया कि संस्था का चयन उसकी कार्यक्षमता या अनुभव के आधार पर नहीं, बल्कि मंत्री के कथित करीबी इरफान आलम से संबंधों के कारण किया गया। उन्होंने मांग किया कि सरकार यह स्पष्ट करे कि किस तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन के आधार पर सम्मान फाउंडेशन का चयन किया गया। एम्बुलेंस खरीद प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने कहा कि जिन वाहनों की खरीद की गई, उनकी बॉडी निर्माण का कार्य ऐसी कंपनी से कराया गया, जिसे मुख्य रूप से बस बॉडी निर्माण का अनुभव था। उनका आरोप है कि इसके कारण राज्य को गुणवत्तापूर्ण एम्बुलेंस नहीं मिल सकीं और कई वाहन आए दिन तकनीकी खराबी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने इस मामले में स्वतंत्र तकनीकी जांच कराने की मांग की।

### हुंटार से बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए कांवरियों का जत्था रवाना, जिला परिषद सदस्य ने दिखाई हरी झंडी

चान्हो। थाना क्षेत्र के हुंटार गांव से सावन माह के पावन अवसर पर बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के लिए रवाना हुए कांवरियों के जत्थे को रविवार को जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी श्रद्धालुओं की यात्रा के सफल, सुरक्षित एवं मंगलमय होने की कामना करते हुए भगवान भोलेनाथ से सभी के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम की यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व है और यह श्रद्धा, आस्था एवं भक्ति का प्रतीक है। रवाना होने से पूर्व कांवरियों ने विधिवत पूजा-अर्चना की तथा हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं में बाबा धाम यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट बजरंग गुप्ता, उदय सिंह, तारकांत सिंह, रमेश सिंह सहित कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्रावणी मेला में स्वदेशी जागरण मंच का सेवा शिविर शुरू, कांवरियों की सेवा के साथ 'स्वदेशी समर्थक अभियान' का भी आगाज़

रफ्तार मीडिया संवाददाता

देवघरः—विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के पावन अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच की ओर से रविवार को स्थानीय चिल्ड्रेन पार्क के समीप कांवरियों की सेवा के लिए भव्य सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन अखिल भारतीय मेला प्रमुख सचिंद्र बरियार ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र सिंह, प्रांत संयोजक राजेश उपाध्याय, प्रांत कोष प्रमुख विष्णु कुमार सिंह, प्रांत समन्वयक मनोज कुमार सिंह, प्रांत सह संयोजक ज्ञान देव टुडू, प्रांत संपर्क प्रमुख अजय चौधरी, प्रांतीय समिति सदस्य दिलीप वर्मा एवं जयशंकर प्रसाद, कृषि प्रकोष्ठ प्रमुख अंजनी कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए सचिंद्र बरियार ने कहा कि सेवा शिविर का उद्देश्य श्रद्धालु कांवरियों की निस्वार्थ सेवा, सनातन संस्कृति का संरक्षण तथा समाज में राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी की भावना को सशक्त बनाना है। इसी अवसर पर 1 से 20 अगस्त तक चलने वाले देशव्यापी 'स्वदेशी समर्थक अभियान' का झारखंड में भी विधिवत शुभारंभ किया गया।

क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र सिंह ने कहा कि भारत को वैश्विक उत्पादों का केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि एक सशक्त उत्पादक राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। वहीं प्रांत संयोजक राजेश उपाध्याय ने कहा कि कांवरिया सेवा सामाजिक समरसता और एकता को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है।

प्रांत संपर्क प्रमुख अजय चौधरी ने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे श्रद्धालुओं की आत्मीयता और समर्पण भाव से सेवा करें, ताकि बाबा नगरी से लौटने वाले कांवरिया यहां के सत्कार की मधुर स्मृतियां अपने साथ लेकर जाएं। कार्यक्रम के अंत में शिविर संयोजक राजीव झा ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जलेश्वर ठाकुर, अवधेश प्रसाद, आशा झा, अमरनाथ सिंह, माया केसरी, नवीन कुमार सिंह, भावेश कुमार चौधरी, पूनम प्रकाश सिंह, संजीव कुमार सिंह, तनुजा कुमारी, गौरी शंकर शर्मा, गिरीश कुमार सिंह, ए.एस. झा, अजीत कुमार दुबे, प्रेमलता बरनवाल, जीवेश सिंह, बाबू सोना श्रृंगारी, प्रभास गुप्ता, ममता कुमारी, गीता सिंह, बिना मंडल, बबली बरनवाल, संगीता देवी सहित स्वदेशी जागरण मंच के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीटू व किसान सभा की संयुक्त बैठक में लिए गए कई निर्णय

दिनेश कुमार पांडेय /रफ्तार ब्यूरो

बोकारो : सीटू और किसान सभा की संयुक्त बैठक सेक्टर 9 सीटू कार्यालय में हुई।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सीटू, बोकारो के जिला अध्यक्ष राज कुमार गोरांई ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन दिवस के अवसर पर 10 अगस्त 2026 को पूरे बोकारो जिला में संयुक्त "जेल भरो आंदोलन" आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि 29 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय मजदूर—किसान सम्मेलन में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, स्वतंत्र फेडरेशनों तथा संयुक्त किसान मोर्चा ने "देश बचाओ—जनता बचाओ—संविधान बचाओ—लोकतंत्र बचाओ" के आह्वान के साथ 10 अगस्त को देशव्यापी जेल भरो आंदोलन का निर्णय लिया था। बोकारो में यह कार्यक्रम उसी राष्ट्रीय निर्णय के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पूरे जिले में हजारों मजदूर, किसान, खेत मजदूर, कर्मचारी, स्कीम वर्कर, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, छात्र, युवा, महिलाएं तथा अन्य मेहनतकश तबके भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि देश आज गहरे आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और लोकतांत्रिक संकट से गुजर रहा है। केंद्र सरकार की निजीकरण, ठेकेदारीकरण, व्यवसायीकरण और कॉरपोरेटपरस्त नीतियों के कारण सार्वजनिक उपक्रमों, प्राकृतिक संसाधनों तथा जनकल्याणकारी क्षेत्रों को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। इससे रोजगार के अवसर घट रहे हैं, श्रमिक अधिकार कमजोर हो रहे हैं, किसानों और मेहनतकश जनता की आजीविका पर संकट गहरा रहा है तथा आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है। संयुक्त मंच ने आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं और साम्राज्यवादी दबावों के अनुरूप लागू की जा रही नीतियां देश की आर्थिक संप्रभुता, आत्मनिर्भरता तथा संविधान की समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक भावना के विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि चारों लेबर कोड श्रमिकों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा पर हमला हैं, जबकि किसानों से किए गए एमएसपी की कानूनी गारंटी, संपूर्ण कर्जमाफी और भूमि अधिकार संबंधी वादे अब तक पूरे नहीं किए गए हैं।

बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी रिक्त पदों को न भरना, पेपर लीक, मनरेगा को कमजोर करने के प्रयास, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की बदहाली तथा संविधान, लोकतांत्रिक अधिकारों और संघीय ढांचे पर बढ़ते हमले जनता की चिंताओं को और गहरा रहे हैं।

# पूर्वी टुंडी में जेएलकेएम की बैठकः संगठन पुनर्गठन के लिए 27 पदों पर दावेदारी

## अध्यक्ष पद की रेस में 5 कार्यकर्ता

गोवर्धन रजक रफ्तार मीडिया संवाददाता

धनबादःधनबाद जिले के टुंडी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी टुंडी प्रखंड के शंकरडीह में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पार्टी के संगठन विस्तार और प्रखंड पुनर्गठन को लेकर बुलाई गई थी। बैठक में संगठन के कुल 27 पदों के लिए विभिन्न कार्यकर्ताओं ने अपनी सशक्त दावेदारी पेश की। इसमें सबसे दिलचस्प मुकाबला प्रखंड अध्यक्ष पद को लेकर देखने को मिल रहा है, जिसके लिए कुल पांच कार्यकर्ताओं ने अपना दावा ठोका है।बैठक के दौरान मंच का कुशल संचालन युवा मोर्चा के केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष मनीष राय द्वारा किया गया। यह बैठक जिला महासचिव सलाउद्दीन अंसारी, जिला कोषाध्यक्ष पप्पू पहाड़ी, जिला वरीय उपाध्यक्ष रोहित कुमार मंडल, जिला वरीय उपाध्यक्ष संतोष राय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष भारती महतो और पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राकेश कर्मकार के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस दौरान पार्टी की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर अन्य कई राजनीतिक दलों को छोड़कर आए दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जेएलकेएम का दामन थामा।बैठक में मौजूद जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव कनक गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की जेएलकेएम पूरी तरह से एक जमीनी स्तर की पार्टी है। यही कारण है कि माटी और जमीन से जुड़े लोग लगातार इस संगठन से जुड़ रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि कार्यकर्ताओं के इसी जोश और मजबूत संगठन के दम पर पार्टी आगामी चुनावों में अपना परचम जरूर लहराएगी। जिला कमिटी के नेताओं ने कहा कि जल्द ही सभी 27 पदों पर योग्य और समर्पित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

# जीवनदाता वंदन उत्सवः मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के चरण पखार कर लिया आशीर्वाद

- **माता पिता और बुजुर्ग समाज कि सबसे बड़ी धरोहर है :- आकृति**

रफ्तार मीडिया संवाददाता

झुमरीतिलैया - मारवाड़ी युवा मंच, झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा की ओर से रविवार को वृद्धाश्रम में "जीवनदाता वंदन उत्सव" का भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बुजुर्गों के प्रति सम्मान, सेवा और कृतज्ञता का संदेश दिया गया। शाखा की सदस्यों ने वृद्धाश्रम में रह रहे माता-पिता तुल्य बुजुर्गों के चरण पखारकर उनका सम्मान किया, आरती उतारी तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्हें खाद्य सामग्री भेंट कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा और सेवा-भाव व्यक्त किया। इस आत्मीय पहल से वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्ग भावुक हो उठे। कार्यक्रम के दौरान उनके साथ समय बिताया गया, उनका कुशलक्षेम जाना गया और आत्मीय संवाद के माध्यम से उन्हें अपनत्व का एहसास कराया गया। आयोजन के दौरान पूरे परिसर का वातावरण श्रद्धा, सम्मान और संवेदनाओं से ओतप्रोत रहा।

उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा आगे भी समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेवा और संवेदनशीलता से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी, ताकि समाज में मानवीय मूल्यों को और अधिक मजबूती मिल सके।

कार्यक्रम में शाखा की सचिव प्रिया अग्रवाल, सारिका लड्ढा, नेहा हिसारिया, नेहा जैन, बीना जैन, कृति चौधरी, मीना हिसारिया, रिचा खटूवाला एवं ज्योति अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का समापन सभी बुजुर्गों के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की मंगलकामना के साथ किया गया। आयोजन की इस अनूठी पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए इसे समाज में बुजुर्गों के सम्मान और सेवा-भाव को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायी प्रयास बताया।

# सैंटेविटा अस्पताल में उत्साह उमंग से संम्पन हुआ, हेल्दी बेबी शो

## मासुमियत और प्रतिभा ने जीता सबका दिल

संजय कुमार

रांची : सैंटेविटा अस्पताल, रांची द्वारा बच्चों के स्वस्थ विकास, प्रतिभा और मासूमियत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित स्वस्थ शिशु शो 2026 का आयोजन शनिवार को अस्पताल परिसर में उत्साह और उमंग के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 6 से 12 महीने तथा 13 से 18 महीने आयु वर्ग के शिशुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत स्वस्थ शिशु, गोल-मटोल गाल, रेंग दौड़ और सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा जैसी विभिन्न श्रेणियों में बच्चों ने अपनी मासूमियत और अदा से उपस्थित सभी अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया।

विशेषज्ञों के उपस्थिति में हुआ चयन

कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश कुमार रॉय, डॉ. अनिताभ कुमार एवं डॉ. सिद्धार्थ जैन पाटोदी शामिल रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. मुक्ता नारायण रहीं। उन्होंने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया और अभिभावकों को बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। सैंटेविटा अस्पताल द्वारा वर्ष 2024 से लगातार आयोजित किए जा रहे इस शो को अभिभावकों और बच्चों का शानदार समर्थन मिल रहा है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में बच्चों और उनके अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सैंटेविटा अस्पताल की कार्यकारी निदेशक सुश्री रेशमा साहू एवं कनिष्ठ निदेशक श्री आदित साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन में पूरे आयोजन का संचालन किया गया। 'स्वस्थ शिशु शो 2026' को सफल बनाने में टॉपकोर्ट रांची, फर्स्टक्राई डॉट कॉम, जेरी लैंड एवं ग्लाइडर का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। अस्पताल प्रबंधन ने सभी प्रायोजकों, प्रतिभागियों, अभिभावकों, निर्णायकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि यह आयोजन बच्चों के स्वस्थ विकास, अभिभावकों में बाल स्वास्थ्य एवं देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में सैंटेविटा अस्पताल की एक महत्वपूर्ण पहल है।

# श्रावणी मेलाः करणी सेना के निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का हुआ उद्घाटन , कांवरियों के बीच -फल, शरबत व पेयजल का किया

रफ्तार मीडिया

देवघरः—विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान बाबा नगरी में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा कांवरिया श्रद्धालुओं की सेवा के लिए निःशुल्क सेवा शिविर संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को करणी सेना द्वारा सदानंद सिंह चौक स्थित कांवरिया रूट लाइन पर निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया गया। शिविर के उद्घाटन के बाद करणी सेना के प्रमुख प्रेम सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने मंचासीन मुख्य अतिथि मेयर रवि कुमार राउत, मनोज सिंह तथा अरबिंद सिंह का बुके देकर स्वागत एवं सम्मान किया। शिविर के शुभारंभ के साथ ही करणी सेना की ओर से सैकड़ों कांवरिया श्रद्धालुओं के बीच निःशुल्क फल, शरबत एवं पेयजल का वितरण किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ शिविर के माध्यम से कांवरियों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि उनकी यात्रा सुगम एवं सुविधाजनक बन सके। इस अवसर पर प्रेम सिंह, ध्रुव सिंह, रुपेश सिंह, डॉ. वीरेन्द सिंह, संजय सिंह, जीतेन्द्र सिंह, विजय प्रताप सनातन, हिमांशु सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राहुल सिंह, अमन सिंह, राजकुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# थाना प्रभारी ने निजी खर्च से एनएच-22 के गड्ढे की कराई मरम्मत, राहगीरों को मिली राहत

रफ्तार मीडिया बालूमाथ

बालूमाथ। बालूमाथ थाना प्रभारी अनुभव कुमार सिन्हा ने जनहित का परिचय देते हुए बालूमाथ—रांची—चतरा एनएच-22 पर मुरपा मोड़ स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समीप सड़क पर बने खतरनाक गड्ढे की मरम्मत अपने निजी खर्च से कराई। लंबे समय से सड़क पर बने इस गड्ढे के कारण राहगीरों एवं वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी।थाना प्रभारी अनुभव कुमार सिन्हा ने बताया कि एनएच-22 पर बने गड्ढों के कारण कई बार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोग गिरकर घायल भी हुए हैं। लोगों की परेशानी और लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए उन्होंने स्वयं पहल करते हुए निजी खर्च से गड्ढे की मरम्मत कराई, ताकि आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।सड़क की मरम्मत होने के बाद स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली तथा थाना प्रभारी की इस जनहितकारी पहल की सराहना की। लोगों का कहना है कि समय रहते गड्ढे की मरम्मत होने से दुर्घटनाओं की संभावना भी काफी हद तक कम होगी।इस दौरान एएसआई अजय पासवान, आईआरबी आरक्षी चंदन कुमार, शिव कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# भुईफोड़-बलियापुर मुख्य सड़क की बदहाली से फूटा लोगों का गुस्सा

## प्रशासन की 'मिट्टी-डस्ट' वाली मरम्मत बारिश में धुली; भारी वाहनों के कारण जर्जर हुई सड़क पर आए दिन हो रहे हादसे

**▶▶सड़क जाम कर किया जोरदार प्रदर्शन**

**गोवर्धन रजक**

**धनबाद :** गोल बिल्डिंग (भुईफोड़) से लेकर बलियापुर जाने वाली मुख्य सड़क की खस्ताहाल स्थिति से परेशान लोगों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। सड़क की बदहाली और आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से नाराज स्थानीय लोगों ने सड़क पर उतर कर जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्य मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। स्थानीय लोगों की मांग है कि सड़क की दिखावटी नहीं, बल्कि स्थायी मरम्मत की जाए।

**भारी वाहनों ने किया सड़क को छलनी, राहगीर व स्थानीय दोनों परेशान**

धनबाद शहर की इस महत्वपूर्ण सड़क की हालत दिनों-दिन बदतर होती जा रही है। भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण यह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों की वजह से न सिर्फ राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि सड़क किनारे रहने वाले स्थानीय निवासियों का भी धूल और जलजमाव के कारण जीना मुहाल हो गया है। सड़क की इस जर्जर स्थिति के कारण यहां आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं घटती रहती हैं।

**बारिश ने खोली प्रशासन के 'जुगाड़' की पोल**

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन से शिकायत की गई। लेकिन, समस्या का स्थायी समाधान निकालने के बजाय प्रशासन ने महज खानापूर्ति कर ली। सड़क के गड्ढों को भरने के लिए मिट्टी और डस्ट (पत्थर की धूल) का इस्तेमाल किया गया। चंद दिनों की बारिश ने ही प्रशासन के इस जुगाड़ की पोल खोल दी और मिट्टी बह जाने से गड्ढे फिर से उभर आए, जिससे स्थिति पहले से भी ज्यादा खतरनाक हो गई है।

**थक-हारकर सड़क पर उतरे लोग**

प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की इस उदासीनता से थक-हार कर स्थानीय लोगों को मजबूरन सड़क पर उतरना पड़ा। प्रदर्शन में शामिल स्थानीय निवासी अमिताभ सिन्हा और नीरज कुमार पाठक समेत अन्य लोगों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द इस सड़क का पक्कीकरण और स्थायी मरम्मत नहीं की गई, तो उनका यह विरोध-प्रदर्शन और भी उग्र रूप लेगा।

# वज्रपात की चपेट में आने से 12 वर्षीय किशोरी की मौत, दादी गंभीर रूप से घायल

**रफ्तार मीडिया संवाददाता**

**बिरनी (गिरिडीह):** बिरनी प्रखंड के गुरहा गांव में रविवार दोपहर वज्रपात की चपेट में आने से 12 वर्षीय एक किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी दादी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका की पहचान गुरहा गांव निवासी थाम्भी राणा की 12 वर्षीय पुत्री (या नतिनी, उपलब्ध जानकारी के अनुसार) दीपिका कुमारी के रूप में हुई है। वहीं घायल महिला की पहचान थाम्भी राणा की लगभग 60 वर्षीय पत्नी नूनी देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दीपिका अपनी दादी के साथ खेत गई थी। दादी खेत में कृषि कार्य कर रही थीं, जबकि दीपिका खेत की मेड़ पर खड़ी थी। इसी दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई और तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ। इसकी चपेट में आने से दीपिका की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि नूनी देवी गंभीर रूप से झुलस गईं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने घायल महिला को तत्काल जमुआ स्थित दुबे नर्सिंग होम पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन राजकुमार पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देते हुए हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इधर, सूचना मिलने पर भरकट्ठा ओपी के एएसआई भक्तलाल मंडल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सोमवार को गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

# सुधीर सिंह बने आजसू पार्टी बोकारो महानगर अध्यक्ष

**रफ्तार मीडिया संवाददाता**

**बोकारो :** आजसू पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा संगठन के विस्तार एवं मजबूती के उद्देश्य से सुधीर सिंह को आजसू पार्टी, बोकारो महानगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर आजसू पार्टी के बोकारो जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने नवमनोनीत महानगर अध्यक्ष सुधीर सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे लंबे समय से संगठन के समर्पित, कर्मठ एवं संघर्षशील कार्यकर्ता रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता एवं जनसंपर्क का लाभ निश्चित रूप से पार्टी को मिलेगा तथा उनके नेतृत्व में बोकारो महानगर संगठन और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनेगा। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव संजय चक्रवर्ती ने कहा कि पार्टी हमेशा जमीनी कार्यकताओं को सम्मान एवं जिम्मेदारी देने में विश्वास रखती है। सुधीर सिंह के नेतृत्व में महानगर संगठन नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा तथा पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और जनहित के मुद्दों को आम जनता तक प्रभावी ढंग से जनता के बीच पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिला प्रभारी कमलेश महतो ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सुधीर सिंह संगठन को नई दिशा और गति प्रदान करेंगे तथा आगामी संगठनात्मक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सुधीर सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल, सक्रिय एवं जनोन्मुखी कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम में जिला सचिव बंकु बिहारी सिंह, बीरेन्द्र हरि, राजेश बोराल, साजिद अनवर, आलम शेख, अरबी खान, राहुल कुमार, पंकज कुमार, रिशव कुमार, रघुवीर साव, कृष्णा साव, अरबाज खान, शाहनवाज अंसारी सहित बड़ी संख्या में आजसू पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शहीद शक्तिनाथ महतो की जयंती पर चंद्रदेव महतो सहित अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**गोविन्द खेत्रपाल**

**सिंदरी :** महान आंदोलनकारी, शोषितों-वंचितों के मसीहा और शहीद शक्तिनाथ महतो जयंती के शुभ अवसर पर आज उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो, पूर्व विधायक आनंद महतो, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के जिला सचिव मन्नू आलम तथा निर्मल रजवार समेत क्षेत्र के कई गणमान्य नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो एवं अन्य अतिथियों ने शहीद शक्तिनाथ महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रदेव महतो ने कहाः शहीद शक्तिनाथ महतो का जीवन संघर्ष और समर्पण की एक बेमिसाल झलक है।

उन्होंने झारखंड आंदोलन, विस्थापितों, मजदूरों और गरीबों के हक-अधिकार के लिए जो लड़ाई लड़ी, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके विचार आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। माल्यार्पण के पश्चात नेताओं ने शहीद शक्तिनाथ महतो के सपनों का समतामूलक और सशक्त झारखंड बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थानीय जनता, विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में झामुमो एवं अन्य दलों के सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में 'शहीद शक्तिनाथ महतो अमर रहें' के गगनभेदी नारे लगाए।

# रामगढ़ में हलचल: पंकज प्रसाद तिवारी बने रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष

**डीके राठौर**

**रामगढ़ :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अनुमोदनोपरांत पंकज प्रसाद तिवारी को संगठन हित में रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसकी आधिकारिक घोषणा प्रदेश महासचिव (संगठन एवं प्रशिक्षण) सुनीत शर्मा द्वारा जारी पत्र के माध्यम से की गई। इस घोषणा के बाद से ही आज रामगढ़ में खासी हलचल देखने को मिली। सोशल मीडिया से लेकर उनके आवास तक बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जनता के हित में लगातार सक्रिय रहे हैं पंकज तिवारी उल्लेखनीय है कि पंकज प्रसाद तिवारी पूर्व में भी रामगढ़ वार्ड के मुखिया रह चुके हैं। उनकी कार्यशैली शुरू से ही जनता के प्रति समर्पित रही है। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में उनके योगदान को देखते हुए ही शीर्ष नेतृत्व व पदाधिकारियों ने उन्हें इस नई और बड़ी जिम्मेदारी से नवाजा है। पार्टी पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि पंकज तिवारी जिला, प्रखंड, पंचायत तथा बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त एवं मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# जेपीएससी-जेएसएससी में कथित अनियमितताओं के विरोध में 4 अगस्त को गढ़वा समाहरणालय पर धरना देगा जेएलकेएम

**मोजम्मिल अंसारी**

**गढ़वा।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की गढ़वा जिला इकाई की ओर से झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षाओं में कथित भ्रष्टाचार, अनियमितताओं तथा विद्यार्थियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर 4 अगस्त को गढ़वा समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन की तैयारी एवं अधिक से अधिक विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को जेएलकेएम की गढ़वा जिला इकाई की बैठक सह संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता और पारदर्शिता किसी भी राज्य के युवाओं के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। यदि भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आती हैं तो इससे लाखों मेहनती अभ्यर्थियों का विश्वास प्रभावित होता है। ऐसे में विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना आवश्यक है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित धरना पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की समस्याओं और उनकी मांगों को सरकार एवं प्रशासन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर सभी विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों को एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। जेएलकेएम की गढ़वा जिला इकाई ने जिले के सभी विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों एवं युवाओं से 4 अगस्त को गढ़वा समाहरणालय के समक्ष आयोजित धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। संगठन का कहना है कि युवाओं की एकजुट भागीदारी से उनकी समस्याओं और मांगों को प्रभावी ढंग से संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जा सकेगा। इस मौके पर पंकज कुमार यादव, जयप्रकाश कुमार पासवान, कंचन कुमार यादव, अजय कुमार यादव, राजीव कुमार कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, अभय कुमार पासवान, प्रभात कुमार दुबे, विनय कुमार सिंह, वीर चौरसिया सहित झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की गढ़वा जिला इकाई के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण संघ की बैठक में प्रखंड कमेटी का हुआ विस्तार

## गोपाल पांडेय बने प्रखंड अध्यक्ष, गणेश पांडेय को मिली सचिव की जिम्मेदारी

**सुमन सिन्हा**

**हजारीबाग :** इचाक प्रखंड अंतर्गत मंगुरा गांव स्थित देवी मंडप परिसर में कान्यकुब्ज ब्राह्मण संघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। बैठक में संगठन के विस्तार एवं समाज को संगठित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। परिचर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से इचाक प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। इसमें गोपाल पांडेय को प्रखंड अध्यक्ष तथा गणेश पांडेय को सचिव बनाया गया। वहीं योगेंद्र मिश्रा, सत्येंद्र पांडेय एवं कृष्णा पांडेय को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यसमिति सदस्य के रूप में अनिल पांडेय, परमानंद पांडेय, कैलाश पांडेय, मनीष मिश्रा, भोला पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, पंकज पांडेय एवं कृष्णा पांडेय का चयन किया गया। बैठक को प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी पांडेय के अलावा प्रदेश प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय पांडेय, अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडेय एवं प्रदेश प्रभारी देवशरण पांडेय ने संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने, समाज में एकजुटता कायम रखने तथा सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री सत्येंद्र शास्त्री ने किया। बैठक में संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा को हेमंत सरकार पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं : विनोद कुमार पांडेय

## जेपीएससी विवाद पर भाजपा के आरोपों को लेकर झामुमो का पलटवार किया युवाओं से अपील

**सौरभ राय**

**रांची :** जेपीएससी द्वारा ली गई 14 वीं पीटी परीक्षा को लेकर झारखंड की सियासत गरमा चुकी है जहां राजधानी रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में युवाओं के द्वारा सत्याग्रह का आयोजन कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है वहीं भाजपा भी राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए नजर आ रही है। इस बीच सतारूढ़ दल झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन किसी भी वर्ग के साथ अन्याय नहीं होने देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। राज्य के युवाओं के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और प्रत्येक छात्र को हर हाल में न्याय मिलेगा।

**हेमंत सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है-विनोद पाण्डे**

विनोद पाण्डे ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जेपीएससी की आड़ में सरकार के खिलाफ साजिश रचने तथा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ में संलिप्त बड़ी मछलियों के चेहरे बहुत जल्द बेनकाब होंगे। जैसे ही गड़बड़ी की शिकायत मिली, माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। सरकार ने केवल विभागीय कार्रवाई तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि प्राथमिकी दर्ज कराई, जांच एजेंसी को जेपीएससी कार्यालय भेजा गया और चेयरमैन सहित संबंधित पदाधिकारियों से पूछताछ की जा रही है। अब तक कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जो इस बात का प्रमाण है कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

**भाजपा के शासनकाल में जेपीएससी विवादों और भ्रष्टाचार से घिरी रही है-झामुमो**

जेपीएससी के मुद्दे पर भाजपा लगातार झारखंड सरकार पर निशाना साधते हुए नजर आ रही है इस पर झामुमो द्वारा बताया गया कि विपक्ष को हेमंत सरकार पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है। विनोद पाण्डे ने कहा झारखंड के युवा आज भी नहीं भूले हैं कि भाजपा के शासनकाल में जेपीएससी की परीक्षाएं लगातार विवादों, अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रहीं। राज्य गठन के बाद बाबूलाल मरांडी की सरकार के समय पहली संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा के दौरान मूल्यांकन प्रक्रिया, उत्तर पुस्तिकाओं में कथित हेरफेर और चयन प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठे। बाद के वर्षों में इन मामलों की जांच केंद्रीय एजेंसियों तक पहुंची और लंबी कानूनी प्रक्रिया चली।

**अर्जुन मुंडा और रघुवर दास के तत्कालीन सरकारों पर लगाया गया गंभीर आरोप**

झामुमो ने ने कहा कि अर्जुन मुंडा सहित भाजपा के विभिन्न कार्यकालों में आयोजित जेपीएससी परीक्षाओं को लेकर भी कॉपियों में कथित हेरफेर, नंबर बढ़ाने, भाई भतीजावाद तथा चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्न उठते रहे। इन मामलों ने राज्य की भर्ती व्यवस्था की विश्वसनीयता को गहरा आघात पहुंचाया और लंबे समय तक अभ्यर्थियों को न्याय के लिए संघर्ष करना पड़ा। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के शासनकाल का जिक्र करते हुए विनोद पाण्डे ने कहा कि उस दौरान भी जेपीएससी परीक्षाओं का नियमित कैलेंडर लागू नहीं हो सका। भर्तियों में लगातार विलंब, नियमों को लेकर विवाद, कट ऑफ, परिणाम प्रकाशन तथा विभिन्न नियुक्ति प्रक्रियाओं पर अभ्यर्थियों का असंतोष बार-बार सड़कों पर दिखाई दिया। उस दौर में हजारों युवाओं का कीमती समय अनिश्चितता और प्रतीक्षा में बीता।

**युवाओं का विश्वास ही राज्य की सबसे बड़ी पूंजी है वे हेमन्त सरकार पर विश्वास रखे दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा- विनोद पाण्डे**

युवाओं से अपील करते हुए झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद पाण्डे ने कहा कि हेमंत सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि राज्य के युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे, दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो और प्रत्येक भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं मेरिट आधारित हो। राज्य सरकार किसी भी प्रकार की अनियमितता पर पर्दा डालने के बजाय कानून के अनुसार कार्रवाई कर रही है। यही हेमंत सरकार और पूर्ववर्ती भाजपा सरकारों की कार्यशैली में मूलभूत अंतर है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का मानना है कि युवाओं का विश्वास ही राज्य की सबसे बड़ी पूंजी है। इस विश्वास को बनाए रखने के लिए सरकार हर आवश्यक कदम उठाती रहेगी और किसी भी दोषी को कानून से बचने का अवसर नहीं दिया जाएगा।

# कुजू पश्चिमी पंचायत में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**आशीष कुमार मुखर्जी**

**कुजू/रामगढ़ :** मांडू प्रखंड अंतर्गत कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया के निजी कार्यालय परिसर में रविवार को ललिता नेत्रालय, रामगढ़ एवं संजीवनी आयुर्वेद, कुजू के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने अपनी आंखों एवं स्वास्थ्य की जांच कराई। नेत्र परीक्षण के उपरांत पात्र लोगों को अनुदानित दर पर चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। शिविर का शुभारंभ कुजू पश्चिमी पंचायत के मुखिया जयकुमार ओझा ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लोगों को समय पर बीमारी की पहचान और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में ललिता नेत्रालय के नेत्र विशेषज्ञ उत्तम कुमार एवं सहयोगी प्रकाश कुमार ने लोगों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। वहीं संजीवनी आयुर्वेद के चिकित्सक डॉ. रंजीत सिंह, सहायिका नीलोफर परवीन, संयोजक प्रमोद कुमार पांडेय एवं मो. नौशाद ने आधुनिक मशीनों के माध्यम से दर्जनों लोगों की स्वास्थ्य जांच की तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया। शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया तथा आयोजकों के इस प्रयास की सराहना की।

# भाजपा की रणनीतिक बैठक में आगामी अभियानों की बनी रूपरेखा, राज सिन्हा ने दिए निर्देश

## 4 अगस्त को धनबाद पहुंचेगी समरसता संकल्प कलश यात्रा, 10 से 14 अगस्त तक निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

गोवर्धन रजक

**धनबाद :** धनबाद विधानसभा क्षेत्र के जगजीवन नगर स्थित विधायक राज सिन्हा के आवासीय कार्यालय में रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकताओं और पदाधिकारियों की एक अहम रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, समरसता संकल्प अभियान, तिरंगा यात्रा, 'हर घर तिरंगा' अभियान और मतदाता सूची पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई।

**समरसता संकल्प अभियानः 4 अगस्त को होगा कलश का स्वागत**

बैठक के बाद विधायक राज सिन्हा ने बताया कि धनबाद विधानसभा के आठों मंडलों के अध्यक्षों, पदाधिकारियों और सक्रिय कार्यकताओं को आगामी कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 4 अगस्त को समरसता संकल्प अभियान के तहत संत शिरोमणि गुरु रविदास की जन्मस्थली से निकली पवित्र मिट्टी का कलश धनबाद पहुंचेगा। यह पवित्र कलश यात्रा पुटकी, केंदुआ, गोधर और बैंक मोड़ होते हुए जोड़ा फाटक स्थित राम मंदिर पहुंचेगी। राम मंदिर में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन इसे दर्शन के लिए विभिन्न मंडलों में भेजा जाएगा।

**हर घर तिरंगा' और 10 से 14 अगस्त तक भव्य तिरंगा यात्रा**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विधायक ने जानकारी दी कि 10 से 14 अगस्त तक जिला स्तर पर एक भव्य 'तिरंगा यात्रा' निकाली जाएगी। इसके साथ ही 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क कर लोगों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। संगठन ने यह भी निर्णय लिया है कि जो लोग तिरंगा खरीदने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, उन्हें भाजपा की ओर से सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध कराया जाएगा।

**मतदाता सूची में नाम जुड़वाएंगे कार्यकर्ता, 14 अगस्त को मौन यात्रा**

विधायक राज सिन्हा ने कार्यकताओं को मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रारूप (ड्राफ्ट) सूची जारी होने के बाद जिन भी पात्र मतदाताओं के नाम छूट जाएंगे, उनका नाम जुड़वाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लोगों की मदद करेंगे। इसके अलावा, 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता बांह पर काली पट्टी बांधकर मौन यात्रा निकालेंगे और एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन कर विभाजन के दर्द को याद करेंगे।

## समाचार सार

### चन्द्रदेव महतो व मथुरा प्रसाद महतो ने अस्पताल पहुंचकर जाना इन्द्रजीत महतो का हाल-चाल

**सिंदरी (गोविन्द खेत्रपाल) :** पूर्व विधायक इन्द्रजीत महतो के स्वास्थ्य का हाल-चाल जानने हेतु सिंदरी के विधायक कॉमरेड चन्द्रदेव महतो एवं झारखंड विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने एसजेएएस (SJAS) अस्पताल पहुंचकर उनसे विशेष मुलाकात की। अस्पताल दौरे के दौरान दोनों सम्मानित जनप्रतिनिधियों ने इन्द्रजीत महतो जी के पास बैठकर उनका कुशलक्षेम जाना और चिकित्सकों से उनके चल रहे इलाज एवं स्वास्थ्य स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से इन्द्रजीत महतो के शीघ्र एवं पूर्णतः स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर ऊर्जावान जीवन के लिए प्रार्थना की। जनप्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि इन्द्रजीत महतो जल्द ही पूरी तरह स्वस्थ होकर हम सभी के बीच लौटेंगे और पुनः जनसेवा के कार्यों में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएंगे।

### 4 अगस्त को मनेगी दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पुण्यतिथि, स्थल चयनित

**बोकारो :** झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक सर्किट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाने की सहमति बनी। समारोह टाउन हॉल के समीप आयोजित की जाएगी।महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा की दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी सिर्फ एक नाम नहीं झारखंड के गरीब दलित पिछड़ा आदिवासी मूलनिवासियों की पहचान है उनके साहस और संघर्ष की परिभाषा शब्दों में बयान कर पाना असंभव है , झारखंड अलग राज्य की लड़ाई आजादी से पहले से लड़ी जा रही थी इस लड़ाई को गुरु जी ने और धारधार और सशक्त बनाया , यदि वीर योद्धा दिशोंम गुरु शिबू सोरेन जी नहीं होते तो शायद आज हमे हमारा सोना झारखंड नहीं मिल पाता, वीर शिबू सोरेन जी ने झारखंड अलग राज्य का निर्माण किया साथ ही अपने अथक प्रयासों से झारखंड को बदहाली और अवस्था से बाहर निकाल कर झारखंड के खुशाली और बिकास की गाथा को अपने संघर्षों से गढ़ा,आज गुरु जी के सपनों के झारखंड को उनके पुत्र हमारे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी आगे लेकर बढ़ रहे और झारखंड को खुशहाली और तरक्की पे पथ पर ले जाने के लिए संकल्पित है। जिलाध्यक्ष रतन लाल मांझी ने कहा कि गुरु जी प्रेरणास्रोत है। राज्य को अलग पहचान दिलायी एवं उन्होंने समग्र विकास की चिंता की।

### जन सेवा पार्टी की बैठक: अमर शहीद प्रमोद कुमार की स्मृति में होगी विशाल प्रतिभा प्रतियोगिता, सांस्कृतिक मंच का होगा गठन

**मिहिजाम :** मिहिजाम स्थित पाल बगान में जन सेवा पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन अचिंतो मंडल ने किया, जबकि मुख्य रूप से दल के नेता राकेश लाल उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राकेश लाल ने घोषणा की कि दल द्वारा राजनीति से अलग सामाजिक कार्यों के लिए जल्द ही एक सांस्कृतिक मंच का गठन किया जाएगा। इसके अलावा, मिहिजाम के अमर शहीद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सेनानायक प्रमोद कुमार की पावन स्मृति में एक विशाल प्रतिभा ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें पूरे जामताड़ा जिला एवं चित्तरंजन के विद्यार्थी भाग लेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना, मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर देना और शहीद प्रमोद कुमार की यादों को जीवित रखना है। बैठक में काजू शर्मा, जितेन मंडल, सामू दास, चंद्रशेखर साव, अमित गोराई, रुकसाना खातून आदि ने विचार रखे। इस दौरान मो रियाज आलम, समसा खातून, विजय सरकार, रजनी कुमारी, सैकत मजूमदार, बिमला देवी और राहुल सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री के आह्वान पर मिहिजाम में निकली भव्य नशा मुक्ति जागरूकता रैली

**मिहिजाम :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नशा मुक्त युवाझविकसित भारत संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर रविवार को ओम प्रकाश कबड्डी अकैडमी भारत ने भव्य नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली। रैली संध्या छह बजे बेसिक स्कूल, मिहिजाम से स्टेशन चौक तक आयोजित हुई, जिसमें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने हाथों में नशा विरोधी स्लोगन और संदेश लिए लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। अभियान का नेतृत्व अकादमी के सचिव राज कमल कुमार ने किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने नशा से दूर रहने और दूसरों को भी इसके खिलाफ प्रेरित करने की शपथ ली। राज कमल कुमार ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा देश निर्माण में लगनी चाहिए। रैली का मुख्य संदेश था। नशा मुक्त भारत हमारा संकल्प, स्वस्थ युवा सशक्त भारत।

# बज्झर धाम मंदिर में भव्य पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

## 20 दीक्षा व 5 विद्यारंभ संस्कार हुए आयोजित

राजु मंडल

**गांडेय :** गांडेय स्थित बज्झर धाम मंदिर प्रांगण में रविवार को पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य और भक्तिमय माहौल में समापन हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय श्रद्धालुओं और गायत्री परिवार से जुड़े सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महायज्ञ का सफल संचालन गिरिडीह गायत्री शक्तिपीठ से आई कार्यकताओं की टोली द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व पूनम गुप्ता ने किया। उनकी देखरेख में पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंच कुंडीय महायज्ञ के हवन एवं पूजन की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं संस्कार कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। अनुष्ठान के दौरान 20 लोगों ने दीक्षा संस्कार ग्रहण किया, वहीं 5 बच्चों का विद्यारंभ संस्कार कराकर उन्हें शिक्षा और ज्ञान के मार्ग पर अग्रसर होने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गांडेय के सभी गायत्री परिजनों की सराहनीय भूमिका रही। सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। महायज्ञ के समापन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

# चिरकुंडा से शुरू हुआ '10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान', समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प

रफ्तार मीडिया संवाददाता

**कुमारधुबी :** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का शुभारंभ रविवार को चिरकुंडा के राजयोग भवन, नेहरू रोड में किया गया। अभियान के तहत बड़ी संख्या में लोगों ने नशामुक्त जीवन जीने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज नशे की बढ़ती प्रवृत्ति युवाओं के भविष्य, परिवारों की खुशहाली और समाज की शांति के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। ऐसे में हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करे।

आयोजकों ने बताया कि यह विशेष अभियान 6 अगस्त से 20 अगस्त 2026 तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य 10 करोड़ लोगों तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाना और उन्हें नशा छोड़ने की प्रतिज्ञा दिलाना है। अभियान के दौरान विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे, अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करेंगे तथा स्वस्थ और संस्कारित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। ब्रह्माकुमारी संस्था ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस जनजागरण अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाएं, ताकि आने वाली पीढ़ी को नशे की बुराइयों से बचाया जा सके।

# रंका थाना क्षेत्र में विशेष छापेमारी अभियान, 6 अभियुक्त गिरफ्तार

मोजम्मिल अंसारी

**गढ़वा।** रंका थाना पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों के अभियुक्तों, वारंटियों एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाकर छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 1 अगस्त 2026 की रात थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी के नेतृत्व में रंका थाना के पुलिस पदाधिकारियों एवं सशस्त्र बलों की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विशेष छापेमारी अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य विभिन्न कांडों के अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ-साथ न्यायालय द्वारा जारी वारंट एवं कुर्की आदेशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना था। छापेमारी के दौरान कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि सभी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गढ़वा पुलिस ने कहा है कि जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा न्यायालय के आदेशों के शत-प्रतिशत अनुपालन के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष अभियान नियमित रूप से संचालित किए जाएंगे।

# मित्रता दिवस को लेकर पार्क में रही चहल पहल एक दूसरे को बैंड बांध व सोशल मीडिया के जरिए लोगों को दी शुभकामनाएं

**दोस्ती का मतलब विश्वास, त्याग व अपनापन**

रफ्तार मीडिया संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** भले ही कृष्ण व सुदामा की मित्रता को आज के जीवन में उतारा नहीं जा सकता, लेकिन आज भी लोग मित्रता को समझ व पहचान रहे हैं। फ्रेंडशिप डे शहर व जिले के अन्य हिस्से में रविवार को लोगों की दोस्ती के प्रति उत्सुकता संबंध को और प्रगाढ़ करने वाला रहा। खास तौर पर सोशल मीडिया के वर्तमान समय में दोस्त भले ही दूर हों, लेकिन दिलों को काफी नजदीक लाया जा सका है। लोग अपने मित्रों को सुबह से ही मैसेज के माध्यम से संदेश का आदान-प्रदान करते रहे। बच्चे जहां अपने सहपाठी मित्रों को फ्रेंडशीप बैंड बांधकर चॉकलेट खिलाकर प्रेम का इजहार किए तो बड़ों ने भी एक-दूसरे से खूब मस्ती की। झुमरीतिलैया के ब्लॉक स्थित पार्क में सुबह से ही युवक-युवतियों की भीड़ लगी रही। यहां पर संध्या तक लगभग 132 की संख्या में लोग मौज-मस्ती के लिए पहुंचे और सेल्फी का दौर भी चलता रहा। उपस्थित लोगों ने झूले का भी आनंद उठाया। इस अवसर पर कई युवतियां भी मेंहदी रचाकर पहुंचीं। छात्रा तनुश्री ने कहा कि दोस्ती का मतलब निरूस्वार्थ मदद और स्वयं से अधिक किसी अन्य पर विश्वास होना चाहिए तभी यह पर्व सार्थक होगा। छात्रा लवली कुमारी ने कहा कि दोस्ती का मतलब त्याग और समर्पण होना चाहिए। भेदभाव से दूर रहने की जरूरत है। दोस्ती अनेक रूप में है। किसी ने इसे विश्वास के रूप में स्वीकार किया तो किसी निरूस्वार्थ मदद से दोस्ती का नाम दिया है। वहीं वर्षा कुमारी ने कहा कि दोस्ती ही सबकुछ है, दोस्ती एक मिसाल है। स्नेह व समर्पण की डोर से दोस्ती बंधी होती है। ईशा एवं तरन्नुम खान ने कहा कि दोस्ती में कोई धर्म है और जात-पात व ना ही ऊंच-नीच। यह दोस्ती है रिश्ते का, एक-दूसरे की भावना को समझने और सुख-दुख में हिस्सा बनने का। उन्होंने कहा कि दोस्ती में पारिवारिक नाम भी दिए गए हैं। इसमें भाई-बहन, माता-पिता, मामा-मामी हैं। दोस्ती वही है जो आपको सही-गलत बताए। अच्छे दोस्त को फ्रेंडशिप बांधकर दोस्ती को यादगार बनाया गया। इसके अलावा कई अन्य लोगों ने भी अलग-अलग तरीके से फ्रेंडशिप डे मनाया। किसी ने बुके देकर दोस्ती को यादगार बनाया तो कई लोग होटलों एवं ठेला-खोमचा पर खाने-पीने की सामग्री के साथ मनाया।

# सावन में बेलपत्र व फूलों का बाजार गुलजार, कोलकाता से फूल तो झारखंड-बंगाल से पहुंच रहे बेलपत्र

## सोमवारी पर कई गुना बढ़ जाती है मांग, शिवालयों में फूलों के साथ आर्टिफिशियल सजावट का भी बढ़ा चलन

रफ्तार मीडिया संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** सावन माह में भगवान शिव की आराधना के लिए बेलपत्र, धतूरा, आक, गेंदा, कमल और विभिन्न प्रकार के फूलों की मांग चरम पर पहुंच गई है। शहर के प्रमुख शिवालयों और मंदिरों के बाहर फूल एवं पूजन सामग्री की दुकानें पूरी तरह सज चुकी हैं। सावन के प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने से बेलपत्र और फूलों की बिक्री सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ जाती है। फूल विक्रेताओं ने बताया कि पूजा में उपयोग होने वाले गेंदा, गुलाब, कमल और अन्य फूल मुख्य रूप से कोलकाता के थोक बाजारों से मंगाए जाते हैं, जबकि बेलपत्र झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल से भी आता है। सावन के दौरान मंदिर समितियां और श्रद्धालु पहले से ही पूजन सामग्री एवं सजावट का ऑर्डर दे देते हैं, जिससे कारोबार में अच्छी बढ़ोतरी होती है। दुकानदारों के अनुसार भगवान शिव के श्रृंगार में उपयोग होने वाले फूलों के झूमरों की सबसे अधिक मांग रहती है। बाजार में कमल 30 रुपये प्रति पीस, आक (अकवन) की माला 40 रुपये, बेलपत्र 1 रुपये प्रति पत्ता, धतूरा 10 रुपये, गुलाब 15 रुपये, अपराजिता 100 रुपये तथा पीले गेंदा की माला 70 रुपये से उपलब्ध है। वहीं मंदिरों के लिए संपूर्ण फूलों का श्रृंगार 1100 रुपये से शुरू होकर श्रद्धालुओं की आवश्यकता के अनुसार 5100 रुपये या उससे अधिक तक तैयार किया जा रहा है। फूल विक्रेता संतोष मालाकार ने बताया कि सावन में बेलपत्र और फूलों की मांग काफी बढ़ जाती है। मंदिर समितियां सजावट के लिए पहले से ऑर्डर देती हैं और पूरे महीने फूलों से बने झूमरों की सबसे अधिक बिक्री होती है। उन्होंने कहा कि ताजे फूलों की मांग आज भी बनी हुई है, लेकिन कीमत अधिक होने के कारण कई लोग आर्टिफिशियल फूलों से भी मंदिरों की सजावट करा रहे हैं। वहीं फूल विक्रेता रमेश मालाकार ने बताया कि भगवान शिव को अर्पित किए जाने वाले बेलपत्र की सबसे अधिक मांग सोमवारी के दिन रहती है। बेलपत्र मुख्य रूप से झारखंड और पश्चिम बंगाल से मंगाया जाता है। उन्होंने बताया कि इन दिनों गेंदा फूल की एक कुड़ी (गट्ठर) की थोक कीमत लगभग 800 से 1000 रुपये तक पहुंच गई है। बदलते समय के साथ अब प्रमुख शिवालयों को छोड़कर अधिकांश छोटे मंदिरों में ताजे फूलों की बजाय आर्टिफिशियल फूलों से सजावट का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है। इसके बावजूद शिवभक्तों की आस्था और सावन में पूजन सामग्री की खरीदारी से स्थानीय बाजारों में रौनक बनी हुई है।

# बरसात में डेंगू-मलेरिया से रहें सतर्क बचाव ही सबसे बड़ा उपाय : उपायुक्त

रफ्तार मीडिया संवाददाता

**जामताड़ा।** बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य वैक्टर जनित बीमारियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार ने जिलेवासियों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छरों के प्रजनन की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही गंभीर बीमारी का कारण बन सकती है। उपायुक्त ने कहा कि तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, उल्टी अथवा अत्यधिक कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने घरों, मोहल्लों और कार्यस्थलों पर साफ-सफाई बनाए रखने तथा कहीं भी पानी जमा नहीं होने देने की अपील की।उन्होंने सलाह दी कि सप्ताह में कम से कम एक दिन कूलर, पानी की टंकी और अन्य जल संग्रहण वाले बर्तनों को पूरी तरह खाली कर साफ करें तथा अच्छी तरह सुखाने के बाद ही दोबारा उपयोग में लाएं। घर के आसपास गड्ढों में पानी जमा होने पर उन्हें मिट्टी से भर दें या बड़े जलभराव वाले स्थानों पर मिट्टी का तेल डालें, ताकि मच्छरों का प्रजनन न हो सके। उपायुक्त ने कहा कि रात में मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें, दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगाएं तथा आवश्यकतानुसार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराएं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू, मलेरिया सहित अन्य वैक्टर जनित रोगों की जांच, उपचार और दवाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से मलेरिया को अधिसूचित बीमारी घोषित किया गया है। यदि किसी व्यक्ति में मलेरिया की पुष्टि होती है तो उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराना तथा इसकी सूचना संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को देना अनिवार्य है। उपायुक्त ने कहा कि डेंगू एवं मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन के साथ-साथ आम लोगों की सामूहिक भागीदारी भी बेहद आवश्यक है।

संपादकीय

# विकास की दौड़ पर पर्यावरण का ब्रेक

**अभिमत**

दुनिया में जहां भी पर्यावरण संरक्षण के सवाल को हाशिये पर छोड़कर बेलगाम विकास को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति हावी हुई है, वहां इसके बहुस्तरीय खमियाजे सामने आए। औपचारिक तौर पर इस हकीकत को सभी देश स्वीकार करते हैं, लेकिन विकास कार्यों को समय की जरूरत बताकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में शायद ही कभी सरकारों ने हिचक दिखाई हो। एक ओर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अक्सर होने वाले सम्मेलनों में पर्यावरण पर चिंता जताई जाती है, उसे जीव-जगत के सुरक्षित जीवन का वाहक बताया जाता है, वहीं वैसी विकास परियोजनाओं को मंजूरी देने से लेकर उसे पूरा करने तक कई बार पर्यावरण के प्रति जताई जाने वाली चिंताओं को दरकिनार कर दिया जाता है।

फिर बाद में जब इसके व्यापक नुकसान के तथ्य सामने आते हैं और उन पर सवाल उठते हैं, तब सिर्फ माफी मांगने की औपचारिकता पूरी कर दी जाती है। हालांकि सरकार के सिर्फ माफी मांग लेने से किसी परियोजना की वजह से पर्यावरण या स्थानीय पारिस्थितिकी को हुए नुकसान की भरपाई संभव नहीं हो पाती। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के पहलू को ताक पर रखकर विकास परियोजनाओं को मंजूरी देने के सरकारी रवैये पर स्वाभाविक ही सवाल उठते हैं। इसी संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपने एक अहम फैसले में कहा है कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचा देने के बाद माफी मांगने की व्यवस्था गलत है और भविष्य में कोई भी कंपनी पहले इजाजत लिए बिना अपना काम शुरू नहीं कर पाएगी। जाहिर है, शीर्ष अदालत ने विकास और पर्यावरण संरक्षण के सवाल पर संतुलन कायम करने की कोशिश की है।

गौरतलब है कि वर्ष 2021 के एक सरकारी आदेश के तहत केंद्र सरकार को यह अधिकार दिया गया था कि वह किसी परियोजना का काम शुरू होने या उसके पूरा होने के बाद भी पर्यावरणीय मंजूरी दे सकती है। प्रथम दृष्टया ही इस व्यवस्था में पर्यावरणीय चिंताओं को खारिज करने की मंशा का पता चलता है, जिसमें इस बात का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा गया कि अगर किसी परियोजना से स्थानीय पारिस्थितिकी को स्थायी या दीर्घकालिक क्षति पहुंचती है, तो उसका समाधान कैसे निकाला जाएगा। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को रद्द कर दिया। हालांकि अदालत ने यह फैसला केवल भविष्य में लागू होने वाली परियोजनाओं के संदर्भ में दिया है। पहले मंजूरी पा चुकी परियोजनाएं इससे प्रभावित नहीं होंगी। इसलिए यह सवाल बना रहेगा कि पिछले करीब पांच वर्षों के दौरान पर्यावरण पर पड़ने वाले विपरीत असर के पहलू को दरकिनार करके जिन परियोजनाओं को पूरा होने दिया गया और बाद में पर्यावरणीय मंजूरी दी गई, उसके पीछे सरकार की क्या मंशा थी। इस मसले पर लंबे समय से बहस होती रही है कि दुनिया के आगे बढ़ने और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए विकास निश्चित रूप से एक जरूरी कारक है।

## इतिहास

### क्या-क्या हुआ

- 1738 फ्रांस ने तुर्की के खिलाफ युद्ध में सम्राट कैरेल सहावा को सहायता प्रदान किया।
- 1763 ब्रिटिश सेना का पश्चिम बंगाल के गिरिया में मीर कासिम से युद्ध हुआ युद्ध की वजह ब्रिटिश सेना का मुर्शिदाबाद पर कब्जा करने था।
- 1790 अमेरिकी सरकार द्वारा पहली बार अमेरिका में जनगडना कराई गयी।
- 1802 एक जनमत संग्रह में, नेपोलियन बोनापार्ट को फ्रांस के प्रथम कौंसुल के रूप में पुष्टि की गई।
- 1830 हाल ही में जुलाई क्रांति द्वारा मजबूर उनके हाथ, चार्ल्स एक्सफ्रैंस को अपने पोते हेनरी के पक्ष में सिंहासन छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था।
- 1831 नीदरलैंड की सेना ने दस दिनों के अभियान के बाद बेल्जियम पर कब्जा किया।
- 1870 टॉवर सबवे, दुनिया का पहला भूमिगत कंदरा मार्ग, लंदन में टेम्स नदी के नीचे खोला गया।
- 1870 टॉवर सबवे (आंतरिक चित्र), दुनिया के सबसे पुराने भूमिगत रेलवे में से एक, लंदन में टेम्स नदी के नीचे खोला गया।
- 1876 डकोटा टेरिटरी के डेडवुड में एक पोकेरगेम के दौरान अमेरिकी कानूनविद् वाइल्ड बिल हिकॉक की हत्या कर दी गई थी।
- 1903 आंतरिक मैसेडोनियन क्रांतिकारी संगठन ने मैसेडोनिया में ओटोमन साम्राज्य के खिलाफ इलिंडन विद्रोह शुरू किया।
- 1905 व्यापारी और दाहिनी ओरिएंट राजनेता ईसाई लुंडबर्ग स्वीडन के प्रधानमंत्री बने।
- 1922 चीन में एक तूफान से लगभग 60,000 लोग मारे गए।
- 1923 केल्विन कूलिज संयुक्त राज्य अमेरिका के 30 वें राष्ट्रपति बने वारेन जी हार्डिंग को घातक दिल का दौरा पड़ा।
- 1934 जर्मनी के नेता एडॉल्फ हिटलर जर्मनी के राष्ट्रपति और चांसलर बने आज जर्मनी के राष्ट्रपति पॉल वॉन हिंडनबर्ग के निधन के बाद
- 1939 भौतिक विज्ञानी लेओ स्जीलार्ड ने अल्बर्ट आइंस्टीन द्वारा हस्ताक्षरित अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन . रूजवेल्ट को एक पत्र लिखा, जिसमें चेतावनी दी गई कि जर्मनी परमाणु बम विकसित कर सकता है, जिसके कारण मैनहट्टन परियोजना की स्थापना हुई।
- 1947 ब्रिटिश साउथ अमेरिकन एयरवेज का विमान अर्जेंटीना एंडीज में माउंट टुपुंगातो में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें से मलबे का पता नहीं चल पाया।

## कविता

### जीवन का विस्तार

दृष्टि बदलते ही खुला, जीवन का विस्तार।
मन ही बाँधे देह को, मन ही दे उद्धार॥

तारे दूर नहीं कभी, दूरी अपनी दृष्टि।
मन सीमाओं में बँधा, भूला नभ की सृष्टि॥
ब्रह्मांड देता हर घड़ी, परिवर्तन का सार–
दृष्टि बदलते ही खुला, जीवन का विस्तार॥

दुख उतने गहरे नहीं, जितना मन का शोर।
अपनी ही दीवार से, टकराए हर ठौर॥
जो बहना स्वीकार ले, उसका हो संसार।
दृष्टि बदलते ही खुला, जीवन का विस्तार॥

पत्थर भी घिस-घिस बने,निर्मल कंकड़ रूप।
अहं बचाने में लगे, टूटे पर्वत भूप ॥
सीख गए झुकना तभी, उसका हुआ उद्धार।
दृष्टि बदलते ही खुला, जीवन का विस्तार॥

प्रेम न पूजा मात्र है, प्रेम नहीं उपदेश।
प्रेम वही जो बाँट दे, अपना सुख-संदेश॥
अनंत कहीं बाहर नहीं, भीतर का आकार।
दृष्टि बदलते ही खुला, जीवन का विस्तार॥

**डॉ. सत्यवान सौरभ**
लेखक

लोक मुद्दा

# बहन: संस्कृति, संवेदना और सशक्त भारत की आधारशिला

रिश्तों की दुनिया में यदि कोई संबंध निस्वार्थ प्रेम, आत्मीयता, विश्वास, त्याग और आजीवन साथ का सबसे सुंदर उदाहरण है, तो वह बहन का रिश्ता है। बहन केवल परिवार की सदस्य नहीं होती, वह घर की संवेदना, संस्कारों की संरक्षिका, परिवार की आत्मा और समाज की मानवीय चेतना की वाहक होती है। राष्ट्रीय बहन दिवस इसी अनुपम रिश्ते के सम्मान, उसकी गरिमा और उसके जीवनदायी योगदान को स्मरण करने का अवसर है। प्रत्येक वर्ष अगस्त के प्रथम रविवार को मनाया जाने वाला यह दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि यदि परिवारों में बहनों का स्नेह और संस्कार जीवित रहेंगे, तभी समाज में समरसता और राष्ट्र में मानवीय मूल्यों की धारा प्रवाहित होती रहेगी। आज जब भौतिकता, प्रतिस्पर्धा और आत्मकेंद्रित जीवनशैली रिश्तों की ऊष्मा को चुनौती दे रही है, तब राष्ट्रीय बहन दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की उस अमूल्य परंपरा का पुनर्स्मरण है, जहाँ नारी को परिवार की धुरी, संस्कृति की संवाहिका और भविष्य की निमार्ता माना गया है।

**ललित गर्ग**

बहन का सम्मान केवल एक दिवस का उत्सव नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। क्योंकि जहाँ बहनों का सम्मान होता है, वहाँ परिवारों में संस्कार खिलते हैं, समाज में संवेदनाएँ जीवित रहती हैं और राष्ट्र अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है। यही राष्ट्रीय बहन दिवस का संदेश है।

बहन का व्यक्तित्व केवल अपने भाई या परिवार तक सीमित नहीं रहता, वह आने वाली पीढ़ियों के संस्कारों का निर्माण करती है। उसके व्यक्तित्व में करुणा, सहनशीलता, सेवा, संयम और समर्पण जैसे गुण समाज को मानवीय बनाते हैं। इसी व्यापक दृष्टि को साकार करने की दिशा में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा द्वारा 1 अगस्त 2026 को जैन विश्व भारती, लाडनूं में राष्ट्रसंत आचार्य श्री महाश्रमणजी की मंगल सन्निधि में आयोजित ह्यबेटी तेरापंथ कीह्न चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी अध्याय बनकर उभरा। राष्ट्रीय बहन दिवस की भावना के अनुरूप आयोजित यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि नारी चेतना, बहन संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों के पुनर्जागरण का सशक्त अभियान था।

देश के विभिन्न राज्यों से हजारों बेटियों और बहनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय नारी केवल परिवर्तन की साक्षी नहीं, बल्कि परिवर्तन की सबसे बड़ी वाहक है। सम्मेलन में उपस्थित प्रत्येक बेटी और बहन अपने साथ केवल उत्साह नहीं लाई थी, बल्कि संस्कार, सेवा, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक नया संकल्प लेकर आई थी। यह दृश्य भारतीय संस्कृति के उस उज्ज्वल भविष्य का संकेत था, जिसमें नारी केवल सम्मान की पात्र नहीं, बल्कि समाज-निर्माण की सक्रिय भागीदार है। इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहाँ नारी सशक्तिकरण को केवल अधिकारों की भाषा में नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व, संस्कार, नेतृत्व और आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ा गया। आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वास्तविक सशक्तिकरण वही है जो व्यक्ति को आत्मविश्वासी बनाए, परिवार को सुदृढ़ करे, समाज को संगठित करे और राष्ट्र को ऊँचाइयों तक ले जाए।

राष्ट्रसंत आचार्य श्री महाश्रमणजी के प्रेरणादायी सान्निध्य ने इस सम्मेलन को आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान की। आचार्यश्री का संपूर्ण जीवन नारी गरिमा, नैतिक

मूल्यों, शिक्षा, आत्मानुशासन और मानवीय चेतना के विकास के लिए समर्पित रहा है। उनके मार्गदर्शन में चल रहे अनेक कार्यक्रमों ने समाज में यह विश्वास जगाया है कि नारी केवल घर की शक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र के चरित्र निर्माण की आधारशिला है। उनके संदेशों में बार-बार यह भाव उभरता है कि यदि नारी शिक्षित, संस्कारित, आत्मविश्वासी और मूल्यनिष्ठ होगी तो परिवार, समाज और राष्ट्र स्वयं सुदृढ़ बन जाएगा। इस अवसर पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के अध्यक्ष श्री महेंद्र नाहटा ने अत्यंत सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ह्यनारी के बिना राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। जिस समाज ने अपनी बेटियों और बहनों को अवसर, सम्मान और संस्कार दिए हैं, वही समाज स्थायी विकास की दिशा में आगे बढ़ा है। आचार्य श्री महाश्रमणजी के मार्गदर्शन में चल रहे नारी उत्थान के विविध कार्यक्रम केवल महिलाओं को सशक्त नहीं बना रहे, बल्कि पूरे समाज में नैतिक जागरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आधार बन रहे हैं।ह्न उन्होंने कहा कि ह्यबेटी तेरापंथ कीह्न केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि ऐसी वैचारिक यात्रा है जो बेटियों और बहनों को आत्मगौरव, नेतृत्व, सेवा और संस्कार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ रही है।

वास्तव में भारत की आत्मा उसकी संस्कृति में बसती है और भारतीय संस्कृति का सबसे सुंदर स्वरूप उसके पारिवारिक संबंधों में दिखाई देता है। बहन का रिश्ता केवल राखी के धागे तक सीमित नहीं है, वह विश्वास, सहयोग, प्रेरणा और नैतिक शक्ति का ऐसा सूत्र है जो परिवारों को टूटने नहीं देता। यदि हर बेटी अपने संस्कारों से एक परिवार को प्रकाशित करती है, तो हर बहन अपने व्यवहार से समाज में संवेदनाओं का विस्तार करती है। आज आवश्यकता केवल महिलाओं को अवसर देने की नहीं, बल्कि उन्हें निर्णय प्रक्रिया, सामाजिक नेतृत्व, सांस्कृतिक संरक्षण और राष्ट्रीय विकास के केंद्र में स्थापित करने की है। जब बेटियां शिक्षा, संस्कार, आत्मनिर्भरता और आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध होंगी, तभी भारत विश्वगुरु बनने की अपनी कल्पना को वास्तविकता में बदल सकेगा। आर्थिक विकास महत्वपूर्ण है, परंतु नैतिक विकास उसके बिना अधूरा है। और इस नैतिक विकास की सबसे बड़ी वाहक हमारी बेटियां और बहनें ही हैं।

राष्ट्रीय बहन दिवस का वास्तविक संदेश भी यही है कि हम बहनों को केवल शुभकामनाएँ देकर अपने दायित्व की इतिश्री न समझें, बल्कि उन्हें शिक्षा, सम्मान, समान अवसर, सुरक्षा और नेतृत्व के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करें। परिवारों में बेटियों को निर्णय लेने का अवसर मिले, समाज में उनकी प्रतिभा को मंच मिले और राष्ट्र उन्हें विकास की साझेदार बनाएकृयही इस दिवस की सार्थकता है। ह्यबेटी तेरापंथ कीह्न सम्मेलन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब धार्मिक संस्कार, सामाजिक चेतना और आधुनिक नेतृत्व एक साथ चलते हैं, तब परिवर्तन केवल विचारों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह जीवन का आंदोलन बन जाता है। यह सम्मेलन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा और यह संदेश देता रहेगा कि बहन केवल रिश्ते का नाम नहीं, बल्कि संस्कृति की सबसे सशक्त प्रतिनिधि है।

भारतीय संस्कृति में बहन केवल एक पारिवारिक संबंध नहीं, बल्कि स्नेह, त्याग, मयार्दा, ममता और मंगलकामना की सजीव प्रतिमूर्ति मानी गई है। उसे घर की लक्ष्मी, कुल की गरिमा, संस्कारों की वाहक, प्रेम की पावन धारा और परिवार की आत्मीय शक्ति के रूप में सम्मानित किया गया है।

लोक विचार

# भारत की पहली हाइड्रोजन ईंधन सेल ट्रेन: स्वच्छ रेल यात्रा की नई दिशा

**शशिकांत त्रिवेदी**

भारत की यह उपलब्धि वैश्विक स्तर पर स्वच्छ रेल परिवहन के क्षेत्र में देश की बढ़ती क्षमता को दशार्ती है। जींद-सोनीपत मार्ग पर सफलतापूर्वक संचालन के बाद यह तकनीक देश के अन्य हिस्सों में भी विस्तार पाएगी। हाइड्रोजन ईंधन सेल ट्रेन भारतीय रेलवे को हरित, कुशल और आत्मनिर्भर बनाने की यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

भारत ने स्वच्छ ऊर्जा और सतत परिवहन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जुलाई 2026 को हरियाणा के जींद में देश की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन सेल आधारित ट्रेन का शुभारंभ किया। यह ट्रेन जींद-सोनीपत खंड पर चलने लगी है और भारतीय रेलवे को हरित भविष्य की ओर ले जाने वाला महत्वपूर्ण प्रयास मानी जा रही है।

यह ट्रेन दस डिब्बों वाली है। इसमें दो पावर कार और आठ यात्री डिब्बे हैं। लगभग छब्बीस सौ यात्रियों को ले जाने की क्षमता वाली यह ट्रेन अधिकतम पचहत्तर किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलती है। इसकी डिजाइन गति एक सौ दस किलोमीटर प्रति घंटे तक है। यह ट्रेन अपने अंदर ही बिजली पैदा करती है। हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की रासायनिक प्रतिक्रिया से बिजली बनती है तथा उप-उत्पाद के रूप में केवल जलवाष्प और ऊष्मा निकलती है। कोई धुआं नहीं, कोई कार्बन उत्सर्जन नहीं। यही कारण है कि इसे धुआं रहित और पर्यावरण अनुकूल ट्रेन कहा जा रहा है।

पारंपरिक डीजल इंजन ईंधन जलाकर ऊर्जा पैदा करते हैं, जबकि हाइड्रोजन ईंधन सेल ट्रेन में कोई दहन नहीं होता। प्रोटोन एक्सचेंज मेम्ब्रेन तकनीक पर आधारित यह प्रणाली स्वच्छ बिजली उत्पन्न करती है। प्रत्येक पावर कार में ईंधन सेल, लिथियम आयरन फॉस्फेट बैटरी और हाइड्रोजन भंडारण सिलेंडर लगे हैं। दोनों पावर कार मिलकर बारह सौ किलोवाट शक्ति प्रदान करती हैं।

जींद में देश का सबसे बड़ा रेलवे हाइड्रोजन भंडारण और रिफ्यूलिंग संयंत्र स्थापित किया गया है। यहां लगभग तीन हजार किलोग्राम हाइड्रोजन सुरक्षित रूप से रखा जा सकता है। संयंत्र में जल के विद्युत अपघटन से

हरित हाइड्रोजन तैयार की जाती है, फिर उसे संपीड़ित कर ट्रेन में भरा जाता है। पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन ने इस सुविधा को लाइसेंस दिया है। जर्मनी की प्रतिष्ठित एजेंसी ने भी पूरे तंत्र की स्वतंत्र सुरक्षा जांच की है।

सुरक्षा के कई स्तर बनाए गए हैं। हाइड्रोजन रिसाव, गर्मी, लौ और धुएं का पता लगाने वाले संवेदक हर जगह लगे हैं। निरंतर हवा का संचार रहता है ताकि कोई रिसाव जमा न हो। असामान्य स्थिति में हाइड्रोजन आपूर्ति स्वतः बंद हो जाती है। लोको पायलट के केबिन में विशेष आपात मोड और वास्तविक समय की निगरानी स्क्रीन उपलब्ध है। रखरखाव सुविधा दिल्ली के शकुर्बस्ती में तैयार की गई है। प्रारंभिक चरण में प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारी ट्रेन के साथ यात्रा करते हैं। यह परियोजना पूरी तरह स्वदेशी है। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन ने तकनीकी विनिर्देश तैयार किए। मेधा सर्वो ड्राइव्स ने एकीकरण किया और इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ने बाहरी डिजाइन में योगदान दिया। यह आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने का जीवंत उदाहरण है।

दुनिया में हाइड्रोजन ट्रेनें अभी प्रारंभिक चरण में हैं। जर्मनी, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों में छोटे आकार की ट्रेनें चल रही हैं। भारत ने दस डिब्बों वाली उच्च क्षमता वाली ट्रेन विकसित कर बड़े पैमाने पर उपयोग की संभावना दिखाई है। यह ट्रेन न केवल यात्री सेवा देगी बल्कि भविष्य में हेरिटेज मार्गों जैसे कालका-शिमला पर भी हाइड्रोजन तकनीक अपनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन और शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य की दिशा में यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय रेलवे पहले ही ब्रॉड गेज मार्गों का लगभग पूरा विद्युतीकरण कर चुका है। अब हाइड्रोजन तकनीक उन क्षेत्रों में स्वच्छ विकल्प प्रदान करेगी जहां विद्युतीकरण कठिन या महंगा हो। इससे आयातित डीजल पर निर्भरता घटेगी, वायु प्रदूषण कम होगा और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी।

इस हाइड्रोजन ईंधन सेल ट्रेन ने अब तक 1200 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पूरी कर डीजल की खपत में 3500-4000 लीटर से अधिक की बचत की है। वर्तमान डीजल कीमतों के अनुसार यह बचत लगभग चार लाख रुपये के बराबर है, जिससे न केवल ईंधन खर्च कम होता है बल्कि आयातित डीजल पर निर्भरता भी घटती है।

यह ट्रेन सिर्फ एक नई तकनीक का प्रदर्शन नहीं है। यह पूरी व्यवस्था, सुरक्षा मानक, संचालन प्रक्रिया और रखरखाव क्षमता का निर्माण करती है। इससे प्राप्त अनुभव आगे और अधिक हाइड्रोजन ट्रेनें चलाने में सहायक होगा। यात्री अब ऐसी ट्रेन में सफर कर सकेंगे जो पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाती और भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा का प्रतीक है।

**(लेखक- वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## हिमालय की गोद में बसी है चंद्रताल झील, जिसे कहते हैं 'मून लेक'

हिमाचल प्रदेश के स्पीति घाटी में समुद्र तल से लगभग 4,300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चंद्रताल झील अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। अर्धचंद्राकार आकार के कारण इसे 'मून लेक' भी कहा जाता है। नीले और साफ पानी वाली इस झील में आसपास की बर्फ से ढकी पहाड़ियों का प्रतिबिंब बेहद मनमोहक दिखाई देता है, जो पर्यटकों और फोटोग्राफी प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। चंद्रताल झील ट्रेकिंग और एडवेंचर के शौकीनों के लिए भी पसंदीदा स्थान मानी जाती है। हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक यहां ट्रेकिंग, कैंपिंग और प्रकृति का आनंद लेने पहुंचते हैं। यह झील स्पीति और लाहौल घाटी को जोड़ने वाले मार्ग के पास स्थित है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, चंद्रताल का धार्मिक महत्व भी है। गर्मियों के मौसम में यहां का मौसम सुहावना रहता है, जबकि सर्दियों में पूरा क्षेत्र बर्फ की सफेद चादर से ढक जाता है।

# सावन का पहला सोमवार , सुल्तानगंज में कांवरियों की भीड़

## 8 लाख शिवभक्त भरेंगे जल ; श्रद्धालु ने कहा– भोले बाबा ने बेटे की मन्नत पूरी की

एजेंसी भागलपुर

श्रावण मास की पहली सोमवारी (3 अगस्त) के लिए करीब 8 लाख श्रद्धालु आज सुल्तानगंज के नमामि गंगे और उत्तरवाहिनी घाट से गंगाजल लेकर देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए निकलेंगे। सबसे ज्यादा भीड़ के नमामि गंगे घाट पर पहुंचने की उम्मीद है।दरअसल, ये घाट नया बना है। उत्तर वाहिनी के पुराने घाट के मुकाबले इसे अधिक बेहतर तरीके से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मेला क्षेत्र में मजिस्ट्रेट और सिपाही श्रद्धालुओं के वेष में तैनात रहेंगे।पूरे मेला क्षेत्र और कच्ची कांवरिया पथ पर सुरक्षा के लिए 15 अस्थायी थाने बनाए गए हैं। 4 हजार पुलिस बल, दंडाधिकारी, होमगार्ड और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। संवेदनशील स्थलों पर ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों और ड्रोन के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाएगी। श्रद्धालु को रहने के टेंट सिटी, स्विस कॉटेज, धर्मशाला और

अस्थायी आवास की व्यवस्था की गई है। जिसमें लगभग 3 हजार श्रद्धालुओं की रहने की व्यवस्था है वही, जीविका दीदी के तरफ से कम कीमतों पर खाने की व्यवस्था की गई है।

**मेला उद्घाटन के बाद 3 दिनों में करीब 9 लाख श्रद्धालुओं ने उठाए जल**

गुरुवार को श्रावणी मेला के उद्घाटन के बाद से शनिवार शाम तक तीन दिनों में करीब 9 लाख श्रद्धालुओं ने उत्तर वाहिनी और नमामि गंगे घाट से जल उठाया है। दोनों गंगा घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान के लिए दो अलग-अलग घाट बनाए गए हैं।

दोनों घाटों पर एक तरफ महिला तो दूसरी तरफ पुरुष गंगा में डुबकी लगा रहे हैं। घाट पर ही चेंजिंग रूम की व्यवस्था है। वही, दो दर्जन से ज्यादा अस्थाई शौचालय का भी व्यवस्था कराया गया है।

रात में आवाजाही के लिए हाईमास्ट और एलईडी लाइटें भी लगाई गई हैं

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कच्ची कांवरिया पथ की सफाई, समतलीकरण और मरम्मत कराई गई है। रात में आवागमन के लिए हाईमास्ट और एलईडी लाइटें लगाई गई हैं।

जगह-जगह शुद्ध पेयजल, वाटर टैंकर, अस्थायी शौचालय, स्नानघर और विश्राम स्थलों की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मार्ग में चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस, डॉक्टर और प्राथमिक उपचार केंद्र तैनात किए गए हैं।

वहीं, खोया-पाया केंद्र, सूचना केंद्र और पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी सक्रिय रहेंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एसडीआरएफ, गोताखोर और आपदा राहत दल को अलर्ट मोड में रखा गया है।

इस बार पहली बार कच्ची कांवरिया पथ पर हेड काउंट कैमरा और ऑटोमैटिक काउंटिंग डिवाइस लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या का रियल टाइम आकलन किया जा सकेगा।

साथ ही खाद्य सामग्री और पेयजल की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा एवं मूल्य नियंत्रण को लेकर नियमित जांच भी कराई जा रही है।

# कुलगाम आतंकी हमला: बातचीत के बाद पानी मांगा, फिर मजदूरों पर चला दी गोलियां

## लतीफ बट बैग में छिपाकर लाया था राइफल

श्रीनगर. एजेंसी

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में शुक्रवार रात हुए आतंकी हमले ने एक बार फिर इंसानियत को शर्मसार कर दिया। रोजी-रोटी की तलाश में छत्तीसगढ़ से आए दो मजदूरों की आतंकियों ने बेरहमी से हत्या कर दी। शुरुआती जांच के अनुसार, लश्कर से जुड़े आतंकी लतीफ बट ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।

बताया जा रहा है कि आरोपी एक ईंट-भट्ठे पर पहुंचा और करीब 15 से 20 मिनट तक मजदूरों के बीच बैठकर उनसे बातचीत करता रहा। उसने उनका नाम पूछा और उन्हें भरोसा दिलाया कि वह किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाएगा। उसके पास मौजूद काले बैग में एक असॉल्ट राइफल छिपी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब मजदूरों का भरोसा उस पर बन गया, तब उसने प्यास लगने की बात कही। जैसे ही एक मजदूर की पत्नी उसके लिए पानी लेने गई,

आतंकी ने दोनों मजदूरों पर नजदीक से गोलियां चला दीं। घटना के समय पास में एक छोटा बच्चा भी मौजूद था। वारदात के बाद हमलावर अपने साथी के साथ मौके से फरार हो गया। सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों का मानना है कि इस तरह की घटनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल पैदा करना है।

### पानी मांगकर दिया धोखा

कुलगाम हमले की सबसे दर्दनाक बात यह रही कि आतंकियों ने पहले मजदूरों का विश्वास जीता और फिर उसी भरोसे का फायदा उठाकर हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार, आरोपी करीब 20 मिनट तक मजदूरों के साथ बैठा रहा और सामान्य बातचीत करता रहा। उसने खुद को सुरक्षित व्यक्ति के रूप में पेश किया, जिससे मजदूरों का शक दूर हो गया। इसके बाद उसने पानी मांगा। जैसे ही एक महिला पानी लेने के लिए कमरे से बाहर गई, आतंकी ने छिपाई गई राइफल निकालकर दोनों मजदूरों पर गोलियां चला दीं। इस हमले ने न सिर्फ दो लोगों की जान ली, बल्कि मानवता और विश्वास को भी गहरी चोट पहुंचाई है।

### भय फैलाने की थी रणनीति

विशेषज्ञों का मानना है कि हाल के वर्षों में आतंकी संगठन केवल हिंसा फैलाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज में भय, अविश्वास और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की रणनीति पर भी काम कर रहे हैं। इससे पहले पहलगाम में भी आतंकियों ने पर्यटकों की पहचान पूछकर हमला किया था।

# पटना-छपरा समेत 8 जिलों में तेज बारिश

## बेगूसराय के 60 घरों में घुसा पानी, सीतामढ़ी में अस्पताल डूबा, बांका में बिजली गिरने से 6 की मौत

एजेंसी पटना

बिहार के कई जिलों का मौसम रविवार सुबह से ही बदला हुआ है। बेगूसराय, छपरा, बांका, सुपौल, पूर्णिया, सीतामढ़ी और मधेपुरा में भी तेज बारिश हुई। बगहा में बीती रात से बारिश हो रही है। पटना में भी तेज बारिश शुरू हो गई है।

सीतामढ़ी में भारी बारिश के बाद सदर अस्पताल परिसर में एक से दो फीट पानी भर गया है। इसके अलावा कई मोहल्ले की सड़कों पर पानी भर गया है। बेगूसराय के भजनी मोहल्ला के 60 से अधिक घरों में पानी घुस गया है।

वहीं, बांका में अलग-अलग जगहों में आकाशीय बिजली की गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई। 7 लोग झुलसे हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

4 जिलों मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज में भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान करीब 40ष्यद्वश्चद्ध की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार 5-6 अगस्त तक बिहार में बारिश की गतिविधियां और बढ़ सकती हैं।

### पिछले 24 घंटे में कैसा रहेगा मौसम

शनिवार को कैमूर का तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया। शनिवार को यहां का तापमान 39.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं शेखपुरा का तापमान 38.4 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि, शाम होते ही शेखपुरा में तेज बारिश शुरू हो गई।

शेखपुरा में करीब 1 घंटे की बारिश में शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए। यहां के स्ष्ठह्व ऑफिस में 3 फीट तक पानी भरा है। शेखपुरा के अलावा गोपालगंज में भी तेज बारिश हुई। नालंदा समेत कई जिलों में बादल छाए रहे।

### एमएनएस के अध्यक्ष राज ठाकरे बोले

# सिद्धि विनायक मंदिर से हर साल 18 करोड़ का दान होता है चोरी

मुंबई. एजेंसी

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने दावा किया है कि मुंबई के मशहूर सिद्धि विनायक मंदिर में हर साल 18 करोड़ रुपये का चंदा हड़प लिया जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अयोध्या के राम मंदिर में 1,400 करोड़ रुपये की चोरी हुई है।

ठाकरे ने कहा कि आजकल मंदिर भी सुरक्षित नहीं हैं और उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर बात करें। एमएनएस प्रमुख अपनी पार्टी की छात्र शाखा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि निराश युवा मंदिरों में जाते हैं, लेकिन मंदिर भी भ्रष्टाचार से सुरक्षित नहीं हैं। ठाकरे ने महाराष्ट्र के डिप्टी

सीएम एकनाथ शिंदे को आठ ट्रस्टियों द्वारा लिखे गए एक पत्र को पढ़कर सुनाते हुए कहा कि सिद्धि विनायक मंदिर के दान पेटी से पैसे चुराने वाले कुछ कर्मचारियों को ट्रस्टियों की सतर्कता के कारण पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि चोरी पकड़े जाने से पहले मंदिर की दान से होने वाली साप्ताहिक कमाई 50 लाख रुपये से कम थी और उसके बाद यह कलेक्शन बढ़कर 1.5 करोड़ रुपये हो गया।

# सुबह शौच के लिए घर से निकली 14 साल की बच्ची का मिला शव, रेप के बाद हत्या की आशंका

सतना. एजेंसी

सतना जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत अबेर-लखनवाह सड़क मार्ग पर आज सुबह झाड़ियों के बीच एक 14 साल की बच्ची का निर्वस्त्र शव मिला। बिना कपड़ों के पड़े मासूम के शव को देखकर राहगीरों ने पहले कपड़े से ढका और तुरंत पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, बालिका सुबह 5 बजे शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन महज एक घंटे बाद घर से 100 मीटर दूर उसकी लाश मिली।

पुलिस को सुबह करीब 6:30 बजे जानकारी मिली कि सड़क किनारे झाड़ियों में एक लड़की का शव पड़ा है। घटना की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों

का रो-रोकर बुरा हाल है। शव की हालत पुलिस को आशंका है कि दुष्कर्म के बाद लड़की की हत्या की गई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कोटर पुलिस ने रामपुर बघेलान से फॉरेंसिक टीम और महिला पुलिस अधिकारी को जांच के लिए बुलाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है।

अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर ही मौत के असली कारणों और वारदात का खुलासा हो सकेगा।

### दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा

इस मामले पर बात करते हुए कोटर थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा ने कहा- मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया गया है। हर पहलू पर बारकी से जांच की जा रही है। आसपास के ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा संदिग्धों और ग्रामीणों से पूछताछ जारी है। इस जघन्य अपराध के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### डीआरडीओ की बड़ी तैयारी, एक मास्टर ड्रोन के नियंत्रण में उड़ेंगे 49 ड्रोन

# भविष्य के युद्ध... 50 स्वार्म ड्रोन्स का ग्रिड रखेगा दुश्मनों पर नजर

नई दिल्ली. एजेंसी

भविष्य के युद्धों और सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी को और मजबूत बनाने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) स्वदेशी स्वार्म ड्रोन प्रणाली विकसित करने जा रहा है। इस अत्याधुनिक परियोजना के तहत 50 ड्रोन का एक बेड़ा तैयार किया जाएगा, जिसमें 49 ड्रोन 7×7 ग्रिड फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे, जबकि एक मास्टर ड्रोन पूरे सिस्टम को नियंत्रित करेगा।

डीआरडीओ द्वारा जारी प्रस्ताव के अनुसार, मास्टर ड्रोन सीधे ग्राउंड स्टेशन से निर्देश प्राप्त करेगा और बाकी ड्रोनों के बीच समन्वय स्थापित करेगा। यह प्रणाली 72 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा और 5,000 मीटर की ऊंचाई पर भी प्रभावी ढंग से काम कर सकेगी।

हर ड्रोन 500 ग्राम से लेकर 2 किलोग्राम तक पेलोड ले जाने में सक्षम होगा। इनकी उड़ान अवधि कम से कम 30 मिनट होगी और केवल

15 मिनट में इन्हें दोबारा चार्ज किया जा सकेगा। यह ड्रोन 15 से 25 किलोमीटर की दूरी तक जाकर अपना मिशन पूरा कर सकेंगे। डीआरडीओ ने इस परियोजना में कम से कम 70 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के उपयोग को अनिवार्य बनाया है। साथ ही, सुरक्षा कारणों से प्रतिद्वंद्वी देशों के कंपोनेंट्स के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। अगले 24 महीनों में डिजाइन, प्रोटोटाइप और परीक्षण का काम पूरा किया जाएगा।

### भविष्य के युद्ध में क्यों अहम है यह तकनीक

आधुनिक युद्धों में स्वार्म ड्रोन तकनीक को गेमचेंजर माना जा रहा है। दर्जनों ड्रोन एक साथ निगरानी, टोही और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध जैसी गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं। खासकर पहाड़ी और सीमावर्ती इलाकों में यह तकनीक सेना की निगरानी क्षमता को कई गुना बढ़ा सकती है। डीआरडीओ ने इस परियोजना में 70 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के उपयोग को अनिवार्य किया है, जिससे देश की रक्षा तकनीक आत्मनिर्भर बनेगी। साथ ही, भारतीय एमएसएमई, स्टार्टअप और निजी कंपनियों को इस परियोजना में भागीदारी का अवसर मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक भविष्य में भारतीय सेना की रणनीतिक ताकत को और मजबूत करेगी।

### स्वार्म ड्रोन सिस्टम की खासियतें

स्वार्म ड्रोन तकनीक में कई ड्रोन एक साथ समन्वय के साथ काम करते हैं। डीआरडीओ के इस सिस्टम में कुल 50 ड्रोन होंगे, जिनमें एक मास्टर ड्रोन और 49 सहायक ड्रोन शामिल हैं। सभी ड्रोन 7ग7 ग्रिड फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे और मास्टर ड्रोन के निर्देशों का पालन करेंगे। यह प्रणाली 72 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवा और 5,000 मीटर की ऊंचाई पर भी काम करने में सक्षम होगी। प्रत्येक ड्रोन 500 ग्राम से 2 किलोग्राम तक का भार उठा सकेगा। इसके अलावा, ड्रोन के बीच जैमर-प्रतिरोधी संचार प्रणाली लगाई जाएगी, जिससे दुश्मन के इलेक्ट्रॉनिक हमलों का असर कम होगा और मिशन सुरक्षित तरीके से पूरा किया जा सकेगा।

# ट्रंप बोले- ईरान बातचीत चाहता है, लेकिन अभी मिलने की कोई जल्दबाजी नहीं

**वॉशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित बातचीत को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान बातचीत करने का इच्छुक है, लेकिन फिलहाल उनकी उससे मिलने की कोई जल्दबाजी नहीं है। उनका कहना है कि यदि ईरान गंभीरता के साथ आगे बढ़ता है, तभी किसी वार्ता पर विचार किया जाएगा।

व्हाइट हाउस की ओर से भी संकेत दिए गए हैं कि दोनों देशों के बीच संपर्क पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। प्रेस सचिव ने कहा कि ईरान अमेरिका के साथ संवाद बनाए हुए है और समझौते की संभावना पर बातचीत जारी है। हालांकि, अमेरिकी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य की किसी भी वार्ता का आधार अमेरिका की शर्तें और क्षेत्रीय सुरक्षा हित होंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी दोहराया कि अमेरिका ईरान पर अधिकतम दबाव की नीति से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि यदि ईरान उकसावे वाली गतिविधियां जारी रखता है या क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित करता है, तो अमेरिका कड़ा जवाब देने के लिए तैयार है। हाल के दिनों में पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव और सामरिक घटनाक्रम के बीच ट्रंप के इस बयान को काफी अहम माना जा रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि ट्रंप का यह रुख एक ओर कूटनीति के लिए दरवाजा खुला रखने का संकेत देता है, वहीं दूसरी ओर ईरान पर दबाव बनाए रखने की अमेरिकी रणनीति भी स्पष्ट करता है। ऐसे में आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच वार्ता आगे बढ़ती है या तनाव और बढ़ता है, इस पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है।

# अमेरिका से जंग जीत चुके हैं, ईरान का दावाः बस एक चुनौती

**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष और अमेरिका संग संघर्ष विराम समूह के शीर्ष वार्ताकार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने दावा किया है कि ईरान अमेरिका के साथ जंग जीत चुका है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अब सबसे बड़ी चुनौती इस जीत को लंबे समय तक कायम रखना और देश को मजबूत बनाना है। गालिबाफ ने एक मजबूत ईरान के निर्माण के लिए सुप्रीम लीडर के अधिकार को सशक्त करने पर जोर दिया। उन्होंने केशम द्वीप पर आम नागरिकों के घरों पर हुए हालिया अमेरिकी हमले की कड़ी निंदा की, इस दक्षिणी ईरान के शहरों मिनाब और लामेर्द में हुए पिछले अमेरिकी अपराधों का ही सिलसिला बताया। गालिबाफ ने चेतावनी दी कि अमेरिका को इसकी कीमत चुकानी होगी। गौरतलब है कि गुरुवार को, अमेरिका ने केशम द्वीप सहित बुशेहर, फार्स और खुजेस्तान प्रांतों के कुछ इलाकों में कई मिसाइल हमले किए थे। इस बीच, ईरानी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव मोहम्मद बाकर जोलकद्र ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका अपना रवैया नहीं बदलता, तब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और अन्य महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते बंद हो सकते हैं। उन्होंने वाशिंगटन द्वारा देश पर लगाई गई गैर-कानूनी नौसैनिक नाकेबंदी की भी आलोचना की। दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ने संकेत दिया है कि ट्रंप ईरान पर नए सैन्य हमलों पर विचार कर रहे हैं। अमेरिका, ईरान पर होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और पिछले महीने हुए युद्धविराम समझौते की शर्तों का पालन करने का दबाव बना रहा है। इस बीच, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज जलडमरूमध्य में दो और तेल टैंकरों को निशाना बनाने का दावा किया। वहीं, कुवैत ने कहा कि उसने अपने क्षेत्र में आए एक ड्रोन को मार गिराया।

## ब्रीफ न्यूज

### हिमस्खलन में नेपाल के पर्वतारोही निर्मल का पाकिस्तान में निधन

**काठमांडू।** विश्व प्रसिद्ध नेपाली पर्वतारोही निर्मल पुर्जा का पाकिस्तान के काराकोरम पर्वतीय क्षेत्र में हिमस्खलन की चपेट में आने से निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि उनकी पर्वतारोहण कंपनी एलीट एक्सपेडिशन ने की है। हादसा उस समय हुआ जब वह 8,051 मीटर ऊंची ब्रॉड पीक पर चढ़ाई कर रहे थे। बताया गया कि 30 जुलाई को लगभग 7,000 मीटर की ऊंचाई पर आए हिमस्खलन के बाद निर्मल पुर्जा सहित 10 पर्वतारोही लापता हो गए थे, जिनमें छह नेपाली नागरिक भी शामिल थे। बाद में उनके निधन की पुष्टि की गई। निम्स दाइ के नाम से प्रसिद्ध निर्मल पुर्जा ने वर्ष 2019 में प्रोजेक्ट पॉसिबल के तहत दुनिया की 8,000 मीटर से ऊंची सभी 14 चोटियों को मात्र छह महीने और छह दिन में फतह कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने दक्षिण कोरिया के पर्वतारोही किम चांग-हो का रिकॉर्ड तोड़ा था।

### रूस का कीव पर बैलिस्टिक हमला : नौ की मौत, 23 घायल

**मॉस्को।** रूस ने शनिवार सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर बैलिस्टिक मिसाइलों से बड़ा हमला किया, जिसमें नौ लोगों की मौत हुई और 23 अन्य घायल हुए। कीव के मेयर विताली क्लिचको ने पुष्टि की कि हमले से शहर के कई इलाक़ों में धमाके हुए, आग लग गई और कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। सबसे ज़्यादा नुक़सान सोलोमियांस्की ज़िले में हुआ, जहाँ एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत आंशिक रूप से ढह गई। इस एक घटना में दो लोगों की मौत हुई और आठ घायल हुए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। रूस ने हाल के दिनों में कीव पर इसतहर के हमलों की तीव्रता बढ़ाई है। इस स्थिति के मद्देनज़र, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने आधुनिक इंटरसेप्टर मिसाइलों की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है। उन्होंने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पैट्रियट मिसाइलों के उत्पादन का लाइसेंस मांगा था।

# नेतन्याहू मुश्किल में : ट्रंप को खुश करें या कुर्सी बचाएं

## गाजा से सेना हटाने के सवाल पर इजराइल में घमासान, चुनाव से पहले बढ़ी प्रधानमंत्री की राजनीतिक चुनौती

**तेल अवीव**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा को लेकर किए गए दावे ने इजराइल की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। ट्रंप का कहना है कि गाजा को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता हो गया है, हमास हथियार छोड़ने को तैयार है और इसके बाद इजराइली सेना भी गाजा से पीछे हटेगी। हालांकि, इजराइल सरकार ने इस दावे पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। इसके उलट सरकार के भीतर और दक्षिणपंथी दलों में इस प्रस्ताव का तीखा विरोध सामने आ रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस समय बेहद कठिन स्थिति में हैं। एक ओर अमेरिका और ट्रंप के साथ रणनीतिक संबंध बनाए रखना उनकी मजबूरी है, तो दूसरी ओर गाजा से सेना हटाने का फैसला उनके दक्षिणपंथी सहयोगियों और समर्थक मतदाताओं को नाराज कर सकता है। चुनाव करीब होने के कारण यह मुद्दा उनकी सरकार के लिए बड़ा राजनीतिक संकट बनता जा रहा है।

**सेना हटाने पर सरकार के भीतर मतभेद**

इजराइली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जब तक यह पूरी तरह सुनिश्चित नहीं हो जाता कि हमास ने हथियार छोड़ दिए हैं और उसकी सैन्य क्षमता खत्म हो गई है, तब तक गाजा से सेना हटाने का सवाल ही नहीं उठता। अक्टूबर 2023 में हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा में व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। तब से अब तक बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है और गाजा का बड़ा हिस्सा तबाह हो चुका है। इसके बावजूद इजराइल के भीतर एक बड़ा वर्ग अब भी सैन्य कार्रवाई जारी रखने के पक्ष में है। वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच ने कहा कि गाजा से सेना हटाना जल्दबाजी होगी। उनके अनुसार पहले हमास का पूरी तरह निरस्त्रीकरण होना चाहिए, तभी किसी राजनीतिक समाधान पर विचार किया जा सकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्विर ने भी ट्रंप की योजना का विरोध करते हुए कहा कि यदि सैन्य दबाव कम किया गया तो हमास को दोबारा संगठित होने का मौका मिल जाएगा।

# ईरान से तनाव के बीच अमेरिका का नया ट्रैवल अलर्ट

## पश्चिम एशिया में रह रहे नागरिकों से कहा- निकलने की तैयारी रखें

**वॉशिंगटन**

ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने पश्चिम एशिया के कई देशों में रह रहे अपने नागरिकों के लिए नया सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। अमेरिकी दूतावासों और विदेश विभाग ने अमेरिकी नागरिकों से कहा है कि वे हालात पर लगातार नजर रखें और जरूरत पड़ने पर क्षेत्र छोड़ने के लिए तैयार रहें। अधिकारियों ने सलाह दी है कि जहां संभव हो, वहां उपलब्ध व्यावसायिक उड़ानों के जरिए सुरक्षित स्थानों पर जाने पर विचार करें। यह सलाह ऐसे समय आई है जब क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति तेजी से बदल रही है। हाल के दिनों में ईरान से जुड़े तनाव, ड्रोन हमलों, समुद्री सुरक्षा चुनौतियों और संभावित सैन्य कार्रवाई की आशंकाओं के कारण पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ी है। अमेरिकी प्रशासन को आशंका है कि हालात अचानक बिगड़ सकते हैं, इसलिए नागरिकों

को पहले से तैयारी रखने को कहा गया है। रिपोर्टों के अनुसार, इराक, इज़राइल, जॉर्डन और अन्य पश्चिम एशियाई देशों में स्थित अमेरिकी दूतावासों ने भी अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा सलाह जारी की है। उन्हें आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने, स्थानीय सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और आपातकालीन संपर्क व्यवस्था अपडेट रखने की सलाह दी गई है। इस बीच क्षेत्र में कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों ने भी सुरक्षा कारणों से कुछ उड़ानों में बदलाव या निलंबन किया है। वैश्विक स्तर पर चिंता इस बात को लेकर है कि यदि ईरान और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ता है, तो इसका असर पूरे पश्चिम एशिया की सुरक्षा, हवाई यातायात और समुद्री व्यापार पर पड़ सकता है।

# पीओके संकटः यासीन मलिक मुशाल ने शांति का आह्वान किया

**पाक सेना प्रमुख से हस्तक्षेप की अपील**

**नई दिल्ली।** यासीन मलिक की पत्नी मुशाल मलिक ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में शांति स्थापित करने की बात कही है। पीओके में लगातार बढ़ते संकट और हिंसा के बीच, मुशाल ने पाकिस्तानी सरकार और जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के बीच मध्यस्थता की पेशकश की है। पिछले करीब दो महीनों से जेएएसी के नेतृत्व में पीओके में व्यापक प्रदर्शन हो रहे हैं, जिससे पूरा इलाका अशांति और हिंसा की चपेट में है। इन प्रदर्शनों को पाकिस्तान की ओर से बलपूर्वक दबाने के प्रयासों ने आम लोगों के गुस्से को और बढ़ा दिया है, जिससे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। तिहाड़ जेल में बंद यासीन मलिक की पत्नी मुशाल ने गतिरोध को समाप्त करने के लिए तत्काल बातचीत का आह्वान किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शांति की ओर बढ़ने के लिए बातचीत ही रास्ता है। मुशाल ने विशेष रूप से पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर से पीओके में दखल देने और शांति बहाली में मदद करने की अपील की है। अपने बयान में, मुशाल ने पीओके के लोगों की मांगों को जायज ठहराया। उन्होंने कहा कि लोग पीने का पानी, सड़कें और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी बुनियादी सार्वजनिक सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, जिन्हें सुना जाना चाहिए। मुशाल ने इस धारणा को खारिज किया कि कश्मीरी पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ हैं, जैसा कि कुछ लोग दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने पीओके के लोगों की उपेक्षा के लिए राजनीतिक नेतृत्व की कड़ी आलोचना की और राजनेताओं पर लोगों की तकलीफों के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाया। उन्होंने पाकिस्तान को चेताया कि पीओके में इंसानी जिंदगी की अहमियत को समझा जाए, क्योंकि हिंसा जारी रहने पर गंभीर परेशानियां होंगी। उन्होंने पाकिस्तानी अधिकारियों और जेएएसी के बीच मध्यस्थ के तौर पर काम करने की भी पेशकश की है ताकि बातचीत शुरू की जा सके। उन्होंने सैन्य नेतृत्व से सीधे हस्तक्षेप करने का आग्रह दोहराया ताकि स्थितियों को बेहतर दिशा में ले जाया जा सके। इसी बीच, भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाकिस्तान की ओर से हो रही कठोर कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण नागरिकों पर लगातार हिंसा हो रही है, जिसमें 40 से ज्यादा निर्दोष लोगों की जान जा चुकी है और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान की इन गतिविधियों की जांच करने और उसे इन अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराने की अपील की है।

# ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट के लिए सब्सक्रिप्शन पर उठे सवाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल द्वारा उनके पोस्ट को भुगतान आधारित अर्ली एक्सेस सुविधा के तहत उपलब्ध कराने की योजना ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस व्यवस्था के तहत शुल्क देने वाले निवेशकों और उपयोगकर्ताओं को ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट आम लोगों से पहले देखने को मिलेंगे।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप के नीति संबंधी बयान (जिनमें युद्ध, शुल्क (टैरिफ), केंद्रीय बैंक और अन्य आर्थिक फैसलों से जुड़े मुद्दे शामिल होते हैं) अक्सर वैश्विक वित्तीय बाजारों को प्रभावित करते हैं। ऐसे में आलोचकों का कहना है कि राष्ट्रपति के आधिकारिक बयानों तक भुगतान के आधार पर पहले पहुंच उपलब्ध कराना हितों के टकराव और सार्वजनिक पद के संभावित दुरुपयोग से जुड़े गंभीर सवाल खड़े करता है।

वित्तीय विशेषज्ञ आइरीन एल्ड्रज सहित कई विश्लेषकों ने इस व्यवस्था पर आपत्ति जताते हुए कहा, कि यदि किसी सूचीबद्ध कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) इस प्रकार चुनिंदा लोगों को संवेदनशील जानकारी पहले उपलब्ध कराता, तो उस पर कानूनी कार्रवाई हो सकती थी। उनका तर्क है कि राष्ट्रपति के नीतिगत संकेत वैश्विक बाजारों पर सीधा प्रभाव डालते हैं, इसलिए ऐसी जानकारी तक समान पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए।

ट्रंप मीडिया ने आलोचनाओं को किया खारिज

हालांकि ट्रंप मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप ने इन आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि विरोध करने वाले मुक्त बाजार की अवधारणा को नहीं समझते। कंपनी का दावा है कि यह सेवा व्यावसायिक मॉडल का हिस्सा है और सार्वजनिक तथा गैर-सार्वजनिक सूचनाओं के अंतर को लेकर उठाए जा रहे सवाल उचित नहीं हैं। वहीं, इस मुद्दे पर व्हाइट हाउस की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।

## समस्या

### कुमामोटो में आए भीषण भूकंप के बाद जारी हैं आफ्टरशॉक

# जापान में फिर भूकंप के झटके, आओमोरी में 5.8 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो**

उत्तरी जापान में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, आओमोरी प्रांत के प्रशांत तट पर स्थानीय समयानुसार सुबह 11:48 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप का केंद्र समुद्र तल से लगभग 80 किलोमीटर की गहराई में था। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि इस भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। यह झटका कुमामोटो प्रांत में मंगलवार को आए 7.1 तीव्रता के भीषण भूकंप के कुछ ही दिनों बाद आया है। उस भकंप के बाद बधवार सबह तक 170 से

अधिक आफ्टरशॉक दर्ज किए गए। आपदा में अब तक 35 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, हालांकि इनमें से नौ मौतों के भूकंप से सीधे संबंध की जांच जारी है। कई लोग घायल हुए हैं तथा पुलों और इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने लोगों को अगले एक सप्ताह तक सतर्क रहने की सलाह दी है। एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार, अगले दो से तीन दिन संवेदनशील हो सकते हैं और शिंदो पैमाने पर तीव्र झटके आने की संभावना बनी हुई है। विशेषज्ञों ने राहत एवं बचाव कार्य में लगे कर्मियों से भीषण गर्मी के बीच पर्याप्त आराम और सावधानी बरतने की अपील की है, ताकि हीट स्ट्रोक जैसी समस्याओं से बचा जा सके।

ब्रीफ न्यूज

## आरबीआई ब्याज दरों पर बनाए रख सकता है यथास्थिति

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक (3-5 अगस्त) में ब्याज दरों पर अहम फैसला होगा। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक इस बार रेपो दर में कोई बदलाव नहीं करेगा, जिससे घर और कार लोन धारकों को ईएमआई में तुरंत राहत मिलने की संभावना क्षीण है। फैसलों का ऐलान 5 अगस्त को किया जाएगा। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट बताती है कि आरबीआई रेपो रेट में बदलाव नहीं करेगा। इसका मुख्य कारण खुदरा महंगाई (सीपीआई) का अगले दो तिमाहियों तक 5त्न से ऊपर बने रहने का अनुमान है। महंगाई पर नियंत्रण हेतु आरबीआई दरों को स्थिर रखेगा। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 7 फीसदी से अधिक आर्थिक वृद्धि का अनुमान है। जुलाई में 35 अरब डॉलर के पूंजी प्रवाह से 24 जुलाई तक विदेशी मुद्रा भंडार में 12.5 अरब डॉलर की वृद्धि हुई।

## भारत-चीन सीमा पर गुलजार हुआ कारोबार

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच छह साल से बंद पड़ा सीमा व्यापार एक बार फिर शुरू हो गया है। सिक्किम में नाथू ला और हिमाचल प्रदेश में शिपकी ला दर्रे के रास्ते यह व्यापार फिर से बहाल हुआ। कोविड-19 महामारी और सीमा संबंधों में आए तनाव के कारण साल 2020 से यह व्यापार बंद था। समुद्र तल से 14,000 फुट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित इन रणनीतिक दर्रों से व्यापार की वापसी दोनों देशों के बीच संबंधों में एक नई सुबह का संकेत है। सिक्किम के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की सचिव कर्मा डी. युत्सो ने बताया कि पूर्वी सिक्किम स्थित नाथू ला में औपचारिक उद्घाटन समारोह में दोनों देशों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। यह मौसमी व्यापार नवंबर तक प्रत्येक सप्ताह सोमवार से गुरुवार के बीच चलेगा। इस साल 38 पंजीकृत व्यापारियों को व्यापार पास जारी किए गए हैं। इस मार्ग से हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पाद, पारंपरिक धार्मिक सामग्री और रेडीमेड परिधान सहित 36 अधिसूचित वस्तुओं का व्यापार होगा। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, जिसमें भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के साथ-साथ पहली बार महिला आईटीबीपी प्लाटून भी नाथू ला में तैनात की गई है।

## डॉलर ने फीकी की सोने-चांदी की चमक, एक हफ्ते में 1600 से ज्यादा टूटा सोना

**नई दिल्ली।** अमेरिकी डॉलर की बढ़ती ताकत और ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड में आए उछाल के चलते पिछले हफ्ते सोने-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई इस सुस्ती का असर भारत के सर्राफा और वायदा बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जहां 24 कैरेट सोना 1672 रुपए प्रति 10 ग्राम सस्ता हुआ, जबकि चांदी 6476 रुपए प्रति किलोग्राम टूट गई। सोने-चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड गिरावट पिछले कारोबारी हफ्ते में 24 कैरेट वाले 10 ग्राम सोने का भाव सोमवार को 1,44,532 रुपए से गिरकर शुक्रवार तक 1,42,860 रुपए पर आ गया, जो कि महज पांच दिनों में 1.15 फीसदी की गिरावट है। इसी तरह, चांदी की कीमतों में भी तेज गिरावट दिखी; सोमवार को 2,24,771 रुपए प्रति किलो बिकने वाली चांदी हफ्ते के अंत तक 2,18,295 रुपए पर आ गई। इस तेज गिरावट ने निवेशकों को हैरान कर दिया है। डॉलर की मजबूती और फेड के रुख ने बढ़ाया दबाव बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, सोने-चांदी की कीमतों में यह गिरावट मुख्य रूप से अमेरिकी डॉलर की बढ़ती ताकत और ट्रेजरी यील्ड में आए उछाल के कारण हुई है। डॉलर के मजबूत होने से अन्य मुद्राओं वाले निवेशकों के लिए सोना महंगा हो जाता है, जबकि ऊंची ट्रेजरी यील्ड बिना ब्याज वाले सोने में निवेश को कम आकर्षक बनाती है।

# आरबीआई, कच्चे तेल और कंपनियों के नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर

### समीक्षा: इस सप्ताह बाजार का सबसे बड़ा फोकस आरबीआई की एमपीसी बैठक पर रहेगा

**मुंबई**

पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में करीब 3 फीसदी की मजबूत बढ़त दर्ज करने के बाद, निवेशकों की निगाहें अब भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पर टिकी हैं, जिसके फैसले 5 अगस्त को आने वाले हैं। इसके साथ ही अमेरिका-ईरान तनाव, कच्चे तेल की कीमतें, विदेशी निवेशकों की गतिविधियां और कॉर्पोरेट नतीजों का नया दौर इस सप्ताह बाजार की अगली दिशा तय करेगा। इस सप्ताह बाजार का सबसे बड़ा फोकस आरबीआई की एमपीसी बैठक पर रहेगा। केंद्रीय बैंक के सतर्क रुख से बैंकिंग और ब्याज दर से जुड़े सेक्टर प्रभावित हो सकते हैं। मध्य-पूर्व के भू-राजनीतिक घटनाक्रम भी निवेशकों के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के खिलाफ सैन्य हमले रोकने के संकेत से तनाव कम हो सकता है, लेकिन स्ट्रैट ऑफ होर्मुज में जहाजों पर हमले की खबरों ने वैश्विक बाजारों की चिंता बढ़ाई है। इसी वजह से कच्चे तेल की कीमतों पर भी बाजार की पैनी नजर रहेगी। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड में तेजी दर्ज हुई थी और जुलाई में इसने मार्च के बाद सबसे बड़ी मासिक बढ़त दर्ज की। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें महंगाई की आशंका बढ़ा सकती हैं। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) की गतिविधियां भी बाजार के लिए अहम रहेंगी। लगातार बिकवाली के बाद एफआईआई पिछले तीन सत्रों में शुद्ध खरीदार बने हैं, खासकर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में उनकी दिलचस्पी बढ़ी है। वैश्विक तकनीकी शेयरों का रुझान भी भारतीय बाजार को प्रभावित कर सकता है, जहां माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन के मजबूत नतीजों ने भरोसा बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त, अप्रैल-जून तिमाही के लिए 573 कंपनियां अपने वित्तीय नतीजे घोषित करेंगी, जिनमें एसबीआई, भारती एयरटेल और टाइटन जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। इन नतीजों और प्रबंधन की भविष्य की टिप्पणी से संबंधित सेक्टरों और पूरे बाजार की धारणा पर असर पड़ेगा।

## त्योहारी मांग के बीच किसानों की कम आवक से तेल-तिलहनों के दाम मजबूत

### सरकार को एमआरपी और आयातकों की दुर्दशा पर ध्यान देने की जरूरत

**नई दिल्ली**

देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह सभी खाद्य तेलों और तिलहनों के दाम में मजबूती दर्ज की गई। आगामी त्योहारों की मांग में तेजी और किसानों द्वारा फसल की आवक घटने से कीमतों में उछाल आया है। फिलहाल घरेलू बिनौला, सरसों और मूंगफली तेल आयातित तेलों की तुलना में महंगे बिक रहे हैं। बाजार सूत्रों के अनुसार, किसान पहले ही ऊंचे दाम का लाभ ले चुके हैं और अब मौजूदा, हालांकि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से ऊपर, कीमतों पर अपनी उपज (बिनौला, सोयाबीन, सरसों) बेचने से कतरा रहे हैं, जिससे आवक प्रभावित हुई है। त्योहारों की बढ़ती मांग ने भी इस स्थिति को और मजबूत किया है। सूत्रों ने सरकार से खाद्य तेलों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को नियंत्रित और व्यवस्थित करने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि इसमें मनमाने ढंग से हेरफेर होता है। उदाहरण के लिए, थोक में सरसों और मूंगफली तेल का दाम लगभग 170 रुपये प्रति किलोग्राम है, लेकिन खुदरा में मूंगफली तेल काफी महंगा मिलता है। सूत्रों के अनुसार, सरसों तेल का एमआरपी 180-185 रुपये प्रति लीटर से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, आयातकों की वित्तीय तंगी के कारण लागत से नीचे दामों पर बिकवाली भी एक बड़ी समस्या है। विशेषज्ञों ने सरसों की बढ़ती मांग के मद्देनजर सरकार को अक्टूबर में आने वाली सोयाबीन और मूंगफली का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने की सलाह दी है। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 125 रुपये के सुधार के साथ 8,250-8,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों तेल दादरी 100 रुपये के सुधार के साथ 16,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल क्रमशः 15-15 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,720-2,820 रुपये और 2,720-2,870 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। सोयाबीन दाना और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 7,525-7,575 रुपये और 7,375-7,475 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## रोल्टा इंडिया समाधान योजना को एनसीएलएटी से हरी झंडी, दूरसंचार विभाग की चुनौती खारिज

### न्यायाधिकरण ने कहा- योजना लागू हो चुकी, इस स्तर पर हस्तक्षेप अनुचित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने कर्ज में डूबी रोल्टा इंडिया लिमिटेड की समाधान योजना को चुनौती देने वाली दूरसंचार विभाग (डीओटी) की याचिका खारिज कर दी है। न्यायाधिकरण ने स्पष्ट किया कि समाधान योजना को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है और उसका क्रियान्वयन भी पूरा हो चुका है, ऐसे में इस स्तर पर इसमें हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा। डीओटी ने रोल्टा इंडिया पर समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) से संबंधित 469.09 करोड़ रुपए के बकाया लाइसेंस शुल्क का दावा करते हुए एनसीएलटी द्वारा मंजूर समाधान योजना को चुनौती दी थी। यह योजना एशडन प्रॉपर्टीज ने 900 करोड़ रुपए में पेश की थी। डीओटी का तर्क था कि समाधान योजना में सरकारी और वैधानिक संस्थाओं के साथ उचित व्यवहार नहीं किया गया। एनसीएलएटी की पीठ ने एनसीएलटी के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि समाधान योजना अंतिम चरण में है और लागू हो चुकी है। न्यायाधिकरण ने पाया कि डीओटी ने समाधान पेशेवर द्वारा 469.09 करोड़ रुपए के दावे को अस्वीकार्य लेकिन आकस्मिक श्रेणी में रखे जाने को समय पर चुनौती नहीं दी, बल्कि एनसीएलटी के बजाय दूरसंचार विवाद निपटान एवं अपीलीय न्यायाधिकरण (टीडीसैट) चला गया, जिससे उसका दावा कमजोर पड़ गया। एनसीएलएटी ने जोर दिया कि एक बार समाधान योजना को मंजूरी और सफल क्रियान्वयन के बाद, पुराने मुद्दों को फिर नहीं उठाया जा सकता। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि सफल आवेदक को अघोषित देनदारियों का बोझ नहीं दिया जा सकता, जिनकी जानकारी समाधान प्रक्रिया के दौरान नहीं थी।

## बीते सप्ताह शीर्ष नौ कंपनियों ने 2.5 लाख करोड़ जोड़े, बजाज फाइनेंस सबसे आगे

### रिलायंस, एयरटेल और एचडीएफसी बैंक सहित नौ कंपनियां भारी मुनाफे में, हिंदुस्तान यूनिलीवर को नुकसान

**नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार ने पिछले सप्ताह जबरदस्त उछाल देखने को मिला, जिससे शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,51,228.75 करोड़ रुपए की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस तेजी का सबसे बड़ा लाभार्थी बजाज फाइनेंस रहा, जिसकी बाजार हैसियत में सर्वाधिक वृद्धि हुई। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,034.87 अंक यानी 2.67 प्रतिशत चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 616.15 अंक यानी 2.59 प्रतिशत की बढ़त में रहा। इस सकारात्मक रुझान का सीधा असर देश की दिग्गज कंपनियों पर पड़ा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 80,345.97 करोड़ रुपये बढ़कर 7,10,817.51 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी को जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ में 28 प्रतिशत की वृद्धि से बड़ा फायदा मिला, जिसके बाद शुक्रवार को उसके शेयर आठ प्रतिशत से अधिक उछले। अन्य प्रमुख लाभान्वित कंपनियों में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 44,959.50 करोड़ रुपये बढ़कर 12,30,005.63 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आवास ऋण पर ब्याज दर घटाकर सात प्रतिशत किया

**नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए अपने आवास ऋण पर ब्याज दरों में कटौती की है। बैंक ने एक सीमित अवधि की विशेष पेशकश मानसून धमाका के तहत होम लोन की ब्याज दर को 7.1 प्रतिशत से घटाकर अब मात्र 7 प्रतिशत कर दिया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा जारी बयान के अनुसार, इस योजना में केवल कम ब्याज दर ही नहीं, बल्कि ग्राहकों को प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेजीकरण शुल्क से भी पूरी छूट दी जाएगी। बैंक ने कहा कि इस विशेष पेशकश का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें अपने घर के सपने को पूरा करने में सहायता देना है। बैंक का दावा है कि आवास ऋण पर 7 प्रतिशत और वाहन कर्ज पर 7.45 प्रतिशत की उनकी ब्याज दरें उद्योग में सबसे प्रतिस्पर्धी दरों में शामिल हैं। इन सुविधाओं से ग्राहकों पर मासिक किस्त का बोझ काफी कम होगा। यह नई दरें एक सीमित अवधि के लिए लागू रहेंगी।

## मारुति ने जुलाई में रिकॉर्ड वाहन उत्पादन दर्ज किया, 2.48 इकाई के पार पहुंचा आंकड़ा

### जुलाई में कंपनी ने 2,48,845 वाहनों का उत्पादन किया, जो इसी महीने के आंकड़े से 33 प्रतिशत अधिक

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने जुलाई में अपना रिकॉर्ड मासिक उत्पादन दर्ज किया है। जुलाई में कंपनी ने 2,48,845 वाहनों का उत्पादन किया, जो पिछले साल के इसी महीने के आंकड़े 1,87,073 इकाई के मुकाबले 33 प्रतिशत अधिक है।कंपनी का इससे पहले का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड मार्च, 2026 में बना था, जब उसने 2,31,933 वाहनों का विनिर्माण किया था।मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने बताया कि रिकॉर्ड उत्पादन के बावजूद डीलर नेटवर्क में वाहन का स्टॉक सामान्य स्तर से काफी कम है। जुलाई में कंपनी की खुदरा बिक्री 1.78 लाख इकाई रही। उन्होंने कहा कि डीलर नेटवर्क में मौजूदा स्टॉक करीब 16 दिन का है, जबकि उद्योग का औसत लगभग 30 दिन का रहता है। कंपनी के पास करीब 1.6 लाख वाहनों की बुकिंग लंबित है। कंपनी ने जुलाई में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की अब तक की सबसे अधिक थोक बिक्री दर्ज की। इस दौरान कंपनी ने 1,96,203 यात्री वाहन बेचे, जो जुलाई, 2025 के 1,37,776 वाहन की तुलना में 43 प्रतिशत अधिक है। हल्के वाणिज्यिक वाहनों को शामिल करने पर कुल घरेलू बिक्री 2,00,123 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।उत्पादन के मामले में कंपनी ने जुलाई में ऑल्टो और एस-प्रेसो की 13,964 इकाइयों का विनिर्माण किया, जबकि पिछले साल इसी महीने यह आंकड़ा 11,484 इकाई था।वहीं, बलेनो, सेलेरियो और स्विफ्ट जैसे कॉम्पैक्ट मॉडल का उत्पादन बढ़कर 1,13,067 इकाई हो गया, जो पिछले वर्ष के समान महीने के आंकड़े 87,950 इकाई से 29 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के लोकप्रिय यूटिलिटी वाहन ब्रेजा, अर्टिगा और फ्रॉन्क्स का उत्पादन भी तेजी से बढ़ा। जुलाई में इन मॉडल की 1,02,787 इकाइयों का उत्पादन हुआ, जबकि पिछले साल जुलाई में यह आंकड़ा 70,241 इकाई था। इसमें 46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा ईको वैन का उत्पादन 14,627 इकाई रहा, जो पिछले साल के 13,610 इकाई से सात प्रतिशत अधिक है। वहीं हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी का उत्पादन बढ़कर 4,400 इकाई हो गया, जो पिछले साल समान महीने में 3,788 इकाई था। हंसलपुर स्थित चौथे संयंत्र (प्लांट डी) में उत्पादन शुरू होने के बाद मारुति सुजुकी की हरियाणा और गुजरात स्थित कारखानों की कुल उत्पादन क्षमता बढ़कर 29 लाख इकाई सालाना की हो गई है।

निर्णय

### पूंजी पर्याप्तता अनुपात मजबूत, 20,000 करोड़ से अधिक शुद्ध लाभ का अनुमान

## पीएनबी की अनुषंगी कंपनियों के मौद्रीकरण की तत्काल योजना नहीं: बैंक अधिकारी

**नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का अपनी अनुषंगी कंपनियों के मौद्रीकरण का तत्काल कोई इरादा नहीं है। बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मजबूत पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) के साथ बैंक का जोर इन कंपनियों की कार्यक्षमता और कारोबार को मजबूत कर उनका मूल्य बढ़ाने पर है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 18 प्रतिशत है, जो नियामक आवश्यकता (11.5 प्रतिशत) से काफी अधिक है और 30 जून, 2026 तक 18.13 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। इस मजबूत स्थिति के कारण, बैंक बाजार से अतिरिक्त धन जुटाने की तत्काल योजना नहीं बना रहा है। पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस और पीएनबी गिल्ट्स जैसी सभी प्रमुख अनुषंगी कंपनियों की पूंजी की स्थिति अच्छी है और उन्हें फिलहाल अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता नहीं है। बैंक इन कंपनियों को और मजबूत कर भविष्य में अधिकतम मूल्य हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है। चालू वित्त वर्ष में बैंक करीब 5,000 करोड़ रुपये के एटी-1 और टियर-2 बॉन्ड का भुगतान करेगा, जिससे ब्याज खर्च में लगभग 300 करोड़ रुपये की बचत होगी। उन्होंने अनुमान जताया ?कि चालू वित्त वर्ष में बैंक का शुद्ध लाभ 20,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर सकता है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 16,904 करोड़ रुपये था। बैंक लगातार 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का तिमाही मुनाफा दर्ज कर रहा है।

## कैसे बनते हैं सरकारी विभाग में स्टेनोग्राफर

**सरकारी विभागों में स्टेनोग्राफर का पद काफी महत्वपूर्ण है. एक स्टेनोग्राफर राइटिंग/ टाइपिंग/ ट्रांसक्राइबिंग और ऑफिस डॉक्यूमेंट्स के रख-रखाव जैसे काम करता है. ट्रांसक्राइबिंग का मतलब स्पष्ट करना जरूरी है. इसका मतलब है कि किसी व्यक्ति के द्वारा बोली जा रही बातों को शॉर्टहैंड में लिखना.**

ट्रांसक्राइब का काम आमतौर पर अधिकारियों द्वारा ली जा रही किसी मीटिंग में होता है. इसलिए एक स्टेनोग्राफर बनने के लिए सबसे पहले शॉर्टहैंड राइटिंग स्किल का होना जरूरी है. इसे स्टेनोग्राफी कहते हैं. स्टेनोग्राफर की जरूरत अंग्रेजी और हिंदी के अलावा अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी होती है. स्टेनोग्राफर की भर्ती विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में समय-समय पर निकलती रहती है. सरकारी विभागों के साथ प्राइवेट सेक्टर में भी स्टेनोग्राफर की अच्छी खासी डिमांड है.

### स्टेनोग्राफर के लिए शैक्षणिक योग्यता

स्टेनोग्राफर बनने के लिए 12वीं पास होने मे साथ स्टेनोग्राफी में डिप्लोमा/सर्टिफिकेट होना जरूरी है. स्टेनोग्राफी स्किल टेस्ट में हिंदी के लिए कम ये कम 25 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग स्पीड और शॉर्टहैंड की स्पीड 80 शब्द प्रति मिनट होना चाहिए. जबकि अंग्रेजी भाषा में स्टेनोग्राफी करने के लिए 30 शब्द प्रति मिनट टाइपिंग स्पीड और शॉर्टहैंड स्पीड कम से कम 100 शब्द प्रति मिनट होनी चाहिए. हालांकि कुछ विभागों में योग्यता भिन्न-भिन्न हो सकती है. इसलिए नोटिफिकेशन जरूर देखना होगा. स्टेनोग्राफर बनने की उम्र सीमा स्टेनोग्राफर बनने के लिए उम्र सीमा 18 से 25 साल है. स्टेनोग्राफर भर्ती में आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट मिलेगी.

### स्टेनोग्राफर बनने की सैलरी

सरकारी विभागों में स्टेनोग्राफर को पे-बैंड 1 अर्थात रु.5200-20200 और रु.2600 ग्रेड पे के अनुसार सैलरी मिलती है. इसके अनुसार शुरुआती सैलरी लगभग रु.30,000 मिलती है. ग्रेड पे अलग-अलग विभागों में अलग-अलग हो सकता है.



# कैसे मिलती है फाइनेंस मिनिस्ट्री में नौकरी

**वित्त मंत्रालय में नौकरी करने की चाह रखने वाले कैंडिडेट्स के लिए कुछ मानदंड तय किए गए हैं। चलिए जानते हैं पेपर पैटर्न से लेकर सेलेक्शन प्रोसेस से जुड़ी हर एक जानकारी।**

सरकारी नौकरी की चाह रखने वाले कई युवा फाइनेंस मिनिस्ट्री में नौकरी करने के बारे में सोचते हैं। अगर आप भी वित्त मंत्रालय में नौकरी करने का सपना देख रहे हैं, तो इस लेख में आज हम आपको वित्त मंत्रालय में नौकरी कैसे मिलती है, योग्यता, चयन प्रक्रिया आयु सीमा और सैलरी के बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं।

### वित्त मंत्रालय में निकलने वाली भर्तियों का कैसे पता लगाएं?

सरकारी नौकरी के सभी सेक्टर में निकलने वाली भर्ती के बारे में हमें उनकी ऑफिशियल साइट के साथ सरकारी नौकरी नाम के पेज पर सभी अपडेट मिल जाती है। बता दें कि अगर आप इस पर वित्त मंत्रालय की भर्तियों के बारे में नहीं पता कर पा रहे हैं, तो बता दें कि आप वित्त मंत्रालय की आधिकारिक साइट पर देख सकते हैं।

### वित्त मंत्रालय में नौकरी पाने की उम्र

वित्त मंत्रालय में नौकरी करने का सपना देखने वाले छात्रों के लिए तय मानदंड के अनुसार, उम्मीदवारों की उम्र 64 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। अगर आपकी उम्र इससे ज्यादा है तो आप आवेदन के योग्य नहीं हैं।

### वित्त मंत्रालय कर्मचारी की सैलरी क्या होती है?

वित्त मंत्रालय में नियुक्ति होने वाले कर्मचारी की सैलरी की बात करें, तो उम्मीदवारों का सेलेक्शन होने के बाद उन्हें आधिकारिक नोटिफिकेशन में दिए गए नियमों के अनुसार सैलरी दी जाती है। यह सैलरी पद और योग्यता के आधार पर निर्भर करती है।

### वित्त मंत्रालय में आवेदन की प्रक्रिया क्या है?

वित्त मंत्रालय में नौकरी के लिए आवेदन प्रक्रिया दो तरीकों से होती है। पहला ईमेल के जरिए कैंडिडेट्स अपने आवेदन पत्र को ईमेल से registrar-atfp@gov.in पर भेज सकते हैं। इसके अलावा दूसरा तरीका डाक के जरिए होता है।

## कैसे बना सकते हैं फाइनेंस सेक्टर में करियर

वित्तीय मामलों का समाधान आंकड़ों से जुड़ा हुआ होता है। ऐसे में फाइनेंशियल एडवाइजर बनने के लिए फाइनेंस भाषा की सही पकड़ होनी जरूरी है। चलिए जानते है कि फाइनेंस सेक्टर में करियर कैसे बना सकते हैं। देश का बजट तैयार करने के लिए पहले से पूरी फाइनेंशियल टीम बैठकर बातचीत और सभी तथ्यों को देखते हुए बजट तय करती हैं। ऐसे में बहुत से स्टूडेंट अपना करियर फाइनेंस सेक्टर में बनाना चाहते हैं। कस्टमर को उपयोगी वित्तीय सलाह देने के लिए इन दिनों फाइनेंशियल एडवाइजर की काफी मांग हो रही है। ऐसे में प्रोफेशनल्स फाइनेंसर की हर कंपनी में जरूरत होती है। फाइनेंस मामलों में ज्यादातर आंकडों का खेल और फाइनेंस की भाषा को समझना जरूरी होता है। अगर आपके अंदर यह क्वालिटी है तो आप फाइनेंस सेक्टर में अपना करियर बना सकती हैं। चलिए जानते हैं इस सेक्टर में काम करने के लिए कोर्स और कौन से कॉलेज बेस्ट हैं।

### फाइनेंस सेक्टर में करियर बनाने के लिए शैक्षिक योग्यता

फाइनेंस सेक्टर में करियर बनाने के लिए उम्मीदवार को कैट एग्जाम क्लियर करना होता है। इसके बाद भारत के किसी भी अच्छे बिजनेस या मैनेजमेंट संस्थान में एडमिशन ले सकते हैं। इसके साथ ही फाइनेंस सेक्टर में उच्च शिक्षा के लिए आप किसी भी स्ट्रीम में बैचलर डिग्री का होना जरूरी है। पहले कामर्स के स्टूडेंट्स इस फील्ड में अपना करियर बना सकते थे। लेकिन बढ़ते क्षेत्र को देखते हुए बीएससी, बीए, बीबीए और बीई से पढ़े हुए छात्र भी एडमिशन ले सकते हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप एमबीए इन फाइनेंस, एमएस इन फाइनेंस, मास्टर डिग्री इन फाइनेंशियल इंजीनियरिंग, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस, एडवांस डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस जैसे कोर्स भी कर सकते हैं।

### फाइनेंस के इन सेक्टर में नौकरी का अवसर

फाइनेंस एडवाइजर,अकाउंटेंट, आडिटर, इकोनामिस्ट, इंश्योरेंस सेल्स एजेंट, इंश्योरेंस अंडरराइटर, लोन आफिसर, पर्सनल फाइनेंशियल एडवाइजर, टैक्स इंस्पेक्टर, रेवेन्यू एजेंट आदि रोल में काम कर सकते हैं। अगर आपने केवल फाइनेंस में ग्रेजुएशन किया है तो आप किसी बिजनेस न्यजू पेपर, पत्रिका आदि में फाइनेंस रिपोर्टर और वित्तीय विश्लेषक के रूप में भी काम कर सकते हैं। बता दें कि बैंक, इंश्योरेंस और ट्रेडिंग कंपनियां अपने वित्तीय उत्पादों मसलन, कर्ज, इंश्योरेंस, शेयर, ब्रांड्स और म्युचुअल फंड को बेचने के लिए फाइनेंशियल एडवाइजर्स का चयन करती हैं। इसके अलावा आज के समय विदेशों में भी फाइनेंशियल एडवाइजर की मांग काफी तेजी से हो रही है।

## स्वीडन में पढ़ाई के लिए आकर्षित हो रहे हैं भारतीय छात्र

**पढ़ाई खत्म होने के बाद छात्र नौकरी ढूंढने के लिए अगले छह महीनों तक स्वीडन में रुक सकते हैं। अगर उन्हें नौकरी मिल जाती है तो आमतौर पर कंपनियां उन्हें स्थायी कर्मचारी बनाने के लिए इमिग्रेशन में मदद करती है...**

बिजनेस स्वीडन के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर हिंदुजा के लिए स्वीडन में पढ़ाई क्रिएटिविटी और गंभीर सोच है। यहां भारतीय छात्र कई विषयों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने आते हैं जिसमें इंडस्ट्रियल डिजाइन, कंप्यूटर साइंस, एयरोनॉटिक्स, ऑटोमेटिव इंजिनियरिंग, रोबोटिक्स, एनवायरमेंट साइंस आदि शामिल है।स्थिरता यहां शिक्षा का हिस्सा है और स्वीडन के आउटडोर एक्सरसाइज, आउटडोर एजुकेशन और प्रकृति के संरक्षण से जुड़ा हुआ है। यहां सभी को समान माना जाता है और चीजों को पूरा करने में सभी का समान योगदान माना जाता है। स्वीडन में पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों को यहां के पढ़ाई के माहौल के बारें में जानकारी हासिल करने आना चाहिए जिसके बारे में किताबों से पता नहीं चलता।

### पढ़ाई का खर्च

स्वीडन में पढ़ाई को लेकर औसत खर्च की बात करें तो यह 50,000-1,20,000 सालाना स्वीडिश क्रोन पड़ता है। एक स्विडिश क्रोन भारत के करीब 7 रुपए के बराबर होता है। पढ़ाई का खर्च आपकी यूनिवर्सिटी और कोर्स पर भी निर्भर करता है। यहां पढ़ाई के दौरान काम करने की कोई लिमिट नहीं है। आप पढ़ाई के दौरान जब तक चाहे काम कर सकते हैं।

### वीजा के नियम

पढ़ाई खत्म होने के बाद छात्र नौकरी ढूंढने के लिए अगले छह महीनों तक स्वीडन में रुक सकते हैं। अगर उन्हें नौकरी मिल जाती है तो आमतौर पर कंपनियां उन्हें स्थायी कर्मचारी बनाने के लिए इमिग्रेशन में मदद करती है।

### संस्कृति

स्वीडन में घुलना मिलना काफी आसान होता है। लगभग सभी मास्टर्स प्रोग्राम इंगलिश में कराए जाते हैं और कई यूनिवर्सिटिज में इंडियन क्लब और सोसायटी भी होती हैं। भोजन की यहां दिक्कत नहीं होती क्योंकि यहां अधिकतर शाकाहारी भोजन पसंद किया जाता है।

स्वीडन में ठंड होती है लेकिन उन्नत किस्म का इंफ्रास्ट्रक्चर इस परेशानी को कम कर देता है। 'स्वीडन में कहा जाता है कि खराब मौसम जैसा कुछ नहीं होता बल्कि खराब कपड़े पहनना परेशानी का कारण होता है।

## सोशल सांइस में हैं नौकरियों की अपार संभावनाएं

**अगर आप भी सोशल साइंस में दिलचस्पी रखते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सोशल साइंस की पढ़ाई के बाद किन क्षेत्रों में अपना कॅरियर बना सकते हैं।**

आज के समय में लोग अपने कॅरियर को लेकर काफी परेशान रहते हैं। अगर आप भी सोशल साइंस में दिलचस्पी रखते हैं, तो आप इस फील्ड में काफी शानदार कॅरियर बना सकते हैं। बता दें कि सोशल साइंस के फील्ड को काफी बड़ा माना जाता है। इस फील्ड में पढ़ाई के बाद नौकरियों की अपार संभावनाएं आपके सामने होती हैं। ऐसे में अगर आप भी सोशल साइंस में दिलचस्पी रखते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सोशल साइंस की पढ़ाई के बाद किन क्षेत्रों में अपना कॅरियर बना सकते हैं।

**सिविल सेवा** - सोशल साइंस ग्रेजुएट स्टूडेंट्स के लिए सिविल सेवा सबसे कॉमन कॅरियर ऑप्शन है। किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएशन करने के बाद आप सिविल सेवा की परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

**इकोनॉमिस्ट** - आमतौर पर उत्पादों और सेवाओं की डिमांड और सप्लाई के आंकड़ों की जांच इकोनॉमिस्ट करता है। इकोनॉमिस्ट इकोनॉमिक डेवलपमेंट, टैक्स रेट और बिजनेस साइकल जैसे क्षेत्रों में मात्रात्मक और गुणात्मक रिसर्च करते हैं। अगर आप अर्थशास्त्र में अच्छी खासी रुचि रखते हैं, तो आप सोशल साइंस से ग्रेजुएशन कर सकते हैं।

**पॉलिटिकल साइंटिस्ट** - पॉलिटिकल साइंटिस्ट पॉलिसी, पॉलिटिकल ट्रेंड और आइडिया पॉलिसी को समझने के लिए गुणात्मक और मात्रात्मक रिसर्च की सहायता लेता है। ज्यादातर पॉलिटिकल साइंटिस्ट थिंक टैंक, शैक्षणिक संस्थानों, राजनीतिक वैज्ञानिक सरकारी विभागों के साथ-साथ गैर-लाभकारी संगठनों के भीतर काम करते हैं।

**ऑर्गनाइजेशनल साइकोलॉजिस्ट** - सोशल साइंस ग्रेजुएट के लिए ऑर्गनाइजेशनल साइकोलॉजिस्ट एक उभरता हुआ कॅरियर ऑप्शन है। यह ऑर्गनाइजेशन वर्कप्लेस में ह्यूमन बिहेवियर को स्टडी करने का काम करते हैं। इस फील्ड के एक्सपर्ट मैनेजमेंट के साथ सहयोग कर कंपनी में स्टाफ की हायरिंग और ट्रेनिंग का काम भी करते हैं।

**रिसर्चर** - ग्रेजुएशन करने के बाद स्टूडेंट पोस्ट ग्रेजुएशन और रिसर्च कोर्स के लिए आप एकेडमिक पढ़ाई को जारी रख सकते हैं। इसके अलावा ग्रेजुएट एक सर्वे रिसर्चर के तौर पर भी अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

**अर्बन एंड रीजनल प्लानर** - सोशल साइंस ग्रेजुएट करने वाले छात्र अर्बन एंड रीजनल प्लानर के तौर पर भी अपना कॅरियर बना सकते हैं। बता दें कि शहरों में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत देश के शहरीकरण ने इन प्लानर की मांग में तेजी से वृद्धि हुई है। अर्बन एंड रीजनल प्लानर यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रस्ताव और योजनाएं सभी जोनिंग, पर्यावरणीय नियमों और बिल्डिंग कोड को पूरा करते हैं।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

# ऐतिहासिक उपलब्धि : ग्लास्गो में भारतीय मुक्केबाजों का स्वर्णिम पंच

ग्लास्गो, एजेंसी

ग्लास्गो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 भारतीय मुक्केबाजी के लिए ऐतिहासिक साबित हुए। भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर कुल 10 पदक अपने नाम किए। यह राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में मुक्केबाजी में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। खेल के दसवें दिन भारतीय महिला और पुरुष मुक्केबाजों ने एक के बाद एक दमदार जीत दर्ज कर देश का गौरव बढ़ाया।

दिन की शुरुआत महिलाओं के 54 किलोग्राम वर्ग में प्रीति पवार के स्वर्ण पदक से हुई। उन्होंने कनाडा की स्कार्लेट सवाना डेलगाडो को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रीति ने तीनों राउंड में आक्रामक मुक्केबाजी करते हुए सभी पांच जजों का समर्थन हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने मलावी, नॉर्दन आयरलैंड और जाम्बिया की मुक्केबाजों को हराने के बाद फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन किया।

प्रीति की जीत के महज 15 मिनट बाद जैस्मिन लंबोरिया ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में नॉर्दन आयरलैंड की अनुभवी मुक्केबाज मिकेला वॉल्श को 5-0 से हराकर भारत के लिए एक और स्वर्ण पदक जीत लिया। पहले राउंड में मामूली बढ़त लेने के बाद जैस्मिन ने अगले दोनों राउंड में पूरी तरह दबदबा बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।

## महिला मुक्केबाजों का स्वर्णिम जलवा

भारतीय महिला मुक्केबाजों ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। साक्षी चौधरी ने 51 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में इंग्लैंड की रुबी व्हाइट को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, 60 किलोग्राम वर्ग में प्रिया धनखड़ ने पहला राउंड गंवाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए कनाडा की मैरी बायेल अल अहमदी को 4-1 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। महिलाओं के 70 किलोग्राम वर्ग में अरुंधति चौधरी ने इंग्लैंड की वेटेले रीड को 5-0 से हराकर एक और स्वर्ण भारत की झोली में डाला। हालांकि ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन 75 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की एम्मा सुई रीनट्टी से 1-4 से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### पुरुष मुक्केबाजों ने भी दिखाया दम

पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच ने 60 किलोग्राम फाइनल में नामीबिया के ट्राईगेन मॉर्निंग नदेवेलो को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। मुकाबले के अंतिम क्षणों में लगाए गए उनके जोरदार पंच ने मैच का रुख बदल दिया। 80 किलोग्राम वर्ग में अंकुश ने इंग्लैंड के डिमेजी शिहु को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, 55 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में जादूमणि सिंह को ऑस्ट्रेलिया के ज़ाई डिक्सन के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक मिला। सुपर हैवीवेट 90+ किलोग्राम वर्ग में नरेंद्र भी इंग्लैंड के डमार थॉमस से हार गए और रजत पदक के साथ अभियान समाप्त किया।

### भारत ने रचा नया कीर्तिमान

भारतीय मुक्केबाजों ने ग्लास्गो में सात स्वर्ण और तीन रजत सहित कुल 10 पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह कॉमनवेल्थ गेम्स में मुक्केबाजी में भारत का सबसे सफल अभियान साबित हुआ। महिला और पुरुष दोनों वर्गों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक, आक्रामक खेल और दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया को भारतीय मुक्केबाजी की नई ताकत का अहसास कराया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल भारत की पदक तालिका को मजबूत किया, बल्कि भविष्य के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए भी भारतीय मुक्केबाजी को नई पहचान दिलाई।

# पाक कप्तान से गले मिलीं इंडिया की स्टार क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिग्स

### मैदान पर जीती खेल भावना...

साउथम्प्टन, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबले हमेशा रोमांच के साथ भावनाओं से भी जुड़े रहे हैं। पिछले कुछ समय में दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव का असर क्रिकेट मैदान पर भी दिखाई देता रहा, जहां कई अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच पारंपरिक अभिवादन को लेकर चर्चाएं हुईं। ऐसे माहौल के बीच इंग्लैंड में खेली जा रही द हंड्रेड महिला लीग से सामने आई एक तस्वीर ने खेल प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना मैच के बाद न सिर्फ हाथ मिलाती नजर आईं, बल्कि दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाकर खेल भावना का खूबसूरत संदेश भी दिया।

साउथम्प्टन के द रोज बाउल मैदान पर खेले गए मुकाबले में सदर्न ब्रेव्स ने वर्सिघम फीनिक्स को 24 रन से हराया। मैच समाप्त होने के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक-दूसरे से मिले, तब जेमिमा रोड्रिग्स और फातिमा सना की मुलाकात सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बन गई। दोनों खिलाड़ियों ने मुस्कुराते हुए हाथ मिलाया और फिर गले लगकर एक-दूसरे का सम्मान किया। कुछ ही पलों का यह दृश्य कैमरे में कैद हुआ और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया।

### हाल के वर्षों में रही अलग तस्वीर

इस तस्वीर की चर्चा इसलिए भी ज्यादा हो रही है क्योंकि पिछले कुछ अंतरराष्ट्रीय भारत-पाकिस्तान मुकाबलों में दोनों देशों के कप्तानों के बीच पारंपरिक हाथ मिलाने की तस्वीरें देखने को नहीं मिली थीं। वर्ष 2025 के एशिया कप से इस विषय ने विशेष चर्चा बटोरी, जब मैच से पहले और बाद में दोनों टीमों के कप्तानों के बीच औपचारिक अभिवादन नहीं हुआ। इसके बाद भी कई बड़े टूर्नामेंटों में ऐसा ही देखने को मिला। अंडर-19 विश्व कप 2026 में भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे और पाकिस्तान के फरहान यूसुफ के बीच टॉस के दौरान हाथ नहीं मिलाने की चर्चा रही। इसके बाद पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में सूर्यकुमार यादव और सलमान अली आगा, जबकि महिला टी-20 विश्व कप में हरमनप्रीत कौर और फातिमा सना के बीच भी पारंपरिक अभिवादन नहीं हुआ था। इन घटनाओं ने खेल जगत में काफी बहस छेड़ी थी।

# पिता का सपना, बेटी का सुनहरा वादा... आंसुओं के साथ अस्मिता ने रचा इतिहास

### सात महीने पहले पिता को खोने का दर्द, खेल छोड़ने तक का आया था ख्याल...

नई दिल्ली, एजेंसी

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत की 23 वर्षीय जूडो खिलाड़ी अस्मिता डे ने सिर्फ स्वर्ण पदक ही नहीं जीता, बल्कि संघर्ष, हौसले और पिता के अधूरे सपने को पूरा करने की ऐसी कहानी लिख दी, जिसने पूरे देश को भावुक कर दिया। महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में कनाडा की हाइडी क्वाच को हराकर अस्मिता ने भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास का पहला जूडो स्वर्ण पदक दिलाया। यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि इसके पीछे दर्द, त्याग और अटूट विश्वास की लंबी कहानी छिपी थी। त्रिपुरा के दक्षिण त्रिपुरा जिले के

खेलोनिया की रहने वाली अस्मिता के जीवन में सात महीने पहले ऐसा दुख आया, जिसने उन्हें अंदर तक तोड़ दिया। उनके पिता का निधन हो गया और यही वह पल था जब उन्हें लगा कि अब जिंदगी और खेल दोनों थम गए हैं। अस्मिता ने स्वीकार किया कि वह मानसिक रूप से इतनी टूट चुकी थीं कि जूडो छोड़ने तक का विचार उनके मन में आने लगा था। उन्हें लगने लगा था कि अब वह अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाएंगी।

### परिवार और कोच बने सबसे बड़ी ताकत

मुश्किल वक्त में उनके परिवार, कोच और साथियों ने उन्हें संभाला। सभी ने उन्हें याद दिलाया कि उनके पिता हमेशा उन्हें देश के लिए स्वर्ण पदक जीतते देखना चाहते थे। यही बात अस्मिता की सबसे बड़ी प्रेरणा बन गई। उन्होंने खुद को फिर से तैयार किया, पहले से ज्यादा मेहनत की और हर अभ्यास के साथ अपने पिता के सपने को लक्ष्य बना लिया। ग्लास्गो में खेले गए फाइनल मुकाबले में कनाडा की अनुभवी खिलाड़ी हाइडी क्वाच ने अस्मिता को कड़ी चुनौती दी। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और गोल्डन स्कोर तक पहुंच गया। दबाव के इस सबसे कठिन पल में भारतीय खिलाड़ी ने संयम, शानदार

# कुलदीप की फिरकी का इंग्लैंड में जलवा, बेन स्टोक्स भी हुए बेबस; यॉर्कशायर को दिलाई शानदार जीत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने इंग्लैंड के मेट्रो बैंक वन-डेकप में अपनी शानदार गेंदबाजी से एक बार फिर सुर्खियां बटोर ली हैं। काउंटी क्रिकेट में यॉर्कशायर का प्रतिनिधित्व कर रहे कुलदीप ने डरहम के खिलाफ बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स का बड़ा विकेट हासिल किया। उनकी चेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत यॉर्कशायर ने मुकाबला सात विकेट से जीतकर टूर्नामेंट में अहम अंक अपने नाम किए।

कुलदीप यादव ने अपने पूरे स्पेल में शानदार अनुशासन और नियंत्रण का प्रदर्शन किया। उन्होंने 10 ओवर में महज 23 रन खर्च करते हुए दो विकेट झटके। उनकी 2.30 की इकोनॉमी रेट इस बात का प्रमाण रही कि उन्होंने डरहम के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का कोई

मौका नहीं दिया। बीच के ओवरों में उन्होंने लगातार दबाव बनाकर विपक्षी टीम की रन गति पर पूरी तरह ब्रेक लगा दिया। मुकाबले का सबसे यादगार पल तब आया जब कुलदीप यादव ने बेन स्टोक्स को अपनी चतुराई भरी गेंद पर



आउट कर दिया। स्टोक्स शुरुआत से ही संघर्ष करते नजर आए और 39 गेंदों पर सिर्फ 12 रन ही बना सके। कुलदीप की घूमती गेंद पर स्टोक्स ने रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का सही संपर्क नहीं कर सकी। कैकलर्ड

### टीम इंडिया के लिए सकारात्मक संकेत

कुलदीप यादव की शानदार लय भारतीय टीम के लिए भी राहत की खबर है। विदेशी परिस्थितियों में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन यह दिखाता है कि वह बड़े मुकाबलों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आगामी अंतरराष्ट्रीय सीरीज और बड़े टूर्नामेंटों से पहले उनका फॉर्म में होना टीम इंडिया के स्पिन आक्रमण को मजबूती देगा। कुलदीप ने एक बार फिर साबित किया कि उनकी कलाई की फिरकी आज भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।

प्वाइंट पर मौजूद जॉर्ज हिल ने आसान कैच लपककर स्टोक्स की पारी का अंत कर दिया।

# हार्दिक पंड्या ने सिर मुंड़वाया, तिरूपति बालाजी के दर्शन किए

### गर्लफ्रेंड महिका शर्मा भी साथ, आईपीएल के बाद से कोई मैच नहीं खेला है

एजेंसी तिरुमाला

भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने रविवार को तिरुमाला के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति बालाजी) में पूजा-अर्चना की। इस दौरान हार्दिक सिर मुंडवाए हुए थे। हार्दिक के साथ उनकी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा भी मौजूद थीं। मंदिर में दर्शन के दौरान हार्दिक और माहिका दोनों ही पारंपरिक सफेद कपड़ों में दिखाई दिए।

### तिरुपति मंदिर में बाल दान करने की परंपरा

तिरुपति मंदिर में श्रद्धालु भगवान वेंकटेश्वर के प्रति अपनी आस्था जताने और मनोकामना पूरी होने पर या उसके लिए प्रार्थना करते हुए मुंडन कराते हैं।

हर साल लाखों लोग यहां अपने बाल दान करते हैं। बाद में इन बालों की नीलामी की जाती है और उससे मिलने वाली आय का उपयोग मंदिर के संचालन और अन्य सामाजिक-धार्मिक कार्यों में किया जाता है।

### हार्दिक आईपीएल 2026 के बाद से कोई मैच नहीं खेले

हार्दिक चोट से उबरकर वापसी की कोशिश कर रहे हैं। हार्दिक पंड्या ढक्क2026 के बाद से चोट के कारण क्रिकेट से दूर हैं। पहले उन्हें पीठ में अकड़न की समस्या हुई, फिर जांघ की चोट ने उनकी वापसी टाल दी।

आईपीएल 2026 में उन्होंने मुंबई इंडियंस की कप्तानी की थी, लेकिन पांच बार की चैंपियन टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी।

अफगानिस्तान, इंग्लैंड और जिम्बाब्वे दौरे से भी रहे बाहर

चोट के कारण हार्दिक अफगानिस्तान के खिलाफ लिमिटेड ओवर सीरीज, इंग्लैंड दौरे की वनडे और टी-20 सीरीज तथा जिम्बाब्वे के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज भी नहीं खेल सके।

उन्होंने आईपीएल 2026 के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। ऐसे में माना जा रहा है कि तिरुमाला में पूजा-अर्चना के साथ वह अब मैदान पर वापसी की तैयारियों में जुट गए हैं।

### हार्दिक पंड्या के मुंबई इंडियंस छोड़ने की भी चर्चा

हार्दिक पंड्या ने मुंबई इंडियंस छोड़ने की चर्चा चल रही है। हालांकि, अभी तक इस बारे में अधिकारिक बयान नही आया है। पंड्या 2015 से 2021 तक रूह्ब की ओर से खेले थे। इसके बाद उन्होंने टीम छोड़ दी और दो साल (2022 और 2023) गुजरात टाइटंस की कप्तानी की।

2024 में उनकी मुंबई में वापसी हुई और उन्हें रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया। 2024 में मुंबई 10वें और आखिरी स्थान पर रही। 2025 में टीम प्लेऑफ में पहुंची लेकिन खिताब नहीं जीत पाई। इन दोनों सीजन के दौरान और उसके बाद खबरें आई कि पंड्या मुंबई छोड़ सकते हैं या मुंबई उनसे कप्तानी छीन सकती है। इस बार भी ऐसी ही खबरें आ रही हैं।

### आईपीएल 2027 ट्रेड विंडो से पहले मुंबई इंडियंस का रिव्यू:कप्तान हार्दिक पंड्या के ट्रेड पर फेंचाइजी बोली- अभी ट्रेड पर कोई बातचीत नहीं

आईपीएल 2026 में निराशाजनक सीजन के बाद मुंबई इंडियंस अपने स्क्वॉड का रिव्यू कर रही है। इससे पहले कप्तान हार्दिक पंड्या ट्रेड विंडो की सबसे बड़ी चर्चा बन गए हैं। कई रिपोर्ट्स में कहा गया था कि हार्दिक ट्रेड हो सकते हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी ट्रेड की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

# जसप्रीत बुमराह श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर:घुटने की चोट से उबर नहीं पाए, 15 अगस्त से खेली जाएगी सीरीज

एजेंसी नई दिल्ली

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। सीरीज का पहला मैच 15 अगस्त से गॉल में खेला जाएगा।

बुमराह बाएं घुटने की चोट से उबर रहे थे। बेंगलुरु में मौजूद बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में उनका रिहैबिलिटेशन चल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक बोर्ड की मेडिकल टीम ने उन्हें अभी वापसी न करने की सलाह दी है। उन्हें पूरी तरह ठीक होने तक आराम करने को कहा गया है।

हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। वे सीरीज के आखिरी वनडे में नहीं खेल सके थे।

### 15 सदस्यीय टीम में शामिल थे

32 साल के बुमराह को मंगलवार को भारत की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर था। क्कढ्ढ की रिपोर्ट में कहा गया था कि बुमराह श्रीलंका सीरीज के लिए फिट हो जाएंगे।

सिराज-प्रसिद्ध भी टीम में शामिल

श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम में मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को भी जगह मिली है। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज के कंधों पर तेज गेंदबाजी का जिम्मा होगा। गुरनूर बरार भी टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने अब तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है।

### बुमराह ने श्रीलंका के खिलाफ 2 टेस्ट खेले

बुमराह ने श्रीलंका के खिलाफ 2 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 9.00 की औसत के साथ उन्होंने कुल 10 विकेट लिए हैं। एक पारी में 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। उन्होंने श्रीलंका की धरती पर अब तक कोई टेस्ट नहीं खेला है। बुमराह ने अपने टेस्ट करियर में 234 विकेट लिए हैं।

### भारत को 18 साल से नहीं हरा सका श्रीलंका

भारत और श्रीलंका के बीच अब तक 17 टेस्ट सीरीज खेली गई हैं। इनमें टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहा है। भारत ने 10 सीरीज जीती हैं, जबकि श्रीलंका को 3 में जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच 4 सीरीज ड्रॉ रही हैं।

श्रीलंका पिछले छह सीरीज से भारत को नहीं हरा सका है। उसने भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट सीरीज जीत 2008 में दर्ज की थी, यानी उसे करीब 18 साल से भारत के खिलाफ सीरीज जीत का इंतजार है।

# क्षत्रिय गौरव मंच के कार्यक्रम में सामाजिक एकता व महिलाओं की भूमिका पर हुई चर्चा

रफ्तार मीडिया संवाददाता

**रांची :** रांची के पुराना विधानसभा परिसर में रविवार को क्षत्रिय गौरव मंच द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूनम सिंह ने की। अतिथियों का स्वागत मां दुर्गा की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रांची वीमेंस कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. विनीता सिंह ने अपने संबोधन में महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और पारिवारिक मूल्यों का महत्व बताया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि 12वीं के बाद विवाह होने और ग्रामीण परिवेश में जाने के बावजूद उन्होंने पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखी। उन्होंने कहा कि बेटियों को मायके और ससुराल दोनों के बीच सामंजस्य स्थापित कर आगे बढ़ना चाहिए तथा स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ स्वच्छंदता नहीं है।

**सामाजिक एकजूटता और महिला सशक्तिकरण पर दिया गया संदेश**

क्षत्रिय गौरव मंच के केंद्रीय संयोजक प्रवीण सिंह ने महिलाओं के सशक्तिकरण, बच्चों में संस्कार, सामाजिक एकजुटता तथा समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के संगठन और नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण शोभा सिंह ने दिया, जबकि मंच संचालन नीतू सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पूजा सिंह ने प्रस्तुत किया। समापन सत्र में विनय सिंह ने कहा कि वर्तमान दौर की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्राचीन ज्ञान के साथ आधुनिक विज्ञान और तकनीक से भी जुड़ना आवश्यक है।

**आयोजन में 300 महिलाओं ने लिया भाग**

आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में रांची सहित विभिन्न जिलों से लगभग 300 महिलाओं ने भाग लिया और सामाजिक, शैक्षणिक तथा पारिवारिक विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर शारदा सिंह, अनीता सिंह, संतोषी शेखर, अर्चना सिंह, डॉ. रिंदा सिंह, रितु रानी सिंह, रंजना सिंह, वंदना सिंह, कुसुम लता, रेणु सिंह, गीता सिंह, सुलेखा सिंह, अलका सिंह, रवि मेहता सिंह एवं राधा सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में भूपेंद्र सिंह, रमेश सिंह, सत्यनारायण सिंह, अभिषेक सिंह, जे.पी. सिंह, जिवेश सिंह, सर्वेश सिंह, संजय सिंह, संतोष सिंह, विजय सिंह तथा अजातशत्रु सहित क्षत्रिय गौरव मंच के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राज्यस्तरीय चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक में गूंजे संथाल परगना के व्यावसायिक मुद्दे

**जामताड़ा चेंबर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने व्यापारियों की सुरक्षा, समस्याओं और आभूषण दुकानों में हुई घटनाओं का उठाया मुद्दा**

रफ्तार मीडिया संवाददाता

**जामताड़ा।** जमशेदपुर में आयोजित चेंबर ऑफ कॉमर्स की राज्यस्तरीय बैठक में संथाल परगना एवं जामताड़ा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने क्षेत्र के व्यापारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने संथाल परगना प्रमंडल और जामताड़ा जिले के व्यापारियों के समक्ष आने वाली समस्याओं को विस्तार से रखते हुए उनके त्वरित समाधान की मांग की। बैठक के दौरान संजय अग्रवाल ने कहा कि संथाल परगना क्षेत्र के व्यापारी लंबे समय से कई तरह की व्यावसायिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। व्यापारियों की सुरक्षा, व्यवसाय संचालन में आने वाली परेशानियां तथा प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक सहयोग जैसे विषयों पर गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने हाल के दिनों में जामताड़ा तथा गोड्डा में आभूषण दुकानों में हुई घटनाओं का भी उल्लेख करते हुए व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से व्यापारियों में भय का माहौल बनता है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाना चाहिए तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैठक में उपस्थित राज्यस्तरीय पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने व्यापारियों की समस्याओं पर सकारात्मक चर्चा की और आवश्यक पहल का भरोसा दिलाया। संजय अग्रवाल ने उम्मीद जताई कि राज्यस्तर पर उठाए गए इन मुद्दों पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई होगी, जिससे संथाल परगना सहित जामताड़ा के व्यापारियों को राहत मिलेगी और व्यापारिक वातावरण अधिक सुरक्षित एवं अनुकूल बन सकेगा।

# नन्हा सा दिल पहल के तहत बालूमाथ में हृदय जांच शिविर, चार बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की पहचान

रफ्तार मीडिया संवाददाता

**बालूमाथ/लातेहार।** जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को समय पर पहचान कर निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित ₹नन्हा सा दिल झ बाल हृदय जांच एवं उपचार₹ कार्यक्रम के तहत सोमवार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 35 बच्चों की जांच की गई, जिनमें चार बच्चों में जन्मजात हृदय रोग (सीएचडी) की पुष्टि हुई। इन सभी बच्चों को आगे निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। यह कार्यक्रम श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल द्वारा जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके), आईसीडीएस, शिक्षा विभाग तथा सीसीएल के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) सहयोग से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित बच्चों की समय पर पहचान कर उनका पूर्णतः निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करना है। शिविर में आरबीएसके के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार, बालूमाथ के मुखिया नरेश लोहरा तथा श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल की स्क्रीनिंग टीम उपस्थित रही। अस्पताल की टीम का नेतृत्व प्रोजेक्ट मैनेजर गौरव दत्ता ने किया। टीम में राधिका यादव, गुरुवारी सभ्या, गौरी एवं निशा शामिल रहीं। वहीं, हैदराबाद केंद्र से आए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. एम. साई गणेश एवं डॉ. गोनापाली वैष्णवी ने बच्चों की हृदय संबंधी जांच की। शाम तीन बजे से छह बजे तक चले इस शिविर में कुल 35 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई।

जांच के दौरान चार बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई। इन बच्चों का उपचार श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के रायपुर (छत्तीसगढ़), कोंडापाका (हैदराबाद), खारघर (नवी मुंबई) एवं पलवल (हरियाणा) स्थित केंद्रों में पूरी तरह निःशुल्क कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस अभियान के तहत अब तक लातेहार जिले के 22 बच्चों का सफल हृदय ऑपरेशन कराया जा चुका है, जबकि पूरे झारखंड में 600 से अधिक बच्चों का सफल ऑपरेशन हो चुका है। यह अभियान जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित जरूरतमंद बच्चों के लिए नई उम्मीद बनकर उभर रहा है।

**आगामी शिविरों का कार्यक्रमः**

3 अगस्त - सदर अस्पताल, लातेहार, 4 अगस्त - सदर अस्पताल, डाल्टनगंज (पलामू), 4 से 6 अगस्त - पलामू जिला, 8 एवं 9 अगस्त - हजारीबाग, 10 अगस्त - पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर)। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समय पर जांच और निःशुल्क उपचार की सुविधा से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को नया जीवन मिल रहा है।

# जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती अनियमितताओं पर एबीवीपी का सरकार पर हमला, सीबीआई जांच व आयोगों के पुनर्गठन की मांग

मोजम्मिल अंसारी

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) गढ़वा इकाई ने राज्य में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारियों की गिरफ्तारी तथा परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों की संदिग्ध भूमिका को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। परिषद ने इन मामलों की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से निष्पक्ष, समयबद्ध एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग की है। प्रेस वार्ता में राज्य विश्वविद्यालय कार्य संयोजक मंजुल शुक्ल ने कहा कि प्रदेश के लाखों युवा वर्षों की कठिन मेहनत और संघर्ष के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होते हैं। ऐसे में यदि भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं, तो यह केवल अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं बल्कि राज्य के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है।

उन्होंने कहा कि पिछले एक सप्ताह से झारखंड के हजारों युवा रांची स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन राज्य सरकार का रवैया उदासीन, असंवेदनशील और निराशाजनक बना हुआ है। युवाओं की आवाज सुनने के बजाय सरकार मौन है, जो उनके भविष्य के प्रति गैर-जिम्मेदारी को दर्शाता है। विभाग संयोजक प्रिन्स सिंह ने कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) का पुनर्गठन किया जाए तथा जिन अधिकारियों, कर्मचारियों, बिचौलियों अथवा परीक्षा संचालन एजेंसियों की भूमिका संदिग्ध या दोषपूर्ण पाई जाए, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने परीक्षा प्रणाली में तकनीकी एवं प्रशासनिक सुधार लागू कर भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद का स्पष्ट मत है कि भ्रष्टाचार, प्रश्नपत्र लीक, परीक्षा में अनियमितता और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। यदि सरकार शीघ्र केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच और झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के पुनर्गठन की दिशा में कदम नहीं उठाती है, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राज्यभर में चरणबद्ध एवं व्यापक जनआंदोलन शुरू करने को बाध्य होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। प्रेस वार्ता में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन चौबे, प्रदेश निजी विश्वविद्यालय कार्य सह संयोजक आनंद कुमार, नगर कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा जनता के स्वास्थ्य पर भी झूठ और दुष्प्रचार की राजनीति कर रही है, पहले अपने शासनकाल का हिसाब दे : सतीश पौल मुंजनी

शंकर ठाकुर

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता द्वारा 108 एम्बुलेंस सेवा और सम्मान फाउंडेशन को लेकर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह निराधार, भ्रामक और राजनीतिक साजिश का हिस्सा बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता के स्वास्थ्य जैसे गंभीर विषय को भी राजनीतिक हथियार बनाकर सस्ती राजनीति करने में लगी हुई है। सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि भाजपा नेताओं को आरोप लगाने से पहले अपने शासनकाल को याद करना चाहिए। वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत नहीं कर सकी। अस्पतालों में डॉक्टरों और संसाधनों की कमी, बदहाल एम्बुलेंस सेवा और स्वास्थ्य सुविधाओं की दुर्दशा आज भी जनता नहीं भूली है। अब जब गठबंधन सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठा रही है, तब भाजपा झूठ और भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सम्मान फाउंडेशन के चयन को लेकर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित हैं। किसी भी एजेंसी का चयन नियमों, प्रशासनिक आवश्यकता और निर्धारित प्रक्रिया के तहत होता है। यदि भाजपा के पास कोई ठोस साक्ष्य है तो उसे जांच एजेंसियों के समक्ष प्रस्तुत करे। केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मनगढ़ंत आरोप लगाना भाजपा की हताशा और राजनीतिक दिवालियापन का प्रमाण है। सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि पूर्व में 108 एम्बुलेंस सेवा में आई कमियों को दूर करने के लिए सरकार ने आवश्यक प्रशासनिक निर्णय लिए। सेवा बाधित न हो और मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए संक्रमण काल में व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए फैसले किए गए। इसे भाजपा अपने राजनीतिक चश्मे से देख रही है, जबकि सरकार का उद्देश्य केवल जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, प्रतिस्पर्धात्मक और वित्तीय नियमों के अनुरूप संचालित की जा रही है। अधिक से अधिक योग्य एजेंसियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समय बढ़ाना एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसे भाजपा जानबूझकर विवाद का विषय बना रही है। इससे स्पष्ट है कि भाजपा का उद्देश्य सुधार नहीं, बल्कि विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करना है।

सतीश पौल मुंजनी ने भाजपा से सवाल किया कि जब उसके शासनकाल में एम्बुलेंस सेवाएं बदहाल थीं, मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे थे और स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई हुई थी, तब भाजपा के नेता क्यों मौन थे? आज जब सरकार जवाबदेही के साथ कमियों को दूर कर रही है और जहां कहीं भी अनियमितता मिल रही है, वहां कार्रवाई कर रही है, तब भाजपा को परेशानी क्यों हो रही है? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित की राजनीति में विश्वास रखती है।

यदि किसी भी स्तर पर कोई अनियमितता सामने आती है तो निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। भाजपा को यह समझ लेना चाहिए कि झूठे आरोपों और दुष्प्रचार से वह अपनी राजनीतिक जमीन वापस नहीं हासिल कर सकती। अंत में सतीश पौल मुंजनी ने कहा भाजपा को जनता के स्वास्थ्य पर राजनीति करना बंद कर रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए। झारखंड की जनता अब झूठ, प्रोपेगेंडा और बेबुनियाद आरोपों से गुमराह होने वाली नहीं है। भाजपा पहले अपने शासनकाल की विफलताओं का जवाब दे, उसके बाद वर्तमान सरकार पर सवाल उठाए।

# नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव : उत्तरा विश्वास

**माय भारत जामताड़ा के द्वारा आश्रम बालिका आवासीय विद्यालय में छात्रों के बीच चलाया गया नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन भी देखा**

रफ्तार मीडिया संवाददाता

**जामताड़ा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में माय भारत जामताड़ा द्वारा रविवार को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' संकल्प अभियान के तहत आश्रम बालिका आवासीय विद्यालय, जामताड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माय भारत जामताड़ा की उपनिदेशक उत्तरा विश्वास, विद्यालय की प्राचार्या मसीर्ला मरांडी एवं अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपनिदेशक ने विद्यालय की प्राचार्या को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या मसीर्ला मरांडी ने छात्राओं से नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव हैं। वही माय भारत जामताड़ा के उपनिदेशक उत्तरा विश्वास ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में माय भारत देशभर के युवाओं को नशा मुक्त भारत के संकल्प से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को स्वयं नशा नहीं करने तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेरणादायी वर्चुअल संबोधन लाइव देखा। संबोधन के बाद नशे के दुष्प्रभाव, स्वस्थ जीवनशैली और युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से भी नशा मुक्ति का संदेश दिया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा सभी ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त युवा, विकसित भारत का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार और माय भारत जामताड़ा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर शिक्षक पवन कुमार, इंद्राणी पांडे, रुचि राजहंस, बबीता हांसदा, सुजीत कुमार, नागेंद्र मिश्रा, अंजली मिंज, मिथुन महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार कर रही लगातार प्रयास : विपिन दुबे

## जामताड़ा में चतुर्थ झारखंड राज्य आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

रफ्तार मीडिया संवाददाता

**जामताड़ा :** जामताड़ा गांधी मैदान स्थित जामताड़ा क्लब परिसर में रविवार को आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के निदेर्शानुसार एवं जामताड़ा जिला आर्म रेसलिंग संगठन के तत्वावधान में चतुर्थ झारखंड राज्य आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी विपिन दुबे, हॉकी झारखंड के संयुक्त सचिव सुरजीत झा, अतिथि लवली दुबे, अमित सिंह, अखिल झा, प्रीति कुमारी तथा आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव दीपक दुबे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में मेजबान जामताड़ा सहित धनबाद, बोकारो, गोड्डा, दुमका, देवघर, रांची, गढ़वा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां समेत राज्य के विभिन्न जिलों से 133 बालक, बालिका, पुरुष एवं महिला खिलाड़ी विभिन्न आयु और भार वर्ग में हिस्सा ले रहे हैं। वही मुख्य अतिथि विपिन दुबे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करती हैं।उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागी कड़ी मेहनत के साथ प्रतियोगिता में पहुंचे हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि सुरजीत झा ने कहा कि वर्तमान समय में खेल के क्षेत्र में युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं।

भारत सरकार और झारखंड सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने तथा उनके बेहतर भविष्य के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव दीपक दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर झारखंड की टीम का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 2 से 4 अक्टूबर तक जम्मू-कश्मीर में आयोजित 48वीं राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा गया। मौके पर अमित राय ,भास्कर चांद, सूरज कु.पासवान, बजरंग प्रियरंजन, विभाष कुमार , सौगत माहाता , विजय तिवारी, मीणा पंडित , मौसम कुमारी ,धीरज साहू, कृष सरकार, गौरांग सिंह , सोनू मल्लिक एवं मयंक पांडे ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# शोकग्रस्त परिवार पर उपद्रवियों का हमला, घर में जमकर तोड़फोड़, इलाके में दहशत

**मिहिजाम :** रूपनारायणपुर पुलिस फाड़ी क्षेत्र अंतर्गत पिठाकियारी में शनिवार देर शाम शोक में डूबे एक परिवार के घर पर उपद्रवियों द्वारा कथित हमला किए जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। आरोप है कि करीब दस युवकों ने घर पर ईंट-पत्थर बरसाते हुए मुख्य गेट, दरवाजे, खिड़कियों के शीशे, फूलों के गमले तथा पूजा कक्ष की खिड़की को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के समय घर में केवल दिवंगत चित्तरंजन रेल के सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रदीप यादव की पत्नी इंदिरा देवी और एक अन्य महिला मौजूद थीं, जिससे वे दहशत में आ गईं। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता एवं चित्तरंजन रेलवे मेंस कांग्रेस के सचिव इंद्रजीत सिंह समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर रूपनारायणपुर पुलिस फाड़ी में दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में घटना का कारण स्थानीय क्लब में कैरम खेलने को लेकर हुआ विवाद सामने आया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने निष्पक्ष जांच और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है। भाजपा मंडल अध्यक्ष चिन्मय तिवारी ने भी पुलिस से पूरे मामले की जानकारी लेकर दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई का आग्रह किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

पीआरजीआई/आरएनआई पंजीयन संख्या RNI NO. JHHIN/26/3481 स्वतत्वाधिकारी,संपादक एवं प्रकाशक गौरव कुमार, कार्यकारी संपादक अरविंद कुमार, उत्तम निवास, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, अरगोड़ा थाना के पास, हरमू, रांची, झारखंड 834002 से प्रकाशित, एसएच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, रातू काठीटांड़ नियर टेंडर बगीचा एचपी पेट्रोल पंप, पीओ रातू, रांची 835222 से मुद्रित, फोन नंबर 6203592707,ईमेल -raftaarhr@gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेवार) समस्त विवादों का क्षेत्राधिकार रांची न्यायलय रहेगा।